सूर्योदय 6:21 सूर्यास्त 5:52

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.2 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 14.8 न्यू | 27.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81381.36 |
| निफ्टी | 24964.25 |
| सोना | 74,810 |
| चांदी | 96,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 14 अक्तूबर 2024 | 29 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 298, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### जम्मू-कश्मीर और असम में आया भूकंप




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा और असम के उदलगुड़ी में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, जेएंडके के डोडा जिले में सुबह 6.14 बजे रिक्टर पैमाने पर 4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप केंद्र जमीन से 15 किलोमीटर गहराई पर था। वहीं, असम के उत्तर-मध्य हिस्से में भूकंप की तीव्रता 4.2 रही। उदलगुडी जिले में सुबह सात बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से करीब 105 किलोमीटर उत्तर और असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के समीप तेजपुर से 48 किलोमीटर पश्चिम में स्थित था।

### राष्ट्रपति मुर्मू अफ्रीकी देशों की सात दिवसीय यात्रा पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अफ्रीका के तीन देशों की 7 दिन की यात्रा पर दिल्ली से अल्जीरिया के लिए रवाना हुईं। द्रौपदी मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा पर रहेंगी। पहली बार है जब कोई भारत का राष्ट्रपति इन तीन अफ्रीकी देशों में जा रहा है। राष्ट्रपति नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी और भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगी।

### खड़गे परिवार ने कर्नाटक सरकार को लौटाई जमीन

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार ने कर्नाटक सरकार को पांच एकड़ जमीन लौटाने का फैसला किया है, जो खड़गे परिवार के सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को दी गई थी। खड़गे ने यह कदम मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी स्कैम की जांच के बीच उठाया है। पांच एकड़ जमीन खड़गे के बेटे राहुल एम खड़गे को कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरियास डेवलपमेंट बोर्ड की तरफ से बागालुर के हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क में हार्डवेयर सेक्टर में दी गई थी।

### चीन के लाइटर पुर्जों के आयात पर लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रविवार को पॉकेट लाइटर के पुर्जों पर आयात प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लगा दिया। यह कदम घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और चीन से आने वाली खेप पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना जारी कर कहा कि पॉकेट लाइटर, गैस से चलने वाले लाइटर, रिफिल न किए जाने वाले या रिफिल किए जाने वाले लाइटर (सिगरेट लाइटर) के पुर्जों का आयात तत्काल प्रभाव से बैन लगा दिया है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कांग्रेस के पास अपने मित्रों को धन की कोई कमी नहीं: बिंदल -पेज 2
- विद्युत बोर्ड के पेंशनर्स ने प्रदेश सरकार से मांगी बकाया राशि व देय भत्ते -पेज 5
- हमीरपुर भाजपा के नए रूप की बिसात बिछाने की 'चमक शुरू -पेज 6
- महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : राहुल गांधी -पेज 13
- भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जीते 3 पदक -पेज 14


# रथयात्रा के साथ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे का आगाज

## देवी-देवताओं ने अपने आराध्य के पास भरी हाजिरी, भगवान रघुनाथ के रथ की डोर खींचने के लिए दिखी होड़

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**ऐतिहासिक पल के गवाह बने हजारों लोग**

**रघुनाथ** जी की नगरी कुल्लू में रथयात्रा के साथ रविवार को दशहरा उत्सव का आगाज हो गया है। रथयात्रा में जिलेभर के सैकड़ों देवी-देवताओं ने शिरकत की।

इस अनूठे भव्य देवताओं के महाकुंभ को देखकर सभी रोमांचित हो उठे। भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ ही सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव शुरू हुआ। सभी देवी-देवताओं ने अपने आराध्य के पास हाजिरी भरी। राज परिवार की दादी कही जाने वाली माता हिडिंबा की मंजूरी और बिजली महादेव के आगमन के साथ माता भेखली (जगन्नाथी) के इशारा मिलते ही भगवान रघुनाथ का रथ मैदान पहुंचने के बाद भव्य रथयात्रा का आगाज हुआ। देवमानस के महामिलन के साथ ही सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आरंभ हो गया। पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह से चाक-चौबंद दिखी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री भी उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)



**उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी हुए शामिल**

भगवान रघुनाथ की रथयात्रा में सैकड़ों देवी-देवताओं ने शिरकत की। इस दौरान रथ की डोर खींचने के लिए उमड़े हजारों लोग।

### राज्यपाल शुक्ल ने कला केंद्र में किया उत्सव का शुभारंभ

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को कुल्लू के ढालपुर मैदान में कला केंद्र में सप्ताह भर चलने वाले अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कुल्लू के प्रसिद्ध ढालपुर मैदान में भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा में भाग भी लिया। राज्यपाल ने घाटी के लोगों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सत्य की असत्य पर जीत का परिचायक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की संस्कृति बहुत समृद्ध व अद्वितीय है, जिसकी विश्वभर में अलग पहचान है। यहां मनाए जाने वाले मेले व त्योहार प्रदेश की परंपराओं और मान्यताओं को दर्शाते हैं। आधुनिक समय में प्रदेश के लोगों ने यहां की समृद्ध संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं को संजोकर रखा है, जिसके लिए यहां के लोग प्रशंसा के पात्र हैं। इसके उपरांत राज्यपाल ने विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों व अन्य गैर-सरकारी संस्थानों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और स्टालों पर जाकर विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया।

### जोगेश्वर महादेव 25 साल बाद उत्सव में पहुंचे

**दशहरा** उत्सव में इस बार जिला प्रशासन के निमंत्रण पर आनी के शमशर महादेव 10 साल के बाद दशहरा उत्सव में पहुंचे। आनी के ही दलाश क्षेत्र के जोगेश्वर महादेव 25 साल बाद उत्सव में पहुंचे हैं। वहीं, जिले के करीब 14 अन्य देवी-देवता भी उत्सव में हाजिरी भरी है।

### ढोल-नगाड़ों से गूंजी देव घाटी, जय श्रीराम के उद्घोष

**ढोल**-नगाड़ों की गूंज के साथ देव घाटी गूंज उठी है। ढोल नगाड़ों और नरसिंगों, शहनाई की स्वरलहरियों के साथ ही जय श्रीराम के उद्घोष के बीच सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ रथ के रस्सी को खींचकर पुण्य कमाया।

### बालू नाग व श्रृंगा ऋषि का हुआ मिलन, यात्रा में नहीं हुए शामिल

**धूर** विवाद के चलते पुलिस के पहरे में रहने वाले बंजार घाटी के देवता बालू नाग और श्रृंगा ऋषि इस बार भी रथयात्रा में शामिल नहीं हुए। मेले में पहुंचते ही दोनों को पुलिस के पहरे में रखा गया है। हालांकि, दोनों ने भगवान रघुनाथ के दर जाकर दिन के समय ही शीश नवाया। बीच रास्ते में जब देवता बालू नाग जा रहे थे तो श्रृंगा ऋषि बीच रास्ते में मिले। दोनों का भव्य देवमिलन ढालपुर के रास्ते में हुआ। इसके बाद दोनों देवता अपने-अपने मार्ग की ओर बढ़ गए।

### धुंबल नाग ने किया रास्ता साफ

**देवता** धुंबल नाग भगवान रघुनाथ के पहुंचने से पहले रथ मैदान में पहुंचे। उन्होंने जब भगवान रघुनाथ के आने का समय हुआ, तो रास्ते को साफ किया और व्यवधान हटाए। उन्होंने रथयात्रा के दौरान भी रथ के आगे चलकर ट्रैफिक को हटाया। इस कारण उनको भगवान रघुनाथ जी का पायलट और रथयात्रा के दौरान ट्रैफिक को कंट्रोल करने वाला डीएसपी भी कहा जाता है।

# दो सड़क हादसों में चार युवकों की मौत

## शिमला के चक्कर और ऊना जिले के कोटला खास हाईवे पर पेश आए हादसे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना/शिमला**

**ऊना** जिले की डोहगी पंचायत के कोटला खास मुख्य हाईवे पर रविवार सुबह बाइक की ट्रक के साथ टक्कर हो गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दो युवक बंगाणा की ओर पेट्रोल भरवाने जा रहे थे।

मृतकों की पहचान सागर पुत्र रविंद्र कुमार निवासी बैरी और दनिश पुत्र राज कुमार निवासी धुंदला के रूप में हुई है। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों किशोर



बाइक समेत ट्रक के नीचे फंस गए। दोनों युवकों को स्थानीय लोगों ने ट्रक के नीचे से निकालकर बंगाणा अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सागर कक्षा 12 का छात्र था, जबकि दनिश आईटीआई प्रशिक्षु था। दोनों दोस्त थे। कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि ट्रक चालक संजीव कुमार निवासी बड़सर, हमीरपुर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, शिमला के चक्कर के पास शनिवार देर रात को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। घायल युवक का आईजीएमसी में उपचार जारी है। मृतक युवकों की पहचान गाड़ी चालक अजय व विशाल के रूप में हुई है। तीसरा युवक कपिल गंभीर रूप से जख्मी हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लॉरेंस गैंग ने ली सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी

## पोस्ट में लिखा सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री की शनिवार रात को गोली मारकर की थी हत्या**

**मुंबई** में एनसीपी (अजित गुट) के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के 28 घंटे बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट डालकर हत्या की जिम्मेदारी ली।

पोस्ट में लिखा कि सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को छोड़ेंगे नहीं। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया है। पुलिस इस पोस्ट की जांच कर रही है। लॉरेंस अभी गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। वहीं, सलमान खान की सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है। हरियाणा और यूपी के शूटर्स ने हत्या की है। 3 शूटर्स में से 2 को पुलिस ने अरेस्ट किया है व एक फरार है। एक शूटर हरियाणा और 2 उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले हैं। ये 40 दिन से मुंबई में ही ठहरे थे और सिद्दीकी के घर और बेटे के ऑफिस की रेकी कर रहे थे। वहीं, सलमान खान ने राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### एक आरोपी को 21 तक पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई** की एक अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में गिरफ्तार दो में से एक आरोपी को रविवार को 21 अक्तूबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। अदालत ने पुलिस को दूसरे आरोपी की उम्र पता लगाने के लिए उसका अस्थि परीक्षण कराने का निर्देश दिया, क्योंकि उसने नाबालिग होने का दावा किया है।

# जयराम सरकार ने प्रदेश पर डाला था 85 हजार करोड़ का बोझ : सुक्खू

## सीएम बोले- देश में एक चुनाव बैलेट पेपर पर हो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार ने प्रदेश पर 85 हजार करोड़ का कर्ज और कर्मचारियों की 10 हजार करोड़ की छठे वेतन आयोग की लायबिलिटी छोड़ी है।

कर्ज के बाद कर्ज की अदायगी भी होती है, उसके लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। सुक्खू ने एक चैनल में साक्षात्कार में दावा किया कि वह व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ सत्ता में आए हैं। सुक्खू ने देश में एक बार बैलेट पर चुनाव करवाने की वकालत की है। सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार 2029 में एक देश एक चुनाव की बात कर रही है। यह चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से करवाएं, तो सारा शक दूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह युवा है बोलने का अधिकार है, अभी सीख रहे हैं।

# पीएम गतिशक्ति भारत के बुनियादी ढांचे में परिवर्तनकारी पहल : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के 3 साल पूरे होने पर की सराहना**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 13 अक्तूबर 2021 को शुरू पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) के तीन साल पूरे होने पर सराहना की है।

उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। पीएम गतिशक्ति आर्थिक वृद्धि और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है, जो सात 'इंजनों'-रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे की ओर से संचालित है। पीएम ने 'एक्स' पर कहा विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कि पीएम गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

# हिमाचल में दिन में गर्मी और रात को बढ़ा ठंड का प्रकोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**24 घंटों में न्यूनतम तापमान में -1.1 डिग्री आई गिरावट**

**प्रदेश** में अभी बारिश के कोई आसार नहीं है। दिन में गर्मी और रात में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में सामान्य से 91 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।

प्रदेश के 7 जिलों में बारिश लगभग शून्य रही है। इसके चलते प्रदेश के मैदानी इलाकों में ठंड और कोहरा लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में सामान्य से -1.1 डिग्री से ज्यादा की गिरावट आई है। प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से -1.2 डिग्री नीचे चला गया है। 24 घंटों में पांवटा साहिब और जुब्बड़हट्टी के तापमान में सबसे ज्यादा 3 डिग्री की गिरावट आई है। प्रदेश के 5 शहरों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया है। केलांग का तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है।

**निर्माण** 120 दिन में तैयार होगा जमीन से 161 फुट ऊंचा शिखर, दरबार में स्थापित की जाएंगी बैठी हुई मूर्तियां

# राम मंदिर का शिखर चौकोर नहीं, अष्टकोणीय बनेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर के शिखर का निर्माण नवरात्र के पहले दिन से शुरू हो गया है। यह शिखर 161 फुट ऊंचा होगा और इसे 120 दिन में तैयार किया जाएगा। नागर शैली में बनने वाला शिखर अष्टकोणीय होगा। खास बात यह है कि यह पहला राम मंदिर है, जिसका शिखर अष्टकोणीय है। राम मंदिर का शिखर आमतौर पर चतुष्कोणीय (चार दिशाओं वाला) होता है, लेकिन यह अष्टकोणीय होगा। यह डिजाइन भगवान विष्णु के कमल के आसन से प्रेरित है, जो भी अष्टकोणीय है। पुरातत्व विभाग की खुदाई के दौरान पता चला था कि मंदिर का गर्भगृह भी अष्टकोणीय है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई सुरक्षित है। इसके डिजाइन में विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि यह भूकंप जैसी आपदाओं का सामना कर सके। शिखर को रिक्टर स्केल पर 8-10 तीव्रता के भूकंप में भी सुरक्षित रहने के लिए तैयार किया गया है। यदि आवश्यकता पड़ी, तो इसकी ऊंचाई को बढ़ाया भी जा सकता है। नागर शैली के मंदिरों में संरचना की मजबूती का ध्यान दोगुना रखा जाता है।



**8 से 10 तीव्रता का भूकंप आने पर भी सुरक्षित रहेगा शिखर**

### 29 लेयर में बनेगा भव्य शिखर




राम मंदिर नींव की तरह शिखर निर्माण भी वन बाई वन लेयर में किया जा रहा है। 29 लेयर में भव्य शिखर बनेगा। 29 प्वॉइंट की लेयर के बाद अंतिम बिंदु का स्पर्श होगा। शिखर की घुमावदार परिधि/व्यास नीचे से ऊपर बढ़ते क्रम में घटती जाएगी।

### पांच टन वजन का ध्वज स्तंभ भी होगा स्थापित

**पांच** टन वजन का ध्वज स्तंभ भी स्थापित किया जाएगा। इस पर राम मंदिर की पताका फहराएगी। शिखर निर्माण के बारे में राम मंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा ने बताया कि निर्माण में स्थापत्य कला का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। शिखर मार्च 2025 से पहले बनकर तैयार हो जाएगा।

### लद्दाख भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 20 लोग लिए हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लद्दाख भवन के बाहर प्रदर्शन करने को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और 20 अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। वांगचुक और उनके साथ अनशन कर रहे करीब 20 से 25 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है एवं उन्हें मंदिर मार्ग थाने ले जाया गया। वहीं, दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए गए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं। इस बीच, वांगचुक ने वीडियो संदेश में कहा कि उनके कई समर्थकों को हिरासत में ले लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 17 से चीखर में होगी श्रीमद् भागवत कथा

**जुन्गा (शिमला)।** विश्व शांति के लिए ग्राम पंचायत सतलाई के चीखर के खेल मैदान में आगामी 17 से 24 अक्टूबर तक श्रीमद् भगवत महापुराण कथा एवं पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक एवं प्रकांड विद्वान विजय भारद्वाज व्यास की भूमिका निभाएंगे। इसके अतिरिक्त इस महायज्ञ में 21 पंडित भी इस महायज्ञ में विभिन्न संस्कारों को करवाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी समिति के पदाधिकारी राजेंद्र शर्मा, नेत्र सिंह ठाकुर और रामस्वरूप शर्मा ने दी है। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि यह भागवत पाठ और महायज्ञ प्राकृतिक षटदोष जैसे भूकंप, भूचाल, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, महामारी, असाध्य रोग, भूत प्रेत पीड़ा निवारण और विश्व शांति के लिए किए जा रहे है। इस महायज्ञ में विभिन्न के संस्कार भी करवाए जाएंगे जिनमें बच्चे का नामकरण, अन्नप्राशन, चूड़ाकरण, कर्णभेद, यज्ञोपवीत, प्रौढ़ विवाह संस्कार, विशेष व्रत उद्यापन जिसमें पूर्णमासी, करवा चौथ, सत्यवारों के व्रत के उद्यापन भी निशुल्क किए जाएंगे। महायज्ञ में उदारता से अंशदान करने की लोगों से अपील की है।

### चिड़गांव में 15 को लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़गांव में आगामी 15 अक्तूबर को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर मे आम लोगो को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। बीएमओ चिड़गांव डॉ. रोहित धवन ने बताया कि इस आयुष्मान आरोग्य शिविर में आईजीएमसी शिमला से आंख विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कान, नाक गला रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि चिड़गांव ब्लॉक में अधिकतर लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते है जो अति दुर्गम होने के कारण आम लोगो को घरद्वार पर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को इस शिविर का लाभ मिल सके। बीएमओ ने लोगों से अपील की है कि आगामी स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आगामी दिनों में स्वास्थ्य खंड चिड़गांव के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में लगाएं जाएंगे जिसमें लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ मिल पाएगा।

### मस्जिद विवाद के बाद संजौली में अब माहौल शांत

**शिमला।** संजौली मस्जिद में कथित अवैध निर्माण को पैदा हुए तनाव के एक माह बाद अब माहौल सामान्य होने लगा है। पुलिस ने यहां तैनात जवानों की संख्या भी बहुत कम कर दी है। 11 सितंबर को संजौली बाजार में हिंसक प्रदर्शन के बाद से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। पूरे मामले को लेकर जब दोनों समुदायों के कारोबारियों से बात की गई तो सबका यही कहना था कि अब यह विवाद खत्म होना चाहिए। मुस्लिम समुदाय के कारोबारियों के चेहरों पर पूरे विवाद को लेकर चिंता साफ नजर आ रही थी। संजौली में सब्जी और फलों की दुकान चलाने वाले आजम ने बताया कि उनका परिवार वर्ष 1967 से संजौली में रह रहा है। संजौली में 11 सितंबर को हुए उग्र प्रदर्शन के बाद लगातार एक महीने से मस्जिद जाने वाले सभी मार्गों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा है। इस दौरान बिना पूछताछ के किसी को भी जाने की अनुमति नहीं थी लेकिन शनिवार को संजौली बाजार में पुलिस काफी कम संख्या में नजर आई। वहीं मस्जिद जाने वाले मुख्य मार्ग से भी बैरिकेड भी हटाए दिए हैं। हालांकि दो मार्गों पर बैरिकेड अभी लगा रखे हैं। इनमें से एक मार्ग पर एक पुलिस कर्मी तैनात था। मस्जिद के बाहर तीन से चार पुलिस कर्मचारी तैनात हैं।

### त्योहारी सीजन में महंगाई ने बिगाड़ा किचन का बजट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** त्योहारी सीजन में महंगी सब्जियों की मार से न केवल गृहिणियों के किचन का बजट बिगड़ गया है, अपितु तड़के का जायका भी फीका होने लगा है। मटर, फूलगोभी व पालक तो 100 रुपए प्रतिकिलो की दर पर पहुंच गए हैं। फ्रासबीन व टमाटर 80 रुपए जबकि प्याज 60 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहा है, जिससे तड़के का जायका भी महंगा हो गया है। करेला, सेमफली, बंदगोभी, शिमला मिर्च, घुकंदर, गाजर के दाम 60 रुपए, पहाड़ी आलू व खीरा 50 रुपए, लहसुन 400 रुपए प्रतिकिलो जबकि अदरक के दामों में थोड़ी गिरावट अवश्य आई है और पुराना अदरक 100 रुपए तो नया अदरक 60 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा है। हरी मिर्च 60 रुपए, नींबू 250 रुपए किलो तो मशरूम 40 रुपए पैकेट बिक रहा है।

### नयना देवी में नवरात्र के बाद भी भक्तों का तांता



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में रविवार नवरात्र के बाद भी श्रद्धालुओं का आने का क्रम लगातार जारी रहा। रविवार को यूपी, दिल्ली और बिहार से लगभग 65 बसें श्रद्धालुओं की पहुंचीं। इससे मंदिर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। हालांकि मंदिर के गेट सुबह 4 बजे दर्शनों के लिए खोल दिए गए थे, लेकिन उसके बावजूद दोपहर तक माताजी की भीड़ पांच नंबर सेक्टर तक पहुंच गई और सुरक्षा कर्मियों ने श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता जी के दर्शन के लिए भेजा। रविवार को शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। रविवार को हजारों की संख्या में मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे है।

### स्वयंसेवियों ने एनएच-103 के आसपास की सफाई



**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योग और प्राणायाम के साथ हुई, जो कि योगाचार्य मुकेश चंदेल के द्वारा करवाई गई। बौद्धिक सत्र में पंचायती राज विभाग से पंचायत इंस्पेक्टर संजय शर्मा रिसोर्स पर्सन रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के पाठशाला अधिकारी कुलदीप शर्मा ने उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों को पंचायतीराज संस्थाओं एवं देश के विकास कार्यों मे पंचायत की भूमिका बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्रमदान में स्वयंसेवियों द्वारा पाठशाला परिसर के सौंदर्य हेतु तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 103 के आसपास की झाड़ियां की कटाई और सफाई का कार्य किया।

### स्वयंसेवियों को बताए एआई के फायदे-नुकसान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में आयोजित एनएसएस इकाई शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग और व्यायाम से हुई। इसके बाद स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में क्यारियों की सफाई की। इस दौरान कंप्यूटर साइंस के प्रवक्ता अब्दुल मजीद ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चैट जीटीपी के फायदे और नुकसानों के बारे में जानकारी दी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं, इसलिए साइबर सिक्योरिटी की भी जरूरत है। इसके बारे में विद्यार्थियों को कोर्स के माध्यम से बताया जा रहा है। एआई को हिंदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता कहते हैं, जिसका मतलब है बनावटी यानी कृत्रिम तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर साइंस की एक एडवांस्ड शाखा है। इसमें एक मशीन को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग के जरिए इतना बुद्धिमान बनाने की कोशिश की जाती है, जिससे वह इंसानों की तरह सोच-समझ सके और फैसले ले सके। इसके अलावा चैट जीपीटी नाम का एआई टूल भी काफी चर्चा में है। चैट जीपीटी एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां आप कोई सवाल पूछते हैं तो उसका लिखित जवाब आपको मिलता है। यदि आपको किसी विषय पर 400 शब्दों का निबंध लिखना हो तो यह आपको तुरंत लिखकर दे देगा। बच्चे इस टूल का इस्तेमाल अपना होमवर्क करने में सबसे ज्यादा कर रहे हैं। कुछ लोग तो ये भी मानते हैं कि ये गूगल का रिप्लेसमेंट है। भारत में एआई के विकास की अपार संभावनाएं हैं और इसका लगातार इस्तेमाल भी हो रहा है। इस मौके पर कुलदीप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी सुनील वर्मा, जीवन लता सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

### शिक्षा मंत्री ने ग्लोरी स्कूल के 19वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में की शिरकत

# शिक्षा गुणवत्ता का होगा सर्वे : रोहित

**दशमी रावत, रोहड़ू**



शिक्षा मंत्री को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एक दिवसीय प्रवास के दौरान रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय सीमा (रोहड़ू) के सभागार मे ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (रोहड़ू) के 19वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप मे उपस्थित रहे। सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षा मंत्री ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अन्य लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनय एवं उनके सभी सहयोगियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाइयां दी और आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रगति मूल्यांकन हेतू दिसंबर के प्रथम सप्ताह में नेशनल एसेस्मेन्ट सर्वे भारत सरकार द्वारा किया जाएगा उसमें सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूल भी पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ भाग लें। उन्होंने कहा कि जहां पूरे प्रदेश में 40 प्रतिशत विद्यार्थी निजी संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे है वहीं यह आवश्यक हो जाता है कि सरकारी स्कूलों के साथ-साथ निजी स्कूल भी अपनी सहभागिता दर्ज करें तथा आज से ही पूरी गंभीरता से तैयारी आरंभ कर दें जिससे हिमाचल का शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन हो। रोहित ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की स्थापना से लेकर आज तक प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और आज हिमाचल को प्रदेश के सर्वाधिक साक्षर राज्यों में गिना जाता है और आने वाले समय के लिए हमें बेहतर प्रयास करने होंगे।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ऊपरी शिमला में ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल भर में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संस्थान है जहाँ एक ओर बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जा रही है वहीं दूसरी ओर खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से उनमें एक स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का निर्माण भी हो रहा है। इस अवसर पर ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनय ने वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया।

## धरेच मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



घरेच स्थित जैईश्वरी माता के मंदिर में उमड़ जनसैलाब।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

कसुपंटी निर्वाचन क्षेत्र के धरेच में स्थित जैईश्वरी माता मंदिर में दशहरा पर्व पर रविवार को हजारों लोगों ने माता के दर्शन किए।

गौर रहे कि धरेच में माता नगरकोटी का प्राचीन मंदिर है जहां पर हर वर्ष दशहरा उत्सव पर मेले का आयोजन होता है। सबसे अहम बात यह है कि इस मेले में देवी दर्शन ही आकषर्ण का केंद्र होते हैं। दूरदराज क्षेत्र से रतेश, फागू, क्योंथल ओर धरेच क्षेत्र के लोग मंदिर में मनौती चढ़ाने आते हैं जिसमें विशेषकर लोग अपने छोटे बच्चों के मुंडन करवाने आते हैं। शिव राम शर्मा के अनुसार जैईश्वरी नगरकोटी माता बहुत प्रत्यक्ष देवी है और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है। परंपरा के अनुसार हर वर्ष शरद नवरात्रे की दुर्गा अष्टमी पर जैईश्वरी माता धरेच का प्राचीन वाद्ययंत्रों ढोल नगाड़ों व शहनाई के साथ केलिया घाट स्थित में प्राचीन मंदिर अर्थात मौंड़ में आगमन होता है जहां पर माता चौदश तिथि तक भक्तों को दर्शन देने के लिए विराजमान रहती है। इस बार माता 17 अक्तूबर को पूर्णिमा को वापस मंदिर धरेच में चली जाएगी।

बजीर शिव राम शर्मा ने बताया कि अतीत में इस मंदिर में बलि प्रथा हुआ करती थी जिसे काफी वर्षों पहले मंदिर कमेटी द्वारा बंद कर दिया गया है।

## देवताओं के प्रस्थान के साथ संपन्न हुआ सुन्नी दशहरा मेला

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय दशहरा मेला देवताओं के साथ संपन्न हुआ। देवताओं के प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं ने देव नृत्य का आनंद उठाया। मेले के दूसरे दिन स्थानीय स्कूलों के बच्चो द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की।

कार्यक्रम के दौरान हंसराज द्वारा दमदार मंच संचालन ने किया। इस दौरान सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी, माया पब्लिक सुन्नी, गीता निकेतन सुन्नी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आर्यन पब्लिक स्कूल सुन्नी, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुन्नी, सरस्वती विद्या मंदिर कांगरी सहित निजी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यकम में प्रदीप कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान तहसीलदार सुन्नी चंद्र मोहन ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

# लंका दहन के साथ आरंभ हुआ जुन्गा का दशहरा मेला

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



जुन्गा मेले के दौरान मौजूद गणमान्य।

राजधानी से सटे जुन्गा में जिला स्तरीय दशहरा मेला बीती सांय को लंका दहन के साथ आरंभ हुआ।

परंपरा के अनुसार तत्कालीन क्योंथल रियासत के शासक खुश विक्रम सेन की अगुवाई में राजमहल से रघुनाथ की पालकी वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। राजा ने पूजा करने के उपरांत रावण, कुभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के अग्नि देकर लंका दहन किया गया। इस दृष्य का सैकड़ों की तादाद में लोगों ने आन्दद लिया। लोगों में यह भी मान्यता प्रचलित है कि लंका दहन का दृष्य देखने शनि ग्रह का प्रकोप नहीं होता है।

तहसीलदार एवं मेला अधिकारी जुन्गा नरायण सिंह वर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय मेले को आकर्षक बनाने के लिए प्रयास किए गए है। इस तीन दिवसीय मेले में महिलाओं की रस्सा कस्सी, कबड्डी, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्टार नाइट का आयोजन किया जा रहा है।

## पुलिस ने काबू किए 3 ड्रग तस्कर

**शिमला।** पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय ड्रग पैडलर सहित बिलासपुर व छोटा शिमला के 2 लोगों को एक होटल में दबिश देकर चिट्टे सहित धर दबोचा है।

आरोपी की पहचान गौरव शर्मा (25) पुत्र रामपाल, निवासी पंजाब, सुनील दत्त (42) पुत्र वेद प्रकाश, निवासी बिलासपुर और चिराग सूद (28) निवासी शिमला को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 11.55 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

# छेड़छाड़ करने पर व्यक्ति की हुई पिटाई

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला शहर में उपायुक्त कार्यालय के पास लोअर बाजार मार्ग पर लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना शनिवार दोपहर की है। आरोप है कि व्यक्ति ने लड़की को आपत्तिजनक शब्द कहे। इससे गुस्से में आकर मां और बेटी ने उस व्यक्ति की जमकर धुनाई कर दी।

इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और काफी देर तक मामला गरमाया रहा।

इस संबंध में लड़की और उसकी मां ने पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। घटना शनिवार दोपहर करीब 2:00 बजे की बताई जा रही है जब उपायुक्त कार्यालय के समीप लोअर बाजार जाने वाले मार्ग पर लड़की और उसकी मां बैठी हुई थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान यहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने लड़की पर फब्तियां कसीं। इससे गुस्से में आकर लड़की और उसकी मां ने व्यक्ति को वहीं पर धर दबोचा और जमकर पिटाई कर दी। छेड़छाड़ से गुस्साई मां और बेटी ने करीब पांच मिनट तक युवक को लात घूंसों से जमकर पीटा। बाजार में इस तरह की घटना सामने आने के बाद दिनभर चर्चा का बाजार गर्म रहा।

सदर पुलिस से जब इस बारे में पूछा गया तो पता चला कि इस संबंध में उनके पास किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई है। पुलिस के मुताबिक अगर इस संबंध में कोई शिकायत आती है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सदस्यता अभियान जिला ऊना की कार्यशाला 14 को

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजला जिला ऊना की सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन 14 अक्तूबर को जिला कार्यालय ऊना में होने जा रहा है।

इस कार्यशाला में मुख्यवक्ता प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी एवं नैना देवी के विधायक रणधीर शर्मा रहने वाले है। कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला मुख्यालय में प्रात: 11 बजे होगा। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत से उत्साहित रणधीर शर्मा ने कहा कि इस जीत ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। लोगों ने दिखा दिया है कि वे कांग्रेस और शहरी नक्सलियों की घृणित साजिशों का शिकार नहीं होंगे।

कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, शहरी नक्सलियों का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था, लेकिन कांग्रेस की सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं। उन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की, लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया है।

### पर्यटन विभाग ने बिलासपुर के बाहौट-कसोल में किया कार्यशाला का आयोजन

# होमस्टे सुविधा देने के लिए लोगों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर के कोलडैम के पास स्थित बाहौट-कसोल को जिला प्रशासन विलेज टूरिज्म के रूप में डेवलप कर रही है, जिसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें होमस्टे उपलब्ध करवाने के लिए लोगों को प्रशिक्षण दिया गया।

यह जानकारी पर्यटन अधिकारी मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के निर्देशों पर पंचायत घर हरनोडा और बाहौट-कसोल गांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पश्चात अब तक छह लोगों ने होमस्टे के लिए अप्लाई किया है। उन्होंने कहा कि विलेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पहली प्राथमिकता उसे क्षेत्र में पर्यटकों की ठहरने की सुविधा अवश्य होनी चाहिए, जिसके चलते इस क्षेत्र में होमस्टे की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास अच्छी रहने की सुविधा हो और उसके पास एक से लेकर चार कमरों तक का घर हो तो वह व्यक्ति होमस्टे के लिए पर्यटन विभाग के पास अप्लाई कर सकता है।

उन्होंने कहा कि उपयुक्त बिलासपुर के मार्गदर्शन में यह हिमाचल का पहला टूरिज्म विलेज डिपेल्प होगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए कसरत शुरू हो गई है। बाहौट-कसोल गांव को पर्यटन गांव के रूप में विकसित करने की योजना का खाका तैयार किया है और अगली कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। गन्ने और शक्कर के उत्पादन के लिए मशहूर लगभग एक हजार की आबादी वाला बाहौट-कसोल गांव कोलडैम के प्रभावित एरिया में शामिल है।

# बिलासपुर में 25 से शुरू होगी मक्की की खरीद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश में कृषि विभाग ने इस वर्ष मक्की की खरीद 3000 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। बाजार में आम तौर पर मक्की का 18 से 20 रुपए प्रतिकिलो तक दाम मिलते हैं, लेकिन इस साल कृषि विभाग किसानों से 30 रुपए प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की खरीदेगा। विभाग प्राकृतिक विधि से उगाई गई खेती की मक्की पंजीकृत किसानों से ही खरीद करेगा। प्राकृतिक खेती से उगी मक्की की खरीद बिलासपुर में 25 से शुरू हो जाएगी। इसकी पुष्टि परियोजना निदेशक आतमा बिलासपुर तपेंद्र गुप्ता ने की। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग इस वर्ष किसानों से मक्की की खरीद 3000 रूपये प्रति क्विंटल करेगा।

जिला में लगभग 976 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। जिला भर में 6438 किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। जिनमें से 5505 किसान सितारा पोर्टल में पंजीकृत किए जा चुके हैं। प्राकृतिक खेती में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह पहल शुरू की है। सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से अनाज खरीदेगी। कृषि विभाग का प्राकृतिक खेती विंग सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के जरिये किसानों से खरीद होगी। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। 25 से बिलासपुर सदर में खोले गये सेंटर पर किसानों से मक्की खरीदना शुरू कर दी जाएगी। प्राकृतिक खेती करने वाले अब न केवल अपनी जरूरतों के लिए, बल्कि बेचने के लिए भीउपज तैयार कर रहे हैं। जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हो रही है। बिलासपुर में 6438 किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है। जिसमें से 5505 किसान सितारा पोर्टल में पंजीकृत किए जा चुके हैं। जिला में 976 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है।

# बिलासपुर में 18 अक्तूबर को निकाली जाएगी सद्भावना रैली



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**परिधि गृह बिलासपुर में हुई सर्वदलीय बैठक में लिया गया फैसला**

प्रदेश में दिन-प्रतिदिन बिगड़ रहे माहौल को लेकर परिधि गृह बिलासपुर में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सीपीआई से पूर्व विधायक केके कौशल, सदर से कांग्रेस के पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा व बंबर ठाकुर, सीपीएम से पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय शर्मा, सीपीआई के प्रदेश सहसचिव परवेश चंदेल, आप से डॉ. तेज प्रताप पांडे और अल्प संख्यक समुदाय के लोग शामिल रहे।

इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश के महौल को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध रची जा रही साजिशों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए 18 अक्तूबर को बिलासपुर में एक सद्भावना रैली निकाली जाएगी। यह सद्भावना रैली गुरुद्वारा चौक बिलासपुर से शुरू होकर बाजार होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक जाएगी। जहां पर उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा, जिसमें सरकार से मांग की जाएगी कि प्रदेश के शांतप्रिय महौल को खराब करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।

**संस्कृति**

### घुमारवीं में श्रीराम राज्य अभिषेक के साथ हुआ रामलीला मंचन का समापन

# घुमारवीं में पहली बार हुआ दशहरे का आयोजन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



आदर्श राम नाटक समिति घुमारवीं द्वारा पिछले दस दिनों से पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही रामलीला का दशहरे और श्रीराम राज्य अभिषेक के साथ भव्य समापन हो गया। घुमारवीं रामलीला के इतिहास में पहली बार दशहरे का आयोजन किया गया था, जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोगों ने सीर खड्ड स्थल पर पहुंचे। इससे पूर्व घुमारवीं बाजार में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें राम लक्ष्मण हनुमान, विभिषण और सुग्रीव आदि ने रथ पर सवार होकर नगर परिक्रमा की बाद में यह शोभायात्रा दशहरा स्थल पर पहुंची।

इस दौरान अमृतसर से आए कारीगरों द्वारा की गई भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। इस संध्या में राजेंद्र गौतम एसडीएम बड़सर ने परिवार के साथ रामदरबार में हाजरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजेंद्र गौतम ने रामलीला कमेटी को रामलीला एवं दशहरा पर्व रावण दहन कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई दी। इस संध्या के अतिम दिन रावण वध के दृश्य को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा। रावण का अभिनय कर रहे प्रधान राम लीला संजय शर्मा ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से सबके मन को मोह लिया। संजय शर्मा ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से रावण वध, लक्ष्मण को ज्ञान देना और अंत में प्रभु श्री का अलौकिक चेहरा देख कर, राम राम शब्दों का उच्चारण करके दृश्य को अविस्मरणीय बना दिया। प्रभु श्रीराम के किरदार में अभिषेक टेस्सू ने, हनुमान सुरेश धीमान, लक्ष्मण राहुल उप्पल, सुग्रीव जगरनाथ राणा ने अतिकाय और रावण के साथ युद्ध दृश्य में उत्कृष्ट लड़ाई करने का परिचय दिया। भरत की भूमिका में मोहित शर्मा ने फिर से राम प्रतीक्षा के दृश्य में गाना गा कर जान डाल दी। राज्याभिषेक के दृश्य ने पंडाल में सभी रामभक्तों को अंत तक बैठाए रखा।

दशहरा पर्व को पहली बार मना रही आदर्श रामलीला कमेटी ने अपनी बेहतरीन शोभायात्रा, जिसने राम लक्ष्मण हनुमान को रथ में बैठाकर रावण दहन के निर्धारित मैदान तक पहुंचाना आतिशबाजी, नाच गाने से शहर में जोश और उत्साह का नजारा देखते ही बन रहा था। दशहरा पर्व पर मुख्यातिथि पुरुषोत्तम शर्मा एमडी शिवा इंस्टीट्यूट द्वारा शोभायात्रा में साथ-साथ चलना उनका राम के प्रति श्रद्धा भाव को, लोगों ने बखूबी सराहा। (अनंत ज्ञान)




# सेंट्रल टैक्स के रुपए से 28 को मिलेगी कर्मचारियों को सैलरी : जयराम ठाकुर

**उमेश, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटीयों का हरियाणा की जनता ने अपने अंदाज में ठोक कर जवाब दिया है। यह बात नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी जिला के दौरे के दौरान सुंदरनगर में मीडिया से बातचीत करते हुए कही।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को 28 अक्तूबर को सैलरी मिलने वाली है। यह तभी संभव हो पाया है जब सेंट्रल टैक्स का 1479 करोड़ रुपए प्रदेश की झोली में आया है, लेकिन उस पर भी मुख्यमंत्री वाहवाही लूट रहे हैं। इससे पूर्व प्रदेश के कर्मचारियों और सेवानिवृत कर्मचारियों को समय पर सैलरी और पेंशन नहीं मिल पा रही है। मुख्यमंत्री को यही समझ नहीं आ रहा की वह कहना क्या चाहते हैं। कभी उनके द्वारा बोला जा रहा है कि प्रदेश में आर्थिक संकट है और कभी कहा जा रहा है कि प्रदेश संकट में नहीं है।



सुंदरनगर में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य।

मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहकर गैर-जिम्मेदाराना बात करना शोभनीय नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि काम करते-करते गलतियां भी होती हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को गलतियों को स्वीकार करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## मीडिया को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है सुक्खू सरकार

**पूर्व** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार मीडिया को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है। पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान मीडिया द्वारा उनके खिलाफ भी लिखा जाता था। प्रदेश का मीडिया हमेशा मुखर और स्वतंत्र होकर लिखता है। कांग्रेस सरकार द्वारा मीडिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमजोर किया जा रहा है। लोकतंत्र में सभी को बोलने का अधिकार है और एफआईआर पर सरकार को विचार कर इसे जल्द से जल्द वापस लेना चाहिए।

## हिमकेयर में 350 करोड़ रुपए की देनदारी

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर के अंतर्गत प्रदेश सरकार को 350 करोड़ रुपयों की देनदारी शेष बची हुई है, लेकिन सरकार इस राशि का भुगतान नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मरीज हिमकेयर का कार्ड लेकर अस्पतालों में इलाज कराने के लिए जा रहे हैं, लेकिन उनका इलाज नहीं हो रहा है। इस प्रकार से सूबे में बहुत ही बदतर हालात बने हुए हैं।

# कांग्रेस के पास अपने मित्रों को धन की कोई कमी नहीं : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल में सुक्खू सरकार हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की हार और उसके साथ हिमाचल की सरकार का जो कनेक्शन है, उसके बाद हुई फजियत से बचने के लिए खुद सीएम तरह-तरह की बहनाएबाजी पर उतर आए है। मुख्यमंत्री का यह कहना की भाजपा ने 5000 करोड़ रुपए का बोझ हिमाचल की जनता पर लाद दिया और 1500 संस्थान खोल दिए, तो यह संस्थान, स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, पीएचसी, पटवार सर्कल, बीडीओ के दफ्तर यह सब विकास के और जन सेवा के माध्यम है।



अगर इससे जनता पर पैसे का बोझ पड़ता है तो वह सच में किसी भी सरकार को करना चाहिए और सुक्खू सरकार ने बहुत बड़ा रिकॉर्ड कायम किया, 70 साल के इतिहास में किसी भी सरकार ने संस्थान बंद नहीं किए परंतु वर्तमान कांग्रेस सरकार ने 1500 के लगभग संस्थान बंद किए। यह इसलिए बंद किए क्योकि इन संस्थानों को चलाने के लिए सीएम के पास धन नहीं है, वास्तु स्तिथि बिलकुल भिन्न है कांग्रेस के पास अपने मित्रों को धन देने के लिए कोई कमी नहीं है, गैरकानूनी तौर पर सीपीएस लगाने हो उनके लिए व्यवस्था करनी हो उसने लिए धन की कमी नहीं है, परंतु संस्थान चलाने के नाम पर वह धन की कमी आड़े आ रही है।

उन्होंने कहा की वास्तविक स्तिथि बिलकुल अलग है जैसा सीएम ने बताया उन्होंने 2200 करोड़ रुपए प्रदेश के खजाने में डालने की बात की है।

गरीब आदमी, सामान्य व्यक्ति, जो प्रतिदिन डीजल का उपयोग करता है। ट्रकों, बसों, जीप, गाड़ी, ट्रैक्टर और पानी की स्कीमों के रूप में उस डीजल के ऊपर 7 रुपए लीटर का वैट लगाकर 1500 करोड़ रुपए गरीब की जेब से निकाल लिया और उस पैसे को अपनी आमदनी बता रहे है।

गरीब की जेब में से पैसा निकालना, चाहे वो पानी, बिलजी के ऊपर टैक्स लगाना, बिजली का रेट बड़ाना, स्टांप ड्यूटी को बड़ाना, डिपो के राशन के दाम को बड़ाना, बिजली की सब्सीडी को खत्म करना, यह सारी चीजें कर कांग्रेस हिमाचल की जनता से और पैसा एक्सट्रैक्ट कर रहें है।

# विक्रमादित्य सिंह ने किसान मेला नम्होल में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बिलासपुर जिला के नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नम्होल में तीन दिवसीय पशु मंडी एवं किसान मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर और स्थानीय मेला कमेटी के आग्रह पर पशु मंडी एवं किसान मेले को राज्य स्तरीय बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़कों का अहम योगदान होता है। प्रदेश सरकार बिलासपुर जिला में भी सड़कों का विस्तार कर रही हैं। मंडी को जोड़ने वाली सड़क नवगांव से बेरी सड़क को अपग्रेडेशन के लिए 80 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 185 करोड़ से सड़कों का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी विकास ठाकुर मेला कमेटी के अध्यक्ष बाबूराम सिसोदिया बीडीसी सदस्य रीमा ठाकुर उप प्रधान कोटा सुमन ठाकुर नमहोल पंचायत की प्रधान जीवन लता उपस्थित रहे।



मेले में शामिल हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह, साथ हैं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर व अन्य।

कहानी-18

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# बनीखेत में भुरु नाग देवता का मंदिर आस्था का प्रतीक

'हर गांव कुछ कहता है की श्रृंखला में आज हम जिला चंबा के उपमंडल डलहौजी के तहत गांव बनीखेत को अपने सभी पाठकों से रू-ब-रू करवा रहे हैं। बता दें बनीखेत गांव का इतिहास बहुत ही प्राचीन है। बनीखेत गांव चंबा रियासत का एक हिस्सा रहा है और इसके साथ लगता डलहौजी जहां अंग्रेजों की प्रियस्थली एवं विश्राम गाह थी। इसके विपरीत बनीखेत गांव चंबा रियासत का हिस्सा जहां अंग्रेजी सेना की बारगाह हुआ करती थी, साथ लगते मैदान जो आज पद्दर मैदान के नाम से जाना जाता है। वहां कभी अंग्रेज गोल्फ क्रिकेट एवं घुड़सवारी इत्यादि खेलों को अंजाम दिया करते थे।



मुकेश कुमार (डलहौजी)




## पंजैल गांव के मवेशियों की रक्षा करता था भुरु नाग देवता

**पद्दर** मैदान के बीचों-बीच क्षेत्र की आस्था का प्रतीक भुरु नाग देवता मंदिर भी हुआ करता था जिसके साथ लगते दो ऐसे देवदार के पेड़ थे, जिनकी जड़ें ऊपर व तना नीचे था। भुरु नाग मंदिर के पुजारी किशन शर्मा ने बताया पंजैल गांव में सिर्फ चार परिवार ही ऐसे थे जिन्हें नाग मंदिर की देखरेख एवं पूजा पाठ का देवता से अधिकार प्राप्त था और जो तभी से आज तक चला आ रहा है। नाग देवता इस पद्दर मैदान में चरने वाले पंजैल गांव के मवेशियों की रक्षा करता था। उसे समय जंगली जानवरों का बहुत खतरा हुआ करता था, जिससे नाग एक ढाल की तरह उनका रक्षक बना खड़ा रहता था।

## अंग्रेज अफसर को मांगनी पड़ी माफी

**जब** अंग्रेज काल आया तो उस समय एक अंग्रेज अफसर खेल मैदान में एक गाय के मैदान में घुस आने पर गुस्से में आग बबूला हुआ। उस अंग्रेज अफसर ने गाय के ऊपर पेशाब कर दिया और सभी मवेशियों को वहां से खदेड़ दिया। फिर क्या था, इस बात से गुस्सा आए भुरु नाग देवता के क्रोध से पद्दर मैदान के साथ लगती बारगाह में एवं मैदान के आसपास सांप ही सांप नजर आने लगे। अंग्रेजी सेना जितने सांपों को मारे, उससे दुगने सांप और उनके सामने आ जाते, जिस पर किसी भारतीय सैनिक ने अंग्रेज अफसर के आगे गुहार लगाई कि जब तक आप गौ माता के ऊपर पेशाब करने के गुनाह से नाग देवता मंदिर में जाकर माफी नहीं मांगेगे तब तक इन सांपों का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। अंग्रेज अफसर ने तुरंत इस बात को गंभीरता से लेते हुए नाग देवता मंदिर में जाकर नाक रगड़कर माफी मांगी और आगे से ऐसा न करने हेतु कान पकड़े तब जाकर उन्हें सांपों से निजात मिली।

## कभी किसी को सर्पदंश नहीं होता

**बता** दें की बनी खेत एकमात्र ऐसा गांव है जहां भुरू नाग देवता की इतनी शक्ति है कि यहां कभी किसी को सर्पदंश नहीं होता है। ऐसा नहीं है कि यहां जहरीले सांप नहीं पाए जाते, सांप पाए जाते हैं किंतु भुरु नाग देवता की ऐसी शक्ति है कि यह सांप कभी भी किसी को नुकसान नहीं पहुंचते हैं। भुरु नाग देवता मंदिर की मान्यता प्राचीन काल से ही है, जब बनीखेत के आसपास की विभिन्न पंचायत से आषाढ़ में जात्राएं आया करती थी और यहां 7 दिनों तक चलने वाले भव्य मेले का आयोजन हुआ करता था जो खरबूजे वाले मेले के नाम से मशहूर था। 80 के दशक में क्षेत्र में एनएचएचसी का आगमन हुआ और बनीखेत धीरे-धीरे प्रगति और विकास की और अग्रसर होने लगा जहां बाहरी लोग जो काम हेतु बनीखेत आए और यहां की खूबसूरती और हंसी वादियां के नजरों को देखते हुए यही के होकर रह गए। आज बनीखेत की आबादी लगभग 8 हजार के करीब है जिसमें करीब 2 हजार के करीब यहां के स्थाई निवासी तो वहीं करीब 6 हजार लोग स्थाई रूप से यहां रोजगार पढ़ाई लिखाई एवं अच्छे स्वास्थ्य हेतु यहां बनीखेत में किराए के तौर पर रह रहे हैं।

## विकास की ओर अग्रसर बनीखेत



**बता** दें जिला चंबा के अग्रणी पंचायत में ग्राम पंचायत बनीखेत का नाम हमेशा सुर्खियों में रहा है जहां निजी स्कूल, एक निजी कॉलेज एक सरकारी कॉलेज के इलावा एक केंद्रीय विद्यालय भी है। बनीखेत में जहां पर्यटन के मध्य नजर बीते कुछ सालों से छोटे-बड़े होटल का बड़े स्तर पर निर्माण हुआ है जो हिमाचल पर्यटन को बढ़ावा देने में निरंतर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। बनीखेत में आकर्षण का केंद्र जहां भुरु नाग देवता मंदिर है, जो इसकी खूबसूरती को और भी चार चांद लगाते हैं। एनएच 154 ए पर स्थित गांव बनीखेत आज किसी भी तरह की पहचान का मोहताज नहीं है। जिला चंबा के अग्रणी गांव की लिस्ट में शुमार बनीखेत स्थानीय सरकार प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से विकास की ओर अग्रसर है।

# गगरेट में जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

ऊना जनपद के गगरेट में एक 38 वर्षीय महिला की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई।

मृतक महिला की पहचान रेणुका शर्मा पत्नी अनिल निवासी गगरेट के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक उसके विषाक्त निगलने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक गगरेट निवासी रेणुका शर्मा ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे गगरेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर हालत के चलते उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले को लेकर गहनता से जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ जारी है। जहर निगलने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**विकास** बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए 2,240.27 करोड़ का प्रावधान

# सड़क नेटवर्क बढ़ने से लोगों के जीवन में आ रही सुगमता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सड़कें विकास की भाग्य रेखाएं होती हैं। बिना सड़क निर्माण के विकास कार्य संभव नहीं हो सकते। किसी भी देश या प्रदेश के विकास के लिए सड़कों का योगदान बेहद अहम है। हालांकि हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण है। फिर भी प्रदेश सरकार विकास के ध्येय के साथ निरंतर प्रयासरत है।

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग इस मिशन में सबसे आगे है तथा दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए सड़क नेटवर्क के विस्तार और उन्नयन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। वर्तमान में प्रदेश का सड़क नेटवर्क 41,202 किमी है जिसमें 34,917 किमी पक्की सड़के हैं, जिनके माध्यम से सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित हो रही है। लोक निर्माण विभाग ने 2,519 पुलों और 36,763 किमी क्रॉस डेउनेज का निर्माण किया है। पहाड़ी क्षेत्र में भू-स्खलन, मानसून और सर्दी के मौसम में सड़कों पर आवाजाही सुचारू बनाए रखने के लिए पुल और क्रॉस डेउनेज होना बहुत आवश्यक है।




राज्य के 17,882 गांवों में से 15, 778 को सड़क सुविधा से जोड़ दिया गया है जिसके फलस्वरूप ग्रीमाणों को स्कूल, स्वास्थ्य तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। 12,500 करोड़ रुपए के निवेश से फोरलेन राजमार्ग और 68 सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। यह परियोजनाएं यात्रा के समय को कम करने के साथ-साथ पर्यटन और कारोबार तक पहुंच में सुधार करने में महत्तवपूर्ण साबित होंगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। प्रदेश सरकार ने बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए इस वित्त वर्ष 2,240.27 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इसमें से 526.42 करोड़ रुपए की धनराशि का बहुत ही बेहतर तरीके से उपयोग किया जा चुका है।

इस धनराशि से वर्ष के पहले छह माह में 18 पुल, 33 नए भवन, 190 किमी परिवहन योग्य सड़कें और 309 किमी क्रॉस-ड्रेनेज बुनियादी ढांचे सहित अनेक कार्यों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 674 किमी सड़कों की टारिंग और 1,060 किमी सड़कों का नवीनीकरण किया गया है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्य लगभग पूरा

लोक निर्माण विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धियों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का कार्य लगभग पूर्ण होना है, जिसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का 99 प्रतिशत और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का 100 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके परिणामस्वरूप अब हजारों गांव बाजार, स्कूल और स्वास्थ्य जैसी जरूरी सेवाओं से जुड़ गए हैं। लोगों का जीवन स्तर भी सुधरा है और वह समृद्धि और खुशहाली की तरफ अग्रसर हैं।

प्रदेश सरकार के प्रयासों से 2024-25 में केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा निधि (सीआरआईएफ) के तहत 293.36 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि का उपयोग प्रदेश की पांच प्रमुख परियोजनाओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। शिमला में 52 किमी लंबी टिक्कर-जरोल-गाहन-ननखड़ी-खमाड़ी सड़क का उन्नयन, कांगड़ा में गज खड्ड पर एक पुल और हमीरपुर और मंडी जिलों में उन्नयन कार्य किया जाना शामिल है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और क्षेत्र के लोगों का विकास होगा।

# ट्रिपल आईटी में रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार और असिस्टेंट स्पोर्ट्स ऑफिसर के भरे जाएंगे पद

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

ट्रिपल आईटी ऊना में रजिस्ट्रार असिस्टेंट, रजिस्ट्रार और असिस्टेंट स्पोर्ट्स ऑफिसर के एक-एक पद को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है, लेकिन अस्सिटेंट रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्ति रेगुलर आधार पर होगी या अनुबंध या डेपुटेशन?

अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। जारी किए गए विज्ञापन में इन तीनों का हवाला है, जबकि यह पद रेगुलर आधार पर ही भरे जाएंगे। यही नहीं एमटेक आधार पर पीएचडी कोर्स भी सवालों के घेरे में है। काबिले गौर यह है कि काफी समय तक यह संस्थान हमीरपुर स्थित एनआईटी परिसर में ही चला रहा है। तभी से लेकर रेगुलर पदों को भरे जाने पर असमंजस रही है।

संस्थान में काफी लंबे समय के बाद इन पदों को भरने का बीड़ा उठाया गया है, और 21 अक्तूबर आवेदन करने की आखिरी तारीख तय की गई है, जबकि हार्ड कॉपी आवेदन की 28 अक्तूबर तक जमा करवाई जा सकती है।

रजिस्ट्रार के पद पर तो कंफ्यूजन ज्यादा नहीं है लेकिन अस्सिटेंट रजिस्ट्रार के पद को भरने के लिए जो शर्तें और विज्ञापन में बताया गया है। उसी को लेकर आवेदन करने वाले असमंजस में हैं। हमीरपुर ही नहीं प्रदेश और देशभर के किसी भी क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाला व्यक्ति इस पद के लिए आवेदन कर सकता है। मगर इसके लिए मास्टर डिग्री एक्सपीरियंस की कोई आवश्यकता नहीं, 8 साल का अनुभव, लेवल 7 के बाद लिखित परीक्षा भी होगी यह एंट्री लेवल का सिस्टम है, लेकिन इसमें तीनों ऑप्शन रखे गए हैं डेपुटेशन अनुबंध और रेगुलर इसी वजह से यह विज्ञापित किया गया पद सवालों के घेरे में है। पद को रेगुलर आधार पर भरा जाना है, तो फिर दो अन्य शर्तें क्यों लगाई गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## लेकिन अस्सिटेंट रजिस्ट्रार पद पर असमंजस यह कि डेपुटेशन, अनुबंध या रेगुलर भरा जाएगा?

## पीएचडी कोर्स भी सवालों के घेरे में

दरअसल में इस संस्थान में एमटेक को गेस्ट फैकल्टी में नौकरी दी गई, उनका कार्यकाल लगातार बगैर किसी विज्ञापन देने से हर साल बढ़ाया जाता रहा। फिर अनुबंध आधार पर नौकरी दी गई, लेकिन उन्हें गेस्ट फैकल्टी के आधार पर यहां रखा गया था। गेस्ट फैकल्टी में हर साल विज्ञापन जारी होना चाहिए। लेकिन जिन लोगों का गेस्ट फैकल्टी पीरियड हर साल बगैर किसी विज्ञापन के बढ़ाया जाता रहा है। इस पर अब सवाल उठ रहे हैं। इसी कोर्स में एमटेक करने वाले को जब पीएचडी में दाखिला मिल जाएगा, तो फिर सवाल और भी ज्यादा होंगे। क्योंकि 60,000 की सैलरी भी साथ में दी जा रही है। सहायक इंजीनियर के पद पर भी कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं।

## रेगुलर आधार पर ही भरा जाएगा पद : डायरेक्टर

**इधर** ट्रिपल आईटी ऊना के डायरेक्टर मनीष गौड़ का कहना था कि यह संस्थान सेल्फ फाइनेंस है। अस्सिटेंट रजिस्ट्रार के जिस पद की बात हो रही है। उसके लिए तीन ऑप्शन इसलिए जारी किए गए हैं ताकि सूटेबल कैंडिडेट यदि न मिले तो फिर अनुबंध पर भी रखा जा सकता है और डेपुटेशन पर भी लेकिन योग्यता को परिपूर्ण करने वाले को रेगुलर रखा जाएगा। इसमें किसी भी तरह का संदेह नहीं है। पद यह रेगुलर ही है, और रेगुलर आधार पर ही भरा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### भूकंपरोधी मकान बनाने की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर के आपदा प्रबंधन क्लब व रोवर्स रेंजर्स इकाई के सदस्यों द्वारा ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर 'समर्थ-2024 जनता से एक अपील' कार्यक्रम के तहत जनता को भूकंप रोधी मकान बनाने की जानकारी सांझा की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कोहाला और मटौर पंचायतों के साथ ही अपने अपने गांव के लोगों से घर के निर्माण में सामग्री चयन, निर्माण की प्रक्रिया में कुशल अभियंता से सलाह लेने, भूकंप रोधी मकान बनाने के बारे में अधिक जानकारी हेतु डीडीएमए की वेबसाइट में सुरक्षित भवन निर्माण मार्गनिर्देशिका देखने, भवन निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। यह कार्यक्रम महाविद्यालय आपदा प्रबंधन क्लब संयोजक अजय कुमार और क्लब सदस्या सुदेश कुमारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### स्वयंसेवकों ने गगल से सनौरा चौक तक की पद यात्रा



**अनंत ज्ञान, गगल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ खंड गगल घरोह के सैकड़ों स्वयं सेवकों ने रविवार को हिंदुओं को जागरूक करने के लिए गगल चौक से सनौरा चौक तक पद यात्रा निकाली। संघ के जिला संचालक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पद यात्रा निकाल गई। स्वयंसेवक देशभक्ति के गीत गाते हुए हिंदुओं को जागरूक कर रहे थे। इसके बाद राधा-कृष्ण मंदिर में पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए संघ के जिला संचालक प्रदीप ने कहा के धर्म की खातिर गुरु गोविंद सिंह ने अपने चार बेटों को और पूरे परिवार को देश पर न्योछावर कर दिया था। अब समय आ गया है कि हिंदुओं को खुलकर सामने आना होगा। प्रदेश के बारे में प्रदीप ने कहा कि जिस प्रकार अन्य समुदाय की गतिविधियों हिमाचल में हो रही है, उसके चलते अगर हिंदू जागृत न हुआ तो प्रदेश की शांत देवभूमि भी आतंकवादी भूमि बन जाएगी। इसलिए हिंदू समाज को बचाने के लिए सभी हिंदुओं को बिना किसी संप्रदाय, बिना किसी जाति भेदभाव के आगे आना चाहिए।

### आंध्र प्रदेश से लापता युवक गगल में मिला

**अनंत ज्ञान, गगल।** आंध्र प्रदेश से एक वर्ष से लापता चल रहा युवक गगल में मिल गया है। जानकारी देते हुए गगल पुलिस के थाना प्रभारी उधम सिंह ने बताया के सात अक्तूबर को यह युवक पुलिस को बगली में मिला था। थाना प्रभारी ने बताया के यह युवक 25 वर्षीय युवक, जिसकी पहचान शेख रशीद मोहम्मद के रूप में हुई थी। इसका पता गांव पेंड्रियम पेटा तहसील एवं जिला गुंटूर, आंध्र प्रदेश के रूप में हुई थी। इस पर पुलिस ने आंध्र प्रदेश पुलिस से संपर्क किया और उसके परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद उसकी माता शेख सरताज अपने भाई के साथ गगल पुलिस थाने पहुंची जहां गगल पुलिस ने उसे अतिथि के रूप में रखा था और रविवार को युवक को उनके हवाले कर दिया।



# जयसिंहपुर में बनेगा नया बस स्टैंड जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह

## उपमुख्यमंत्री बोले, जयसिंहपुर में पेयजल योजनाओं पर खर्च हो रहे 300 करोड़

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जयसिंहपुर में राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दशहरा कमेटी की अध्यक्ष एवं एसडीएम संजीव ठाकुर ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर दशहरा स्मारिका का विमोचन भी मुख्यातिथि ने किया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 300 करोड़ रुपए पेयजल की विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च कर रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि अभी पिछले दिनों पंचरुखी में पानी की योजना के लिए 36 करोड़ रुपए दिया है। इसके अलावा सिंचाई की दो नई योजनाएं लगभग 8-8 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किया है, ताकि किसानों को खेतीबाड़ी के लिए प्रचुर मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह भी निर्मित किया जाएगा इस के लिए भी विभागीय अधिकारियों को औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर में नया बस अड्डा का निर्माण किया जाएगा, ताकि इस के लिए दो करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। बस अड्डे निर्माण तीव्र गति से किया जाएगा, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जयसिंहपुर से वोल्वो बस सेवा भी आरंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर की लाइब्रेरी के लिए दो कर्मचारियों की नियुक्ति भी शीघ्र कर दी जाएगी।

दशहरा उत्सव की तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या प्रसिद्ध पंजाबी गायक शिवजोत के नाम रही। शिवजोत ने पंजाबी गीतों पर खूब धमाल मचाया।

### हिमाचली कला और संस्कृति के संरक्षण को उठाएंगे कारगर कदम

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में कला तथा संस्कृति के संवर्धन तथा संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं तथा हिमाचली कलाकारों को उत्सवों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा इस के लिए साथ पुरातन कला को संरक्षित करने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, डॉ. आस्था अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेश्वर चौहान, ट्रांसपोर्ट बीओडी के सदस्य धर्मवीर धामी व एसडीएम संजीव ठाकुर सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मसोट बनेगा हिमाचल का पहला संस्कृत ग्राम



**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की योजना के अनुसार हिमाचल के कांगड़ा जिले में गरली-परागपुर का समीपवर्ती मसोट गांव संस्कृत ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस क्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में दो दिनों तक कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शनिवार और रविवार को आयोजित कार्यशाला में हिमाचल के विवध जिलों से 62 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। स्वयंसेवी संगठन संस्कृतभारती के उत्तर क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख संजीव कुमार ने कहा कि संस्कृत ग्राम बनाने में संस्कृतभारती संगठन अपना पूर्ण योगदान प्रदान करेगा। रविवार प्रात: कार्यशाला के संयोजक डॉ. पुरुषोत्तम ने प्रसिद्ध संस्कृत प्रचारक प्रताप सिंह व संस्कृतभारती के डॉ. ओंकार को मसोट गांव का भ्रमण करवाया एवं ग्रामवासियों से मिलवाया।

इस कार्य से ग्रामवासी काफी उत्साहित हैं कि हमारा मसोट गांव भारत के मानचित्र पर संस्कृत गांव के रूप में दिखेगा। कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के वरदहस्त एवं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका संचालन डॉ. सत्यदेव ने किया। (अनंत ज्ञान)

## पवन काजल ने विधायक निधि से कूहल पर डलवाए लोहे के जंगले

**अनंत ज्ञान, गगल**



इस बार गगल में भारी बरसात के चलते गगल की कूहल से पानी ओवरफ्लो होने से दुकानों और मकानों में घुस गया था, जिस कारण लोगों का भारी नुकसान हो गया था। मौके पर संबंधित विभागों के सभी अधिकारियों ने नुकसान का जायजा भी लिया था। सबसे ज्यादा नुकसान गगल व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली का हुआ था। विभाग ने इस नुकसान का जायजा भी लिया क्योंकि यह नुकसान संगड़ी कूहल के होने के कारण ही हुआ था। अब संबंधित विभाग ने इस कूहल को जेसीबी के माध्यम से चौड़ा कर दिया है, परंतु कूहल के ऊपर दुकानदारों को ग्राहकों के लिए आर-पार करना मुश्किल हो रहा था। इसके चलते स्थानीय विधायक पवन काजल ने कूहल के ऊपर हर दुकानदार के लिए विधायक निधि की पैसे से लोहे के जंगले डलवा दिए हैं, जिससे ग्राहकों को अब कोई परेशानी नहीं होगी।

### ऋषि भारोत्तोलन में बने राष्ट्रीय रेफरी

**नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में 6 से 13 अक्तूबर तक राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के भारोत्तोलन रेफरी बनने के लिए भी लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। नगरोटा बगवां के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक ऋषि दिलावरिया ने भी इस परीक्षा में भाग लिया तथा प्रथम बार में ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया। ऋषि दिलवरिया की इस उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के प्राचार्य, प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक वर्ग ने उन्हें बधाई दी।



## सरकार कर्मचारियों के हितों को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता : पठानिया

### सभी कर्मचारियों और पेंशनर्स को 28 अक्तूबर को मिलेंगे वेतन-पेंशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के कर्मचारियों तथा पेंशनरों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर वित्तीय स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार हमेशा कर्मचारियों की हितैषी रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को 1 जनवरी, 2023 से देय मंहगाई भत्ते की चार प्रतिशत किस्त देने की घोषणा की जिससे प्रदेश के 1 लाख 80 हजार कर्मचारी और 1 लाख 70 हजार पेंशनर लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मंहगाई भत्ता देने से राजकीय कोष पर लगभग 600 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर सभी कर्मचारियों और पेंशनरों का अक्तूबर माह का देय वेतन व पेंशन का भुगतान इसी माह 28 अक्तूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए 10 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है और उनके सभी लम्बित चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के निपटान के लिए सरकार ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के पेंशनरों का पूरा बकाया एरियर देने तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को 20 हजार रुपये वेतन एरियर की अतिरिक्त किस्त की अदायगी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक हिमाचल एक आत्मनिर्भर राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई वित्तीय संकट नहीं है।

# हेल्थ इज वेल्थ


## पंचकर्म चिकित्सा पद्धति और थेरेपी भी कारगर



*मनुष्य के जीवन में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का बहुत महत्व है। इसमें पंचकर्म चिकित्सा पद्धति और थेरेपी भी हैं कारगर माने गए हैं। पंचकर्म के माध्यम से हमारे शरीर से वायरस और संदूषण पदार्थ को बाहर निकलता है, जिससे हमारा शरीर अधिक सक्रिय हो जाता है। हमारे शरीर से वायरस और संदूषण पदार्थों के बाहर निकल जाने के बाद हमारा शरीर अधिक सक्रिय हो जाता है, जिसके बाद हम अधिक ऊर्जावान महसूस करते हैं और मानसिक तनाव से भी राहत पाते हैं। पंचकर्म मानसिक रूप से तो हमें तनाव मुक्त करता ही है, इसके साथ ही यह हमें शारीरिक रूप से भी स्वास्थ बनाता है। पंचकर्म हमारे पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है और हमारे शरीर से वायरस और बाकी जहरीले पदार्थों को बाहर भी निकालता है।*

**साउंड थेरेपी :** साउंड थेरेपी काफी पुरानी थेरेपी है, जिसका चलन सदियों से चला आ रहा है। पुराने समय में ध्वनि का बहुत उपयोग हुआ करता है। ध्वनि के प्रयोग से पहले के समय में बारिश भी हो जाती थी। साउंड थेरेपी का उपयोग सदियों से हो रहा है। यह शरीर को बहुत प्रकार से लाभ पहुंचाता है। अगर आपको सरदर्द, मानसिक रोग, स्ट्रेस है तो साउंड थेरेपी आपकी बहुत मदद करती है। साउंड हीलिंग थेरेपी में हैंड मेड सिंगिंग बाउल का इस्तेमाल किया जाता है, इन सिंगिंग बाउल से सॉफ्ट साउंड निकाली जाती हैं, जिससे हमारा मन शांत होता है और इनसे निकलने वाली वाइब्रेशन हमारे शरीर से ब्लॉकेज को हटाती हैं। इस थेरेपी को हम बदन दर्द, कमर दर्द, इरेगुलर पीरियड्स, पाचन समस्या इत्यादि के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अरोमा थेरेपी :** अरोमा थेरेपी एक हीलिंग ट्रीटमेंट है, जिसके उपयोग से हम रोज़ मरा की जिंदगी में होने वाले हेल्थ इश्यू से राहत पा सकते हैं। ज्यादातर लोग अपने मन और साथ ही दिमाग की शांति के लिए इस थेरेपी का उपयोग करते हैं। अरोमा थेरेपी से हमारा मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। अगर आप लंबे समय से तानव में हैं और बिना किसी दवाई का सहारा लिए अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार चाहते हैं तो यह थेरेपी आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके साथ ही शरीर की सारी थकान भी मिट जाती है। इस थेरेपी से स्ट्रेस, एंजायटी और डिप्रेशन जैसी बीमारियों से राहत मिलती है।



**डॉ. कोमल पटियाल**
**आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी**

*- प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना*



## मौसम में बदलाव पर सेहत का ध्यान रखना जरूरी

### बिना वक्त गवाएं तुरंत बरतें सावधानियां

**प्रदेश** भर में मौसम के बदलाव से कई प्रकार की बीमारियां घर कर सकती हैं। ऐसे में सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। इस समय दिन में हल्की गर्मी और रात में हल्की ठंड का एहसास है। इस कारण लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। थोड़ी सी लापरवाही आपको अस्पताल पहुंचा सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि दिन में हल्की गर्मी और रात में हल्की ठंड हो रही है। इसके कारण लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। ऐसे में बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सचेत रहने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। बदलते मौसम के बीच दिन के मौसम में गरमाहट बढ़ती जा रही है। दिन का तापमान भी बढ़कर 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। इस बीच रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह रहा है। दिन व रात के तापमान में करीब 15 डिग्री सेल्सियस के अंतर के कारण लोगों में सर्दी जुकाम व बुखार के अलावा गले में दर्द व थकान जैसी बीमारियां सामने आने लगी हैं।

डॉ. गुप्ता का कहना है कि तापमान में उतार चढ़ाव के कारण शरीर अपने आप को उसके अनुसार ढाल नहीं पाता, जिससे लोग बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बदलते मौसम में इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में सर्दी, जुकाम और बुखार की परेशानी आम बात है। शाम के समय पर्याप्त कपड़े पहन कर ही निकलना चाहिए। बदलते मौसम में वायरल बुखार के मामले बढ़ते हैं।



**डॉ. एनके गुप्ता**
**हेल्थ एक्सपर्ट**

*-प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन*

### ये सावधानियां बरतें

**चिकित्सकों** की मानें तो मौसम में बदलाव अपने साथ बहुत सारी बीमारियां साथ ले आती है। खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। पौष्टिक आहार लेना चाहिए, इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पर्याप्त पानी पीना चाहिए। मौसमी फलों एवं सब्जियों का खाने में प्रयोग करना चाहिए। विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू ज्यादा लेना चाहिए। क्योंकि यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है।

### बच्चों का ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत

**बड़ों** के साथ बच्चे भी वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं, इसलिए इस मौसम में बच्चों तथा बुजुर्गों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। कभी सर्द और कभी गर्म मौसम होने के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, गले में दर्द, थकान जैसी बीमारियां लोगों को परेशान कर रही है। सबसे पहले बच्चे इनकी चपेट में आते हैं। बीमारियों से बचने के लिए बच्चों के कपड़ों को साफ रखना चाहिए तथा साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखना चाहिए।



## एक मानसिक बीमारी है डिप्रेशन



### समय पर उपचार न हो, तो इसके कई गंभीर परिणाम

**तनाव** एक ऐसी मानसिक बीमारी है, जिससे ग्रस्त होने के बाद किसी भी इंसान को अपनी जिंदगी नीरस, अधूरी और दिशाहीन लगने लगती है। तनाव ने कई लोगों की जिंदगी अंधकारमय कर दी है। मनोचिकित्सक बताते हैं कि अगर समय रहते इसका उपचार न किया जाए, तो इसके कई गंभीर परिणाम भी सामने आते हैं। मनोचिकित्सकों की मानें तो तनाव के शुरुआती लक्षण बहुत ही सामान्य प्रकृति के होते हैं, जिस वजह से कई लोग इसे नजरअंदाज कर जाते हैं, जैसे कि किसी काम में मन न लगना, जीवन दिशाहीन और उद्देश्यहीन लगना, ऐसा लगना कि अब सब खत्म हो चुका है, मूड में एकाएक बदलाव आना, तनाव की गिरफ्त में आने के बाद जो चीजें पहले अच्छी लगती थीं, वे भी अब अच्छी नहीं लगती हैं। थकान, एकाग्रता में कमी, नकारात्मक सोच, आत्मविश्वास की कमी, खुद को असहाय महसूस करना, भविष्य अंधकारमय महसूस करना जैसे लक्षण होते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि यही नहीं, तनावग्रस्त व्यक्ति कभी-कभी खुद को इतना अयोग्य समझ लेता है कि उसे लगता है कि अब वह किसी भी काम में सक्षम नहीं है। अगर इस तरह के लक्षण किसी व्यक्ति में दो सप्ताह से ज्यादा समय तक बने रहे, तो उसे तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

#### यह एक बीमारी उपचार भी संभव

मनोचिकित्सकों के अनुसार तनाव से छुटकारा पाने के लिए सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि यह एक मानसिक बीमारी है, जब आप बीमारी की बात करते हैं, तो निस्संदेह इसके उपचार भी होंगे। ऐसी स्थिति में आपको तुरंत किसी मनोचिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। इसके बाद, उनके द्वारा बताए गए सुझावों को अपने जीवन में लागू करना होगा। संभव है कि आपको कुछ दवाएं भी खानी पड़ें, इससे आपको फायदा होगा। डॉक्टर्स ने बताया कि दुनिया में 28 करोड़ लोग डिप्रेशन के शिकार हैं। डिप्रेशन के लक्षण तुरंत पहचानना फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि जब व्यक्ति में इसके लक्षण पहचानने में देरी होती है तो उसे बहुत तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## स्वाद में कड़वा, लेकिन गुणों की खान है करेला



### डायबिटीज सहित कई बीमारियों की करता है छुट्टी

**स्वाद** में कड़वा जहर जैसा लगने वाला करेला सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है। कुछ लोगों को करेला खाना बिल्कुल पसंद नहीं होता है। क्योंकि इसका स्वाद कड़वा होता है। आपको बता दें जितना कड़वा करेला स्वाद में होता है शरीर के लिए उतना ही ज्यादेमंद है। दरअसल करेला में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो डायबिटीज और कई दूसरी बीमारियों में असरदार काम करते हैं। भले ही सब्जी के रूप में करेला आपको पसंद न हो लेकिन इसे दवा समझकर ही अपनी डाइट में शामिल कर लें। आचार्य बालकृष्ण की मानें तो करेले का उपयोग सिर्फ खाने में ही नहीं, बल्कि लगाने में भी किया जाता है। आइए जानते हैं करेला कौन सी बीमारियों में फायदा करता है और इसका सेवन कैसे करें?

**सिरदर्द में आराम :** अगर आपको हमेशा सिरदर्द की परेशानी होती है तो आप करेले की पत्तियों को पीस कर इसका रल सिर में लगाएं। इस रस को अपने माथे पर लगा लें और सिर पर मालिश जैसी कर लें। काफी राहत मिलेगी।



**मुंह के छाले दूर करे :** अक्सर गर्मियों में मुंह में छाले हो जाते हैं। जिससे खाने पीने में परेशानी होती है। ऐसे में आप कई तरह के नुस्खों का उपयोग करते है, लेकिन उनका कोई खास आराम नहीं मिलता है। आप एक बार करेले का रस छालों पर लगा लें। इससे काफी फायदा मिलेगा। रस लगाने के बाद लार को बाहर निकलने दें और कुछ देर मुंह खोलकर लटकाए रखें। छाले 1 दिन में ही ठीक हो जाएंगे।

**जूस पीने से खत्म होगी पथरी :** करेले का जूस पीने से पथरी के मरीज को आराम मिलता है। जिन लोगों को पथरी की परेशानी है, उन्हें करेले का रस जरूर पीना चाहिए। इससे पथरी को नेचुरली निकालने में मदद मिलती है।

**घुटनों के दर्द में फायदेमंद :** जिन लोगों को अक्सर घुटनों में दर्द होता रहता है। ऐसे लोग भी करेला का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कच्चे करेले को आग में भून लें। अब करेला को मसल लें और रुई में लपेट कर घुटने में बांध लें।

**डैंड्रफ से दिलाता है निजात :** कुछ लोगों को डैंड्रफ यानि रूसी की समस्या रहती है। उनके लिए करेला का रस फायदेमंद हो सकता है। डैंड्रफ हटाने के लिए आप करेले के जूस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कौना, घरथूं व आसपास कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के सहायक अधिशासी अभियंता इंजीनियर प्रवीण सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी कौना बच्छवाई एचटी लाइन की मरम्मत व उचित रखरखाव हेतु 15 अक्तूबर को कौना, घरथूं, बच्छवाई, भिल्ला, भंगोलू दा घट्टा, पीहड़ी, गलोटी व नलोटी आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

### आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उपलक्ष्य में तीन खंडों के स्वयंसेवकों का पथ संचलन भवारना में आयोजित किया गया। इसमें तीन खंडों के लगभग 150 स्वयंसेवकों ने भाग लिया एवं समस्त भवारना बाजार में संचलन करते हुए शक्ति का प्रदर्शन किया। इस बीच स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कांगड़ा विभाग प्रचारक भगवती ने कहा कि हम सौवें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि विघटनकारी शक्तियां देश को तोड़ने में लगीं हैं , लेकिन इस शडयंत्र को हम सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने इसराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे एक छोटे से देश ने अपने राष्ट्रवाद की शक्ति के बल पर अपने दुश्मनों की नकेल कसी है। उन्होंने पांच प्रणों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के परिपेक्ष्य में कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं स्व: का बोध पर विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में जगतार गुलेरिया,भगवती राजेश,राघव, अजीत, नरेंद्र, विपिन परमार, रवि धीमान, सांख्यान एवं राजेश रोशन आदि मौजूद रहे।

### खाई में लुढ़कने से बची एचआरटीसी की बस



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** तलवाड़ा से होशियारपुर जा रही परिवहन निगम की बस दोपहर उस समय खाई में लुढ़कने से बाल-बाल बच गई जब घाटी पुल पर दूसरी तरफ से कार आ गई व कार को पास देते हुए बस का खाई पर अगला टायर धंस गया व बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के अनुसार हिमाचल परिवहन निगम की बस तलवाड़ा से वाया डाडासीबा से होशियारपुर जा रही थी कि तभी ग्राम पंचायत घाटी के घाटी पुल पर ड्राइवर ने जब सामने से आ रही कार को पास दिया तो बस का अगला टायर पुल पर कच्ची मिट्टी में धंस गया, जिससे बस में सवार लगभग 25 सवारियों की सांसें लटक गईं क्योंकि वहां पर नीचे लगभग 20 फीट खाई थी। वहीं बस के बीचोंबीच फंसने के कारण सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया व करीब एक घंटे बाद बस को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया ।

# कांगड़ा नगर परिषद के मैदान का 11 लाख से होगा सौंदर्यीकरण

## प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने की राशि देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



दशहरा हमारी संस्कृति, सनातन एवं सभ्यता से जुड़ा उत्सव है और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। यह शब्द हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने शनिवार रात्रि कांगड़ा के नगर परिषद मैदान में रामलीला मंच पर मुख्य अतिथि बनकर पहुंचने पर कहे।

कांगड़ा नगर परिषद मैदान के रामलीला मंच पर मुख्य अतिथि बनकर पहुंचने पर रामलीला कमेटी कांगड़ा के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने रामलीला कमेटी को रामलीला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रामायण के किरदारों से समाज को एक बेहतरीन सीख मिलती है। उन्होंने कहा भविष्य में रामलीला का आयोजन और अधिक भव्य किया जाए, इसके लिए नगर परिषद मैदान में रोशनी की उचित व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए 11 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कलाकारों के चेंजिंग रूम के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की।

**आरएस बाली ने रामायण प्रतियोगिता के विजेताओं को भी बांटे पुरस्कार**

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ने रामलीला के आयोजन में भाग लेने वाले कलाकारों को 11 हजार रुपए की राशि प्रोत्साहन रूप में दी। उन्होंने रामायण प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार वितरित किए। इससे पूर्व प्रदेश महासचिव और समाजसेवी अजय वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय वर्मा, सुमन वर्मा, पार्षद संजीव गुप्ता, विजय सहगल, इशांत, राकेश मेहरा, संजय राणा और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

### बड़े से बड़े शक्तिशाली को भी खत्म कर देता है अहंकार : कमलेश

**देहरा।** दशहरा पर्व पर बतौर मुख्यातिथि पहुंची विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रामायण का अनुसरण करना चाहिए। दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। अहंकार बड़े से बड़े शक्तिशाली व्यक्ति को भी खत्म कर देता है। रावण चार वेदों का ज्ञाता होने के बाद भी अहंकारी हो गया और छल कपट के रास्ते पर चल पड़ा। यही अहंकार रावण को ले डूबा। विधायक ने कहा कि हम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं देहरावासियों की ऋणी हूं जो उन्होंने देहरा की बेटी को मायके में त्योहार मनाने का अवसर दिया। बेटियां अपने मायके में त्योहार मनाने के लिए तरस जाती हैं। उन्होंने कहा कि देहरा के दशहरे को राज्य स्तरीय बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात करूंगी। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल देव सूद, रामलीला कमेटी देहरा के प्रधान नीतीश परमार, केसीसी बैंक के निदेशक सुनील कश्यप व अन्य उपस्थित रहे।

### हैप्पी बर्थडे



धुंदन के आसिफ चौधरी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### शराब बरामद

**डरोह।** बल्लाह चौक में शनिवार को लव निवासी खड़ौठ (गरथौली) डाकघर पनापर तहसील पालमपुर की दुकान से 4,500 मिलीलीटर देशी शराव मार्का संतरा बरामद की गई है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)ए के तहत पुलिस थाना भवारना में पंजीकृत किया गया है।

## सद्दूं के खेल मैदान को दिलाएंगे नया लुक : बलविंद्र सिंह बबलू

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के तहत सद्दूं पंचायत के खेल मैदान को जल्द नया लुक मिलेगा। यह बात एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने दशहरा पर हुए कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि कही। सद्दूं पंचायत के गार्ड खाना मैदान में हुए विजयदशमी कार्यक्रम का आयोजन वुशू बॉक्सिंग के नेशनल प्लेयर अरमान ठाकुर ने करवाया था। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी हाजिरी भरी।

अरमान ठाकुर ने युवाओं के सहयोग से रावण, कुभकरण व मेगनाद के पुतले तैयार किए थे। साथ ही ग्रामीणों के लिए चाय, जलेबी व पकौड़ा आदि का इंतजाम किया था। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के जिलाध्यक्ष, नंबरदार व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू का युवाओं ने भव्य स्वागत किया। बलविंद्र सिंह बबलू ने कहा कि वह इस गार्ड खाना मैदान का जीर्णोद्धार करवाएंगे। इसके लिए वह अपनी तरफ से बजट खर्च करेंगे। इसकी ब्यूटीफिकेशन के लिए तेजी से प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी संस्कृति को सहेजने में अपना योगदान दें। युवाओं को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी अपना बराबर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज के समय में युवाओं को भगवान श्रीराम के दिखाए आदर्शों पर चलने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### लघु खनिजों की नीलामी 16 को

**धर्मशाला।** जयसिंहपुर क्षेत्र के अंतर्गत बरसात से आए लघु खनिजों, गाद को मंध खड्ड के पुल से ऊपर व नीचे 300 मीटर तक पुल की सुरक्षा बनाते हुए कन्नौहन के नजदीक 50000 मीट्रिक टन (1) सकाड़ खड्ड के पुल से ऊपर व नीचे 300 मीटर की सुरक्षित दूरी बनाते हुए झुंगा देवी के नजदीक 35000 मीट्रिक टन रेता व बजरी की खुली नीलामी 16 अक्तूबर को 11.30 बजे उपमंडल दंडाधिकारी जयसिंहपुर में की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी कांगड़ा राजीव कालिया ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निर्धारित स्थान पर नियत तिथि व समय पर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। उच्चतम बोलीदाता को पूर्ण नीलामी राशि मौके पर ही जमा करवानी होगी तथा नीलामी की अन्य शर्तें पढ़कर सुनाई जाएंगी। सभी इच्छुक बतौर सदस्य नीलामी कमेटी में उपस्थित हो सकते हैं।

## पारस पब्लिक स्कूल में 500 स्टूडेंट्स ने दी नारायणा स्कॉलस्टिक एप्टीट्यूड परीक्षा

**राकेश डोगरा, डरोह**



पारस पब्लिक स्कूल भवारना में नारायणा स्कॉलस्टिक एप्टीट्यूड परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें पारस स्कूल भवारना, न्यूगल स्कूल बिंद्रावन, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल पालमपुर, चांद पब्लिक स्कूल पालमपुर के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। नारायणा के रिसोर्स पर्सन रवजोत सिंह को इस कार्य क्षेत्र में 20 साल का अनुभव है। इसके अतिरिक्त प्रियंका भी इस संस्था के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य का कार्यभार देख रही हैं। नारायणा एक ऐसी संस्था है, जिसका मुख्य उद्देश्य नीट, जेई एडवांस और ओलंपियाड के क्षेत्र में बच्चों को ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाना है। यह संस्था पिछले 19 सालों से निरंतर कार्यरत है। नारायणा स्कॉलस्टिक एप्टीट्यूड परीक्षा 23 से भी अधिक राज्यों में हो रही है। इस परीक्षा का उद्देश्य कम शुल्क में बच्चों को परीक्षाओं की तैयारी करवाना है। इस परीक्षा का परिणाम 6 नवंबर को घोषित किया जाएगा । जो छात्र छात्रवृत्ति की श्रेणी में आएंगे संस्था की ओर से उन्हें निशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और यदि विद्यार्थी कोचिंग सुविधा लेने के इच्छुक नहीं हैं तो उन्हें नकद इनाम वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही बच्चों के अभिभावकों के लिए सेमिनार का आयोजन भी संस्था द्वारा किया गया। सेमिनार में अभिभावकों व बच्चों को मोबाइल की लत से छुटकारा दिलाने और परीक्षा का दबाव कम करने की जानकारी दी। परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थियों को पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने परीक्षा संयोजकों व अभिभावकों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

## कांगड़ा में इस बार भी धूमधाम से मनाई जाएगी वाल्मीकि जयंती

**कांगड़ा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाल्मीकि जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम के बारे जानकारी देते हुए वाल्मीकि सभा कांगड़ा के प्रधान किरण कुमार सहोत्रा ने बताया कि वाल्मीकि जयंती पर 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 अक्तूबर को सुबह 4 बजे प्रभात फेरी, 16 अक्तूबर को सुबह 9 बजे अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की जाएगी और दोपहर 3 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबेनेट टैंक पर्यटन विभाग मंत्री आरएस बाली होंगे। इस दौरान शोभा यात्रा भी निकल जाएगी, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। इसके अलावा माहिर्षि वाल्मीकि जयंती का झंडा रस्म सुबह 10 बजे पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 17 अक्तूबर की सायं भजन संध्या में जिलाधीश कांगड़ा हेमराज भैरवा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। किरण कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भांति शाम को स्टार नाइट का आयोजन भी करवाया जाएगा। जिसमें हिमाचल मैं पंजाब के मशहूर कलाकार वाल्मीकि मंदिर में अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### मुख्य न्यायाधीश ने मां के दर टेका माथा



हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राजीव शकधर ने शनिवार को कांगड़ा स्थित माता बज्रेश्वरी देवी के मंदिर में पहुंचकर माथा टेका और पूजा-अर्चना की। इस दौरान एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, मंदिर अधिकारी नीलम कुमारी, ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली और वरिष्ठ पुजारी उमेश शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने न्यायाधीश का स्वागत कर उन्हें माता की चुनरी और तस्वीर भेंट की गई।

### ज्वालामुखी में 18 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**ज्वालामुखी।** दशहरा पर्व पर ज्वालामुखी मंदिर में 18 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी भरी। भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने बारी-बारी मंदिर में दर्शन कर मां ज्वाला का आशीर्वाद लिया। पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। ज्वालाजी मंदिर में शनिवार को विधायक संजय रत्न ने नवमीं और दशहरे के दिन कन्या पूजन और पूजा-अर्चना कर नवरात्र पर्व का समापन किया। एसडीएम संजीव शर्मा, मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा और न्यास सदस्य भी उपस्थित रहे। पुजारी एवं न्यास सदस्यों ने विधिवत हवन यज्ञ, पूजन और कन्या पूजन का आयोजन किया।

## किसानों ने पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाईवे को किया जाम



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

**कहा, मांगें पूरी न हुईं तो अपनाएंगे संघर्ष का रास्ता**
**राहगीर व यात्री हुए परेशान**

पंजाब सरकार और केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण घेना की आपसी खरीद नहीं हो रही है और मजदूरों, आढ़तियों और शैलरों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर पठानकोट मोर्चे में शामिल किसान संगठनों की ओर से पठानकोट के लदपालवां टोल प्लाजा पर रात 12 बजे से सुबह 3 बजे तक अमृतसर रोड जाम किया गया।

जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गईं। धरने की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन राजेवाल के नेता जत्थेदार केवल सिंह कंग, जम्हूरी किसान सभा के नेता बलदेव राज भोआ, किरती किसान यूनियन के नेता परमजीत सिंह रतनगढ़ और कुल हिंद किसान सभा के नेता पुरुषोत्तम कुमार ने संयुक्त रूप से की। धरने को संबोधित करते हुए कामरेड पलविंदर सिंह मथोला, गुरुमीत सिंह मगराला, कामरेड शिव कुमार, केवल कालिया, मुख्तियार सिंह, गुरशरण सिंह मक्खनपुर, सुरिंदर सहगल, अवतार सिंह, दलजीत सिंह, नोनी अखवाड़ा, लवदीप सिंह, सुरती सिंह, रघबीर सिंह ढलोरियां, बलबीर सिंह बेदी और अन्य साथियों ने केंद्र और पंजाब सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि पंजाब के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के मंत्री लाल चंद कटारूचक अपने जिले पठानकोट में धान की खरीद और भुगतान न होने के कारण हजारों किसानों को परेशानी हो रही है रहे हैं, इससे पूरे पंजाब का अंदाज़्जा लगाया जा सकता है।

इस दौरान नेताओं ने आगे कहा कि अगर पंजाब व केंद्र सरकार समय रहते हस्तक्षेप कर किसानों, मजदूरों व आढ़तियों की बात नहीं सुनती है, समूह जत्थेबंदियों को साथ लेकर शीघ्र ही संघर्ष की राह पर अग्रसर होंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार और केंद्र सरकार की होगी। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल ने उत्तराखंड को 299 रन पर किया आउट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां उत्तराखंड को पहली पारी में 299 रन पर ढेर करने के बाद 364 रन की विशाल बढ़त हासिल की और मेहमान टीम को फॉलोआन के लिए मजबूर किया। मैच के शुरुआती दो दिन की तरह तीसरा दिन भी मेजबान टीम के नाम रहा। चार बल्लेबाजों के शतक की मदद से हिमाचल ने पहली पारी छह विकेट पर 663 रन बनाकर घोषित की थी। उत्तराखंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 50 रन से की। अवनीश सुधा ने उत्तराखंड के लिए 95 रन बनाए, लेकिन शतक से चूक गए। उन्होंने 171 गेंद की अपनी पारी में 12 चौके मारे। अवनीश की पारी के बावजूद मेहमान टीम 299 रन पर सिमट गई। उत्तराखंड ने दूसरी पारी में ओवर में सिर्फ एक ओवर खेला और अभी खाता नहीं खोला है। टीम को मैच ड्रॉ कराने के लिए कल पूरे दिन बल्लेबाजी करनी होगी।

## कांगड़ा में रिकॉर्ड सदस्य जोड़ेगी भाजपा : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला कांगड़ा की सक्रिय सदस्यता अभियान हेतु बैठक धर्मशाला में जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा की अध्यक्ष में हुई जिसमें प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर विशेष रूप से उपस्थित रह।

बैठक को संबोधित करते हुए त्रिलोक कपूर ने कहा कि पूरे भारत में 14 अक्तूबर से बूथ स्तर पर भाजपा का सक्रिय सदस्यता चलेगा और जिला कांगड़ा के भी चारों विधानसभा क्षेत्रों में हर बूथ पर भाजपा सक्रिय सदस्यों की सदस्यता करेगी जिसके लिए मंडल स्तर पर पांच सदस्यों की छोटी टोली का गठन किया गया है ताकि इस अभियान को और तेजी से बढ़ाया जा सके। सक्रिय सदस्य बनने का पात्र अभयर्थी वही होगा, जिसने पार्टी द्वारा दिए लक्ष्य के तहत सदस्यों को जोड़ा होगा । त्रिलोक कपूर ने कहा कि भाजपा जिला कांगड़ा में रिकार्ड सदस्यों को पार्टी से जोडेगी और पुन: भाजपा पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

धर्मशाला में आयोजित हुई इस बैठक में सदस्यता अभियान प्रभारी सुमीत शर्मा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पवन काजल पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी, पूर्व विधायक अरुण मेहरा व जिला महामंत्री दविंदर कोहली व राकेश चौहान व चारों मंडल अध्यक्ष व जिला पदाधिकारी और कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत बोर्ड के पेंशनर्स ने प्रदेश सरकार से मांगी बकाया राशि और देय भत्ते

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

विद्युत पेंशनर्स फोरम पालमपुर की मासिक बैठक शनिवार को अध्यक्ष एसएल भाटिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित मांगों पर मंथन की गई। साथ ही वेतन, पेंशन और चार फीसदी महंगाई भत्ता (डीए) जनवरी 23 से जारी करने के सरकार के फैसले का स्वागत किया।

विद्युत पेंशनर्स फोरम ने आग्रह किया कि सरकार के आदेशों को बोर्ड और निगमों में भी लागू करवाया जाए, ताकि बिजली बोर्ड के कर्मचारियों से सौतेला व्यवहार न हो। एसएल भाटिया ने कहा कि जब कोई लाभ मांगा जाए तो बोर्ड प्रबंधक वर्ग कहता है कि सरकार की तर्ज पर ही दिया जाएगा। मगर अभी तक बोर्ड में 75 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को बकाया देने के सरकारी आदेशों को लागू नहीं किया गया है। बैठक में पेंशनरों के सभी बकाया वित्तीय लाभों का शीघ्र भुगतान करने की भी मांग की गई।

भाटिया ने कहा कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने जायज हक का इंतजार करते स्वर्ग भी सिधार जाएंगे, लेकिन आज तक बकाए का एक पैसा नहीं दिया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने मुख्यमंत्री इस मांग पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। इसके साथ ही जो कर्मचारी संगठन संघर्ष कर रहे हैं, उनके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई को वापस लेकर वार्ता का रास्ता खोलने की मांग की।

बैठक में जिला प्रेस सचिव अमरनाथ सेठी, संजीव शर्मा, कुलतार, रमेश बाबा, सतीश कुमार, धर्म चंद जिला कार्यकारिणी सदस्य, पवन सरोत्री जिला लेखा रीक्षक, संतोष सरोत्री, इकाई सचिव, बीडी मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष समेत कई लोग मौजूद रहे।

**जागरूकता** कांगड़ा शहर के लोगों को भूकंप निर्माण संहिता के अनुसार घर बनाने के लिए किया जागरूक

## आपदावीरों ने चलाया आपदा जोखिम न्यूनीकरण अभियान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**





अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आपदा मित्र और आपदावीर स्वयंसेवकों की टीमों ने आपातकालीन और आपदा प्रबंधन संसाधन केंद्र कांगड़ा के सहयोग से रविवार को 2 बजे कांगड़ा शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर एक व्यापक सामुदायिक आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण अभियान चलाया।

यह प्रयास हिमाचल प्रदेश सरकार की समर्थ 24 पहल का हिस्सा था, जिसे कांगड़ा जिले में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कांगड़ा द्वारा लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जन जागरूकता और सक्रिय कार्रवाई के माध्यम से आपदा-प्रतिरोधी समुदायों का निर्माण करना है। जानकारी के अनुसार 15 स्वयंसेवकों की टीमों ने 300 से अधिक घरों का दौरा किया, जहां उन्होंने निवासियों के साथ आपदा तैयारी पर चर्चा की और भूकंप और भूस्खलन जैसी आपदाओं से घरों को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। इस अभियान का शीर्षक था घर-घर दस्तक, हर घर दस्तक, जिसका उद्देश्य परिवारों को भूकंप निर्माण संहिता के अनुसार नए घर बनाने, कम लागत वाले रेट्रोफिटिंग तकनीक, आपातकालीन योजना और सुदृढ़ आवास के महत्व के बारे में शिक्षित करना था।

उन्होंने यह भी बताया कि आपदा प्रबंधन संसाध केंद्र कांगड़ा सरकारी योजना के समर्थन में, जिले भर में आपदा-प्रतिरोधी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए हर पंचायत से लगभग 5 राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था कर अपना योगदान दे रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बुमाणा में रावण का सबसे ऊंचा पुतला जलाया



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दशहरा के शुभ पर्व पर रावण दहन का आयोजन हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बुमाणा में किया गया। इस आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने हिस्सा लिया। इस मौके पर दशहरा कमेटी ने हमीरपुर जिले का सबसे ऊंचा रावण का पुतला लगाया हुआ था, जिसे स्थानीय लोगों ने खुद तैयार किया था। दशहरा के इस शुभ पावन अवसर पर पूरा दिन रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन किए गए और साथ में रामलीला का मंचन भी किया गया। इस मौके पर विभिन्न महिला मंडलों ने आकर अपनी हिमाचली संस्कृति की प्रस्तुतियां दी जिसमें महिला मंडल फाफन, महिला मंडल बुमाणा और महिला मंडल दैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दशहरा कमेटी के रमेल सिंह, विजय कुमार, पवन डोगरा आदि ने बताया कि इस आयोजन को पिछले 24 वर्षों से यहां पर किया जा रहा है और हर वर्ष इसमें इसी तरह हजारों लोग आकर हिस्सा लेते हैं, और धर्म की अधर्म के ऊपर जीत को इसी तरह रावण दहन कर मनाते हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने इलाका वासियों को दशहरा की बधाइयां दीं और कहा कि आज जिस तरह हमारी संस्कृति का मंचन विभिन्न महिला मंडलों ने और विभिन्न लोकल आर्टिस्टों ने यहां पर किया है वह समय की बहुत बड़ी जरूरत है। अंत में रावण के पुतले का दहन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सूर्यांश स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाएगा प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज का सूर्यांश शर्मा अंडर-14 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता जो धर्मपुर मंडी में 17 से 20 अक्तूबर तक होगी, उसमें अपनी खेल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएगा। बता दें कि सूर्यांश इससे पूर्व जोनल, ब्लॉक व जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कबड्डी खेल में अच्छा खेल दिखाकर अपनी टीम को विजेता बना चुका है। स्टेट प्रतियोगिता से पूर्व 6 दिवसीय कैंप जाहू स्कूल में लगेगा, उसके बाद धर्मपुर में 17 से 20 अक्तूबर तक राज्यस्तरीय प्रतियोगिता होगी। पूर्व प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने सूर्यांश को बधाई दी व उसका मार्गदर्शन किया।

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक




**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक यहां शिवालिक हाउस में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजिंद्र सिंह बीडीसी चेयरमैन भोरंज ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 अक्तूबर को वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी, वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सरकाघाट तथा अमृता संस्था टीहरा सामूहिक रूप से इसका आयोजन करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न गौ सदनों के आयोजकों तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को जो अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं, इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कर्म चन्द सहगल, किशोर लाल, एम.एल. शर्मा, जगदीश चंद, केएस भंडारी, डॉ. बीआर शर्मा, जगदेव शर्मा तथा केशव शर्मा उपस्थित थे।

# एनएच निर्माण कंपनी की लापरवाही से कोल्हू सिद्ध मंदिर पर गिरी चट्टान

## लोगों ने जताया रोष, बोले-मंदिर में पहले भी ब्लास्टिंग से हो चुका है नुकसान

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



टौणी देवी से अवाहदेवी में एनएच के निर्माण में कंपनी की लापरवाही आए दिन देखने को मिल रही है। शनिवार रात लगभग 8 बजे एक भारी चट्टान लुढ़क कर मंदिर की छत पर जा गिरी, जिससे मंदिर को काफी नुक्सान हुआ। गनीमत यह रही कि उस समय कोई श्रद्धांलु या पुजारी मंदिर में नहीं थे नहीं को किसी कि जान भी जा सकती थी। जब से एनएच का कार्य शुरू हुआ कोल्हू सिद्ध मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा है। कभी गेट टूटा, कभी पत्थरों से छत क्षतिग्रस्त हुई। एनएच के निर्माण में अभी यह क्रम जारी है, जबकि इससे पहले जब निर्माण कंपनी ने एनएच निर्माण के लिए ब्लास्टिंग की थी तो मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा था।

निर्माण कंपनी के अधिकारियों ने मंदिर के पुजारी और लोगों को आश्वासन दिया था कि मंदिर की छत की मरम्मत करवा देंगे और आगे से मंदिर के ऊपर ब्लास्टिंग नहीं करेंगे। अब मंदिर के ठीक ऊपर सड़क किनारे बहुत से पत्थर व मलवा पड़ा हुआ है जो कटान के लिए लगी पोकलेन या वाहनों के आगमन से उत्पन्न कंपन से कभी भी गिर कर मंदिर को और नुक्सान पहुंचा सकता है। पुजारी रघुबीर सिंह, ग्रामीण देश राज, सुनील चौहान, संजीव कुमार, जसवंत सिंह सहित अन्य लोगों ने इस घटना पर रोष जताया और मांग की है कि मंदिर को हुए नुकसान को शीघ्र ठीक किया जाए और गिर रहे मलवे व पत्थरों को हटा कर सुरक्षा दीवार लगाई जाए।

बता दें कि कोल्हू सिद्ध लोगों की आस्था का केंद्र है व यहां प्रदेश व बाहरी राज्यों से लोग अपनी मन्नत मांगने आते है। मौके पर पहुंचे कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने आश्वासन दिया कि एक हफ्ते में मंदिर को हुए नुकसान को ठीक कर दिया जाएगा व मलवा व पत्थर हटा दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर किया जागरूकता



गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करते कलाकार।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत भोरंज व जाहू में न्यूनीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सूचना एवं जन संपर्क विभाग के माध्यम से सरस्वती कला मंच के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से किया गया। लोगों को आपदा से कैसे बचें व क्या क्या सावधानियां बरतें गीत संगीत व नाटक के माध्यम से जागरूक व मनोरंजन भी किया गया। कलाकारों में बिमला राठौर, पल्लवी, बनिता, बीना, भूमि देव, सजंय, राजेन्द्र भारद्वाज, शिवम आदि कलाकर उपस्थित रहे। वहीं, ग्रामीणों में जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा, भोरंज प्रधान पूजा कुमारी, जगदीश चंद, नवल किशोर, जोगिंद्र सिंह, सुदेश कु मारी, शकुंतला देवी, मधुबाला, कमलेश कुमारी, सीमा देवी इत्यादि मौजूद रहे।

## राजस्थान ने 90 ओवर में 5 विकेट पर 308 रन बनाए

**नादौन।** अटल बिहारी वाजपेई क्रिकेट स्टेडियम नादौन में अंडर 23 कर्नल सीके नायडू 4 दिवसीय क्रिकेट ट्रॉफी हिमाचल व राजस्थान के बीच शुरू हो गई है। रविवार को राजस्थान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान की टीम ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 90 ओवर में 5 विकेट पर 308 रन बनाए । यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि राजस्थान के बल्लेबाज सुमित गोदारा ने 96, हेमंत जोशी ने 58, राज शर्मा ने 60, कर्ण लांबा 57 रन व अनिरुद्ध सिंह 23 रन बनाकर नॉट आउट रहे। हिमाचल की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य कुमार ने 2 विकेट ली जबकि साहिल कुमार व मृदुल सरोच ने एक-एक विकेट ली । एक बल्लेबाज रन आउट हो गया।

# शिक्षा विभाग ने जारी की स्टेट स्पॉन्सर्ड स्कॉलरशिप की कट ऑफ लिस्ट

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**




शिक्षा विभाग ने दसवीं कक्षा के मेरीटोरियस छात्रों की स्टेट स्पॉन्सर्ड स्कॉलरशिप की कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी है। इसमें सभी कैटेगरी के छात्रों की अलग-अलग कट ऑफ लिस्ट तैयार की गई है। इसके मुताबिक ही मेरिटोरियस छात्रों को अलग-अलग कैटेगरी में अगले दो वर्ष तक स्कॉलरशिप प्रदेश सरकार द्वारा मुहैया करवाई जाएगी।

ऐसे में सभी स्कूल मुखिया अपने-अपने मेरिटोरियस छात्रों के स्कॉलरशिप फॉर्म समय पर भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि सभी पात्र छात्रों को स्कॉलरशिप के तौर पर मिलने वाली राशि मिल सके। अगर कोई छात्र किसी कारणवश स्कॉलरशिप से वंचित रहता है, तो संबंधित स्कूल मुखिया व नोडल ऑफिसर इसके जिम्मेदार होंगे। शिक्षा विभाग ने एकेडमिक सेशन 2024-25 के दसवीं कक्षा के मेरिटोरियस छात्रों की कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी है, ताकि पात्र मेरिटोरियस छात्रों के फार्म स्कूल प्रबंधन समय पर भरवा सकें। शिक्षा विभाग की कट ऑफ मेरिट में सामान्य वर्ग के छात्रों को स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट योजना के तहत आगामी दो वर्ष के लिए छात्रवृत्ति मुहैया करवाई जाती है। इसमें 655 (93.57) अंक वाले या इससे अधिक अंक वाले छात्र पात्र होंगे। इसी तरह एससी वर्ग के छात्रों को डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना मुहैया करवाई जा रही है। इसमें 631 (90.14) अंक वाले या इससे अधिक अंक वाले छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगें। ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत ही छात्रवृत्ति मुहैया करवाई जा रही है। इसमें 636 (90.86) अंक वाले या फिर इससे अधिक अंक वाले छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे।

इसके अलावा एसटी वर्ग के छात्रों के लिए ठाकुर सेन नेगी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति मुहैया करवाई जा रही है। इसमें लड़कियां 651 (93.00) अंक या इससे अधिक और लड़के 626 (89.43) अंक या इससे अधिक अंक वाले छात्र ही मेरीटोरियस छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। इन छात्रों को आगामी दो वर्षों में अलग-अलग कैटागिरि में छात्रवृत्ति मुहैया करवाई जाएगी। ऐसे में संबंधित स्कूल मुखिया जहां पर मेरिटोरियस छात्र वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं वह पात्र छात्रों के फार्म समय पर भरवाना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

> शिक्षा विभाग ने अकादमिक सेशन 2024-25 के दसवीं कक्षा के मेरिटोरियस छात्रों की स्टेट स्पॉन्सर्ड स्कॉलरशिप की कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी है। इसमें सभी कैटेगरी के छात्रों को अलग-अलग छात्रवृत्ति अगले दो वर्षों तक मुहैया करवाई जाएगी। ऐसे में संबंधित स्कूल मुखिया अपने-अपने स्कूलों के पात्र छात्रों के छात्रवृत्ति फार्म समय पर भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र छात्र शिक्षा विभाग की छात्रवृत्ति से वंचित न रह सके।
> -अनिल कौशल, उपनिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग हमीरपुर

संगठनात्मक ढांचे की विसात

# हमीरपुर भाजपा के नए रूप की विसात बिछाने की 'चमक शुरू

- उपचुनावों के घाल मेल का असर देख रहे नए और पुराने कार्यकर्ता
- राणा, लखनपाल और आशीष की 'तिकड़ी' चर्चा में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



राजेंद्र राणा



इंद्र दत्त लखनपाल



आशीष शर्मा

हमीरपुर जिला की भाजपा राजनीति अब अपने अलग अंदाज में 'करवटें' बदलने का दम भरने लगी है। भाजपा के इस नए रूप-स्वरूप की विसात जिस अंदाज में अब बिछनी शुरू हो रही है, उसकी 'चमक' भी अपने अलग अंदाज में बीच-बीच में दिख रही है। यही वजह है कि अब जिला की राजनीति में पुराने और नए भाजपा कार्यकर्ताओं की स्थिति फिलहाल असमंजस में हो, ऐसा ज्यादा प्रभावी नहीं दिख रहा है। फिलहाल इस नई 'चमक' के चेहरे सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, बड़सर से विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और हमीरपुर के आशीष शर्मा दिख रहे हैं।

इनकी गतिविधियां पिछले कुछ समय से जिस नए राजनीतिक परिवेश में नजर आ रही हैं, उसी की वजह से यह नया आधार दिखाई देने लगा है। लंबे समय से इस जिला की राजनीति पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और उनके परिवार के इर्द गिर्द ही घूमती रही है। उनका प्रभाव इस जिला की राजनीति में ही नहीं, प्रदेश की राजनीति में जिस अंदाज में पार्टी को दो मर्तबा सत्ता में लाया। उसके बाद एक बार फिर पार्टी को बड़ा बहुमत मिला। तब जयराम ठाकुर के नेतृत्व में सरकार का गठन हो चुका था। लेकिन प्रेम कुमार धूमल खुद का चुनाव हार चुके थे।

बस, यहीं से राजनीति ने 'करवट' लेनी शुरू कर दी थी। उसके बाद हिमाचल में 'सुक्खू सरकार' को लेकर ऑपरेशन लोट्स का जो अंदाज देखा गया। उसमें कई चीजें प्रदेश भाजपा में पुराने लोगों को समझ आने लगी। देखते ही देखते जो विसात बिछाई गई थी, वह तो मुकम्मल नहीं हो पाई। लेकिन उपचुनावों का दौर शुरू हुआ और फिर ऑपरेशन लोटस में शामिल लोगों को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया। दरअसल में यह सारी स्थिति दिल्ली दरबार की जिस अंदाज में हिमाचल के लोगों ने देखी है, अब उसी के आधार पर अगले पार्टी के संगठनात्मक ढांचे के चुनावों को लेकर भी हलचल शुरू हो चुकी है।

हमीरपुर की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि हमीरपुर धूमल साहब का गढ़ रहा है। लेकिन इस गढ़ में पिछले विधानसभा चुनावों से लेकर अभी तक जो स्थिति तैयार हुई है, उसी के कारण यह नया अंदाज भाजपा का रूप स्वरूप बदलने की 'चमक' बिखेरने लगा है। (अनंत ज्ञान)

### पांच विधानसभा क्षेत्र, पांचों में अंदाज बदला

**जिला** की पार्टी राजनीति में यहां पांचों विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक ढांचे का जो अंदाज देखा जा रहा है, उसमें बदलाव का आधार और धरातल तैयार हो रहा है। सुजानपुर में पार्टी का ढांचा बहुत कुछ बदलाव का आधार तैयार कर चुका है। वहां अब पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के साथ कदमताल की तैयारी कर रहा है। बड़सर में परिस्थितियां अब कांग्रेस से आए भाजपा के टिकट पर जीते विधायक इंद्र दत्त लखनपाल के इर्द-गिर्द बिसात बिछाए हुए हैं। हालांकि वहां पर पूर्व विधायक के नेतृत्व वाला भाजपा का ढांचा अब करवट बदल पाएगा इस पर तो संदेह ही है। लेकिन बदली परिस्थितियों में लखनपाल ने भी आरएसएस के साथ 'कदमताल' शुरू कर रखी है।

रही बात हमीरपुर की, यहां भाजपा की राजनीति अब नए माहौल में प्रवेश कर चुकी है। युवा शक्ति को मुख्य रूप से आधार बनाकर दूसरी मर्तबा यहां से विधायक बने आशीष शर्मा की मौजूदगी अब भाजपा के परंपरागत नेताओं और चाहबानों के लिए खतरे की घंटी साबित हो चुकी है। हमीरपुर में हालत भी अब परंपरागत लोगों के लिए 'गुदगुदाने' वाले नहीं रहे हैं। इसीलिए सुजानपुर बड़सर और हमीरपुर तीन विधानसभा क्षेत्र तो सीधे रूप से ऑपरेशन लोटस के जरिए अपनी 'चमक' बिखेरने में कामयाब हो गए हैं। भोरंज और नादौन की परिस्थितियों पहले से ही अलग अंदाज में रही हैं और ऐसा नहीं है कि वहां पर धूमल समर्थक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हो, लेकिन पार्टी की राजनीति में यहां भी अब नए माहौल की राजनीति घोड़े पर सवार हो चुकी है। पूर्व विधायक कमलेश कुमारी भोज में और पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री नादान की राजनीति में अपना आधार तो रखते ही हैं। इसीलिए इन्हें किसी और से चुनौती मिले? फिलहाल दिखता ऐसा नहीं है। इसीलिए संगठनात्मक ढांचे के लिए अब पार्टी की राजनीति पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नए माहौल में दिखने लगी है। सदस्यता अभियान फिलहाल पार्टी का जारी है और जिस अंदाज में नए पार्टी के नेता अब आपसी कदमताल के जरिए कार्यकर्ताओं और दूसरे नेताओं के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। उससे साफ तौर पर यही लग रहा है कि संगठनात्मक ढांचा अब हमीरपुर भाजपा का नए माहौल में पिरोने की तैयारी हो चुकी है।

### राघव बने हिमाचल प्रदेश किसान यूनियन के उपाध्यक्ष



**भरेड़ी।** जाहू-हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष राघव कपिल जिला हमीरपुर से संबंध रखते हैं। वह एक समाजसेवी हैं और लोगों की सेवा में उनके काम करवाने में सबसे आगे रहते हैं । राघव ने इस नियुक्ति पर हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष सीता राम वर्मा व प्रदेश के महासचिव रोशन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

रोशन लाल शर्मा का कहना है कि हमारे हिमाचल प्रदेश के किसान यूनियन ने राघव को प्रदेश का उपाध्यक्ष चुना है, मुझे पूरा विश्वास है की राघव कपिल इस जिम्मेदारी को अहम भूमिका से निभाएगें। राघव कपिल का कहना है कि मैं अपनी इस जिम्मेदारी को अच्छे से निभाते हुए सब किसान भाइयों की समस्याओं को हमारा संगठन, मुख्यमंत्री व हिमाचल के कृषि व बागवानी मंत्री से चर्चा करके हल करवाएंगे।

# ऊलह स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊलह में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप का शुभारंभ मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मोहन सिंह डोगरा ने किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने मुख्यातिथि मोहन सिंह डोगरा का भव्य स्वागत किया। मुख्यातिथि मोहन सिंह डोगरा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों को संबोधित किया तथा अपने सेवाकाल के राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित अनेक अनुभवों को साझा किए।

कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि शिविर में कुल 52 स्वयं सेवी भाग ले रहे है, जिसमें 28 छात्राएं और 24 छात्र है। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील चौहान, महिला कार्यक्रम अधिकारी सुनीता ठाकुर, प्रवीण चौधरी व विनोद कुमार उपस्थित थे।

# नशा मुक्त समाज बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को करने होंगे प्रयासः डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



शहर में माउंटेन टॉर्क मास्टर्स के द्वारा रन हमीरपुर मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन गांधी चौक से शुरू होते हुए भोटा चौक, दोसड़का, डुग्गा, बाईपास, बजूरी चौक से होते हुए गांधी चौक पर आकर समाप्त हुई यह मैराथन पूरे 15 किलोमीटर की रही।

समापन समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिरकत की। डॉ. वर्मा के पहुंचने पर माउंटेन टॉर्क मास्ट्र्स के मुख्य कार्यकारी हरदेव ठाकुर ने टोपी और शॉल पहनाकर मुख्यातिथि का स्वागत किया। हरदेव ने बताया कि यह हमारा दूसरा इवेंट था जिसके द्वारा हम नौजवानों में नशे के खिलाफ जागरूकता जगाने की कोशिश करते हैं। पहला इवेंट हमारा बाइक रैली के रूप में था और यह हमारा मिनी मैराथन के रूप में दूसरा इवेंट रहा। इस मौके पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने नौजवान युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे समाज के अंदर फैली इस नशे की बीमारी को हम सबको मिलकर मिटाना होगा।

उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति नशा करता है, उसके अंदर एक हीन भावना होती है जो किसी को बताता नहीं है। हमें नशेड़ी युवकों को अकेले न छोड़ते हुए उनके ऊपर दया दिखाते हुए उनको इलाज के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि वह नशे को त्याग कर समाज में एक सकारात्मक भूमिका निभा सके। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, नगर परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष मनोज मिन्हास, जिला खेल अधिकारी विवेक कुमार, संजीव ठाकुर, विपिन ठाकुर व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





### शिवाली-सुरेश बने विजेता

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** माउंटेन टॉर्क मास्टर एसोसिएशन द्वारा रविवार को रन हमीरपुर मैराथन-2024 का आयोजन किया गया। इसमें जिला हमीरपुर के अलावा अन्य प्रदेशों के एथलीट ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए सुबह 6 बजे से पंजीकरण शुरू और सुबह 7 बजे यह प्रतियोगिता शुरू हो गई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला खेल अधिकारी विवेक कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में कुल 106 एथलीटों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शिवाली और सुरेश 15 किलोमीटर की मैराथन दौड़ के विजेता बने। विजेता खिलाड़ियों को नकद 3100 रूपए और प्रमाण पत्र दिए गए। इसके अलावा अन्य विजेताओं को भी नकद पुरस्कार और प्रमाण दिए गए। (अनंत ज्ञान)

विकास

## नादौन कस्बे के बारे में कभी यह कहावत प्रचलित थी कि 'जो आए नादौन, तो फिर जाए कौन'

# पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में विकसित हो रहा नादौन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचल प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन रूट और शिमला-मटौर फोरलेन नेशनल हाईवे एवं अटारी-हमीरपुर-मंडी नेशनल हाईवे के जंक्शन पर ब्यास नदी के किनारे स्थित नादौन कस्बे को देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य आरंभ हो चुका है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर और धार्मिक, ऐतिहासिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नादौन कस्बे के बारे में कभी यह कहावत प्रचलित थी कि 'जो आए नादौन, तो फिर जाए कौन'।

आधुनिक दौर में इस कहावत को सही मायनों में चरितार्थ करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन के लिए एक व्यापक एवं दूरगामी परियोजना का खाका खींचा है। नादौन में पर्यटन की संभावनाओं के उचित दोहन के लिए मुख्यमंत्री की सोच से उपजी इस परियोजना को चरणबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है।



नादौन शहर में अमतर चौक पर निर्माणाधीन हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम का होटल।

इसी कड़ी में नादौन शहर में अमतर चौक पर लगभग 45 करोड़ रुपए की लागत से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अत्याधुनिक होटल का निर्माण कार्य जोरों पर है। इस होटल के निर्माण से नादौन और इसके आस-पास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बल मिलेगा। दरअसल, शिमला-धर्मशाला-डलहौजी पर्यटन रूट और हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों बाबा बालक नाथ, ज्वालाजी, चिंतपूर्णी, ब्रजेश्वरी माता और चामुंडा माता मंदिर के धार्मिक पर्यटन रूट पर स्थित होने के बावजूद नादौन में पर्यटकों के रुकने के लिए अभी तक कोई भी स्तरीय होटल नहीं है।

विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी क्षेत्र में एक पर्यटक का आगमन एवं ठहराव लगभग 15 लोगों को रोजी-रोटी दे सकता है, लेकिन नादौन कस्बे में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटकों के गुजरने के बावजूद यहां के व्यावसायियों और आम बाशिंदों को कोई खास फायदा नहीं हो पा रहा था। आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल या गेस्ट हाउस उपलब्ध न होने के कारण पर्यटकों को भी नादौन में निराशा ही होती थी।

### सीएम सुक्खू ने नादौन को दी बड़ी सौगात

**मुख्यमंत्री** सुक्खू नादौन के लिए बहुत बड़ी सौगात लेकर आए हैं और अब वे दिन दूर नहीं हैं, जब इस क्षेत्र में भी पर्यटकों की काफी चहलकदमी देखने को मिलेगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने नादौन में केवल होटल का निर्माण ही शुरू नहीं करवाया है, बल्कि रिवर राफ्टिंग एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स तथा अन्य गतिविधियों के लिए भी बेहतरीन इनफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। इसमें वेलनेस सेंटर और खरीड़ी मैदान में इंडोर स्टेडियम के लिए 65-65 करोड़ रुपए का प्रावधान शामिल है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए वे-साइड अमेनिटीज यानि हाईवे के किनारे आवश्यक सुविधाओं के लिए 13 करोड़ रुपए की योजना भी शामिल है। पिछले वर्ष यहां एशियाई स्तर की रिवर राफ्टिंग स्पर्धा का आयोजन भी करवाया गया था, जिससे यहां एडवेंचर स्पोर्ट्स की संभावनाओं के उचित दोहन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडा में हिमाचलियों ने मनाया दशहरा पर्व



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कनाडा के ओटावा पार्लियामेंट हिल में लगातार दूसरे वर्ष धूमधाम से दशहरे के सफल आयोजन के लिए कनाडा में हिमाचली प्रवासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से विदेश में रह रहे हिमाचलियों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने के लिए उनकी सराहना की और कहा कि वे राज्य के सच्चे ब्रांड एंबेस्डर हैं। उन्होंने कहा कि इस विशेष आयोजन में कनाडा के 30 से अधिक क्षेत्रीय संघों का भरपूर सहयोग मिला और प्रवासी हिमाचलियों ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग चाहे दुनिया के किसी भी कोने में रह रहे हों लेकिन इस तरह के आयोजनों से उन्हें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि 'कनाडा में जिस तरह हमारे भाइयों और बहनों ने इन परम्पराओं को जीवंत रखा है, उस पर हमें गर्व है।' मुख्यमंत्री ने प्रवासी हिमाचलियों से राज्य के विकास में योगदान देने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और प्रवासी हिमाचली इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा किया गया निवेश न केवल हिमाचल को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएगा बल्कि यहां की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि 'इस पहल में आपकी भागीदारी हिमाचल के भविष्य को उज्ज्वल बनाने और यहां के आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण होगी।'

### विद्यार्थियों को दिया अनुशासन का संदेश

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** परियोजना वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भावानगर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीआर संख्यान प्राचार्य ने शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को अनुशासन आपसी भाईचारा तथा सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना और बच्चों में समाज सेवा की भावना को विकसित करना। इस शिविर में 42 स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी शशि बाला नेगी ने छात्र-छात्राओं से नशे से दूर रहने व जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। एनएसएस शिविर के तहत स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर की साफ सफाई गोद लिए गांव भावानगर में प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया तथा उसका उचित निष्पादन किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कैंप के दौरान एनएसएस वाटिका का सौंदर्यकरण रास्तों का निर्माण और खेल के मैदान का रखरखाव व सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई भी की गई। संध्याकालीन सत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे।



# चंबा की धरोहरों में है चंबा चप्पल का अहम स्थान, हर जुबां पर इसका नाम

**अनंत ज्ञान, चंबा**



ऐतिहासिक, धरोहरों से विख्यात शहरों की बात करें तो हजारों वर्ष प्राचीन चंबा शहर का नाम अपने आप ही जुबां पर आ जाता है।

हिमाचल प्रदेश राज्य के ऐतिहासिक चंबा जिला अपनी सांस्कृतिक धरोहर के लिए पूरे विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहां के प्राचीन मंदिर , प्राचीन पत्थर और धातुओं की मूर्तियां हो, मंदिरों का काष्ठ शिल्प हो, चित्रकारी हो, चंबा रूमाल हो कशीदाकारी हो या अन्य हमारी धरोहर के आयाम हो उन सबमें चंबा जिला प्रमुख स्थान रखता है। चंबा चप्पल हस्तशिल्प भी रियासतकाल से अहम महत्व रखता है। जिसका प्रमाण भूरी सिंह संग्रहालय में दीवारों पर राजा-महाराजाओं के मौजूद चित्रों में उनके पैरों में चंबा चप्पल साफ तौर शान बढ़ाती दिखाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि रियासतकाल में चंबा नगर में चंबा चप्पल से तत्काल ही विख्यात जूते महिला-पुरूष दोनों वर्ग पहनते थे, जिसमें राजवंश के लिए यह जूते विशेष जरी-घोटे की कशीदाकारी के यहां स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए जाते थे। जिन्हें राजा महाराजा, रानी, महारानियां व अन्य परिवारिक सदस्य भी बड़ी ही शान से पहनते थे। कहते हैं कि इन चप्पल और जूती को बनाने वाले कारीगर राजा के दहेज में आए थे। चंबा चप्पल एक परंपरा है जो राजा साहिल वर्मन के समय की है।

जब उनका विवाह नूरपुर की राजकुमारी से हुआ, तो चपल निर्माता या मोची, दर्जी और श्रृंगार कलाकारों के साथ दहेज के रूप में रानी और राज्य की सेवा के लिए आए। चंबा चप्पल भौगोलिक संकेत मिलते है। राजा और रानी उनके हाथ से बनी जरी और रेशम की कढ़ाई वाली चप्पलें पहना करते थे, जिनके वंशज आज भी इस कला को संजोए हुए है, लेकिन वर्तमान में चमड़े एवं अन्य सामग्री के बढ़ते दामों के चलते अब इसका अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होने की ओर अग्रसर है।

मगर गत वर्षों पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने ऐतिहासिक चंबा चप्पल को पेटेंट करवाने की बात कही थी, जिसको लेकर इस व्यवसाय से जुड़े कारीगरों ने काफी खुशी का इजहार व्यक्त किया, लेकिन उनकी सत्ता विलय व निधन के पश्चात उनकी घोषणा बेशक तत्काल समय में पूर्ण नहीं हो सकी। मगर इस घोषणा ने चंबा चप्पल से जुड़े युवा वर्ग को इसी व्यवसाय से आगे बढ़ने एवं विश्व विख्यात होने की उम्मीद की नई किरण दें दी। जिसे जुनून बनाते हुए युवाओं ने अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा का गठन किया। जिसमें बुजुर्ग और युवा वर्गों ने एकजुट होकर राज्य सरकार से चप्पल को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) और पेटेंट करवाने का पत्राचार की मुहिम छेड़ दी।

चंबा चप्पल अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा युवाओ के प्रयासों की बदौलत चंबा के जटिल कढ़ाई वाले चमड़े की चप्पल को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) के तहत गत वर्ष रजिस्टर्ड किया गया है। इससे देश में कहीं और इसकी सस्ती नकल को रोकने में मदद मिलेगी। चंबा चप्पल हस्तनिर्मित चमड़े से बनी चप्पलें हैं जो प्राकृतिक चमड़े के साथ-साथ अन्य रंगों में भी आती हैं। जीआई टैग प्राप्त करने की औपचारिकताएं हिमाचल प्रदेश सूचना केंद्र, हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद और अंबेडकर मिशन सोसाइटी, चंबा द्वारा निमार्ताओं की ओर से संयुक्त रूप से की गईं।

# जिला स्तरीय होगा सिहुंता दशहरा उत्सव : कुलदीप



लोगों को संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गत दिन (शनिवार को) दशहरा उत्सव के उपलक्ष पर सिहुंता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाग लिया। कुलदीप सिंह पठानिया ने क्षेत्र वासियों को दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये उत्सव अच्छाई की बुराई पर जीत का एक प्रतीक है। दशहरा उत्सव संपूर्ण राष्ट्र में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

विधानसभा अध्यक्ष ने दशहरा उत्सव सिहुंता को जिला स्तरीय उत्सव करने की घोषणा की। उन्होंने आयोजन समिति को एक लाख की धनराशि उपलब्ध करवाने का भी ऐलान किया ।

साथ में उन्होंने यह भी कहा दशहरा उत्सव हमारी सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। दशहरा उत्सव को संपूर्ण देश में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने दशहरा आयोजन समिति के सभी सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों और समस्त क्षेत्र वासियों को दशहरा उत्सव के दौरान रामलीला के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दी।

विधानसभा अध्यक्ष को इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा शॉल टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम पारस अग्रवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# राजपूत सभा चंबा ने किया शस्त्र पूजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजपूत सभा चंबा द्वारा दशहरे के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम एक भव्य और गरिमामय आयोजन साबित हुआ। इस अवसर पर चंबा के राजा प्रेम सिंह वर्मन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वशिष्ठ अतिथि के तौर पर पदम श्री ललित वकील भी उपस्तित रही। कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में बाजार में एक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 250-300 लोगों ने भाग लिया। इसके बाद चंपावती मंदिर में शस्त्र पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ब्लड डोनेशन कैंप, बुजुर्गों का मार्गदर्शन और बच्चों के भाषण विशेष आकर्षण थे।



कार्यक्रम के दौरान राजपूत सभा के सदस्य।

इस अवसर पर राजपूत सभा के संस्थापक ब्रिगेडियर आरएस जम्बाल, सभा के जिला अध्यक्ष शुभम ठाकुर, चीफ पेटर्न्स लोकेंद्र सिंह, करनल सुरेंद्र सिंह, राजीव ठाकुर, परमिंद्र जरियाल ,महेंद्र सिंह जन्द्रोटिया, सुरेंद्र राठौर, मुख्य सलाहकार शक्ति सिंह , पवन ठाकुर , कैप्टन एम आर ठाकुर सतेंद्र सिंह जन्द्रोटिया, प्रकाश सिंह नरयाल, विजेंद्र सिंह नरयाल, सूबेदार ओपी कोतवाल व जिला की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी वह सदस्य जैसे वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसवंत ठाकुर, उपाध्यक्ष मदन ठाकुर, हरीश नरयाल, रविंद्र ठाकुर, सरिता कोपड़ा, महासचिव राजकुमार ठाकुर, हरीश ठाकुर, सचिव संदीप सिंह, कानूनी सलाहकार दुनीचंद ठाकुर, हरेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, वित्त सचिव बीएस ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, अरविंद ठाकुर, शुभम ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

# धर्म के विरुद्ध बोलने वाले नहीं होंगे बर्दाश्त : मुस्लिम समुदाय

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला की अंजुमन इस्लामिया की सलूणी इकाई के सदर फारुख बट की अगुवाई में रविवार ज्वांस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय लोगों ने बैठक में भाग लिया।

इस दौरान हाल ही में मुस्लिम पैगंबर हजरत मोहम्मद के खिलाफ की गई टिप्पणी करने वाले यति नरसिंहा नंद सरस्वती के खिलाफ राष्ट्रपति ओर प्रधानमंत्री से फांसी की सजा की मांग की है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया की सब कुछ बर्दाश्त कर सकते है उनके धर्म के विरुद्ध बोलने वाले को बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में पांच सौ से अधिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया और कहा की उक्त टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ हिंदू भाई चारे ने भी कड़े



बैठक के दौरान मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग।

शब्दों में निंदा की है। यह किसी को अधिकार नही है की कोई किसी के धर्म के खिलाफ अनाप शनाप बयानबाजी करें। अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म के खिलाफ गलत बोलता है तो उसे फांसी की सजा होनी चाहिए।

वहीं दूसरी और सलूणी अंजुमन इस्लामिया के सदर फारुख बट्ट रजवी ने कहा की हम सभी धर्मों का समान करते है , लेकिन जिस तरह से यति नरसिंहा नंद सरस्वती ने हमारे पैगम्बर के खिलाफ टिप्पणी की है उससे हम लोग आहत है प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मांग करते है, की उक्त व्यक्ति के खिलाफ फांसी की सजा हो और कोई भी व्यक्ति किसी के धर्म के खिलाफ न बोल सके ।

वहीं दूसरी ओर स्थानीय व्यक्ति ने कहा की हम सब बर्दाश्त कर सकते है लेकिन कोई हमारे पैगम्बर के खिलाफ बोलेगा वो बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा की सरकार ऐसा कानून लेकर आए की किसी भी धर्म के खिलाफ अगर कोई बोलता है तो उसे फांसी की सजा होनी चाहिए ।

# शौचालय में महिलाओं से वसूले जा रहे पांच रुपए

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

अंतरराज्यीय बस स्टैंड सुंदरनगर में यात्रियों के लिए बनाए गए शौचालय के इस्तेमाल को लेकर पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के साथ सुविधा के नाम पर भेदभाव किया जा रहा है। इसके कारण महिलाओं में भारी रोष व्याप्त है।

बस अड्डा परिसर में बने शौचालय में जहां पुरुषों के लिए मूत्र विसर्जन की सुविधा निशुल्क है वहीं महिलाओं से इसके लिए पांच रुपए शुल्क वसूल किए जाते है। जबकि शौचालय प्रबंधन का कार्य देखने वाले केवल शौच करने के लिए शौचालय के उपयोग के लिए शुल्क पुरुषों व महिलाओं से ले सकते है। शौचालय के बाहर तैनात किए गए कर्मचारी हर महिला से पांच रुपए



लेते है। अगर महिलाएं इसको लेकर सवाल खड़े करे या उनसे साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। महिलाओं का आरोप है कि निशुल्क सुविधा के उनके पांच रुपए लेने के बाद भी शौचालय में सफाई का उचित प्रबंध नहीं है।

इसके कारण महिला शौचालय में हमेशा बदबू फैली रहती है। मामले पर हिमाचल पथ परिवहन निगम सुंदरनगर डिपो प्रबंधन का तर्क है कि बस अड्डा प्रबंधन कमेटी द्वारा तय दाम के अनुसार ही शुल्क लिया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय प्रबंधन की कोई भी भूमिका नहीं है। गौरतलब है कि बस अड्डा परिसर में यात्रियों को जन सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने शौचालय निर्मित किया है। जिसका प्रबंध एक निजी एजेंसी को दिया गया है। शौचालय में जन सुविधा को आने वाले पुरुषों को तो मूत्र विसर्जन की व्यवस्था निशुल्क है, लेकिन महिला शौचालय में यूरिन के आने वाली प्रत्येक महिला से पांच रुपए शुल्क वसूला जाता है। जो नियमानुसार सरासर गलत है और महिलाओं के साथ भेदभाव है। नियमानुसार केवल शौच के लिए शौचालय का इस्तेमाल करने पर ही महिला या पुरुष ने शुल्क लिया जा सकता है। लेकिन यहां पर ऐसा नहीं है, मूत्र विसर्जन के लिए आने वाली हर महिला से पांच रुपए लिए जा रहें है। जिसके कारण महिलाओं में रोष व्याप्त है। नगर परिषद सुंदरनगर की उपाध्यक्ष रक्षा धीमान ने सरकार, जिला प्रशासन व परिवहन विभाग से मांग की है कि वह इस मामले में संज्ञान ले और महिलाओं से वसूले जाने वाले पांच रुपयों पर रोक लगाई जाए।

> बस अड्डा प्रबंधन कमेटी के तहत यह सुविधा आती है। इसके निर्देशानुसार ही शौचालय की व्यवस्था देखने वाली एजेंसी शुल्क लेती है। इसमें स्थानीय प्रबंधन की कोई भी भूमिका नहीं है।
> **-क्षेत्रीय प्रबंधक, हिमाचल पथ परिवहन निगम सुंदरनगर।**

# शाखा स्तरीय प्रतियोगिताओं में गुरु नानक स्कूल का दबदबा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

भारत विकास परिषद डलहौजी शाखा की और से शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता एवं भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें की डलहौजी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया।

इस आयोजन में गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में भी आए हुए सभी स्कूलों से सबसे उम्दा प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। बता दें राष्ट्रीय समूहगान हिंदी एवं संस्कृत भाषा में गए गए जिसमें गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बहुत ही शानदार एवं सुरीला गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया और इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।



प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

गुरु नानक स्कूल के इन बच्चों के शानदार प्रदर्शन को लेकर स्कूल में खुशी का माहौल है तो वही स्कूल के प्रधानाचार्य नवदीप भंडारी ने बच्चों को प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं भी दे तथा भविष्य में ऐसा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

## कुलूंटी पुल का निर्माण कार्य लटका

**चंबा।** विधानसभा क्षेत्र चुराह की छह पंचायतों को आपस में जोड़ने वाले कुलूंटी पुल का निर्माण कार्य पंचायत के पास अतिरिक्त बजट न होने के कारण बीच में ही लटक गया है। बता दें कि सरकार पुल बनाने के लिए अतिरिक्त बजट जारी नहीं कर रही है।

जिसके कारण लोगों को नाले और पगडंडी वाले रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस कारण छह पंचायतों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है ओर सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों को हो रही है। जनवरी 2022 में भारी बारिश के कारण यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे छह पंचायतों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग भी बाधित हो गया था। अतिरिक्त बजट की मांग कर रही है।

### सूडोकु 0086

***** कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0085 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

14 अक्तूबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** एकादशी : (6:43): **नक्षत्र** शतभिषा, **पक्ष** : शुक्ल **योग** : गण्ड (06:00) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:43-12:29), **राहुकाल** (07:47 -09:14)।

### विशेष दिन

- 14 अक्तूबर: त्रिस्पृशा महाद्वादशी व्रत आज।
- 14 अक्तूबर : विश्व मानक दिवस आज।

**मेष:** सोच समझकर काम करने के लिए रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मित्र किसी बात का बुरा मान सकता है।

**वृषभ:** वाद-विवाद की स्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को किसी काम को छोटा या बड़ा समझकर नहीं करना है।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में पूरी मेहनत और लगन से काम करेंगे ।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने शारीरिक कष्टों पर थोड़ा ध्यान देना होगा।

**सिंह:** नौकरी में उन्नति के योग बन रहे है। समझ और संभल कर कार्य करें, सफल रहेंगे। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी।

**कन्या:** आपकी कार्य पद्धति से अधिकारी खुश होंगे। संतान के कार्यों से तनाव, चिंता बढ़ सकती है। अचानक बड़े खर्च सामने आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला:** घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे। निवेशादि शुभ रहेगा।

**वृश्चिक:** घर के कामकाज में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की सहायता करनी पड़ेगी। पिकनिक-पार्टी का आनंद मिलेगा। कलात्मक कार्य सफल होंगे।

**धनु :** आकस्मिक धनलाभ होगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। संतान पक्ष की चिंता स्वास्थ्य खराब कर सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर:** आपके व्यवहार के कारण लोग आप की तारीफ करेंगे। वाहन-मशीनरी, अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तु गुम हो सकती है।

**कुंभ:** किसी की बुरी संगत के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शासन प्रशासन से सहयोग मिलेगा।

**मीन:** निवेश करने में जल्दबाजी न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। विवाद न करें। यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

## घास काट रही महिला पर पहाड़ी से गिरा पत्थर, सिर में आई गंभीर चोट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चम्बा जिला के विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत गागला में घासनी में काट रही एक महिला के सिर पर पत्थर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का मेडिकल कॉलेज चम्बा में उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार महिला मीना पत्नी नरेश कुमार निवासी गागला रोजाना की तरह अपने घर के साथ जंगल में घास काटने गई हुई थी। इस दौरान घास काटते हुए महिला के सिर पर पहाड़ी से एक पत्थर गिर गया, जिससे वह घायल हो गई। महिला के साथ घास काट रहे अन्य लोगों ने महिला को तुरंत उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। इस दौरान पंचायत उपप्रधान पवन कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि घास काटते हुए पत्थर गिरने से महिला घायल हुई है। पहाड़ी से पत्थर कैसे गिरा, इस बारे में कोई पता नहीं चल पाया।

अनुमान लगाया जा रहा है कि पहाड़ी पर पशुओं की आवाजाही के कारण पत्थर गिरा है। वहीं मेडिकल कॉलेज के कार्यकारी एमएस डॉ. विशाल महाजन ने बताया कि महिला का उपचार किया जा रहा है। वह अब खतरे से बाहर है।

# डलहौजी की सुहानी ने नीट की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी की सुहानी ने नीट परीक्षा को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



बता दें की सुहानी की प्रारंभिक शिक्षा डलहौजी के ही निजी स्कूल सेक्रेड हार्ट एवं डीपीएस में पूरी हुई,अपनी मेहनत और लगन से 12वीं की कक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर अपना नाम सुनहरी अक्षरों में लिखा तो वही अपने डॉक्टर बनने के सपने को लेकर नीट की परीक्षा दी और पहले ही प्रयास में उसको पास भी कर लिया और उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित सोभान सिंह जीना गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में अपने डॉक्टरी की पढ़ाई करने के सपने को पूरा भी किया अब हुए इस शिक्षण संस्थान से बतौर एमबीबीएस डॉक्टर बनकर ही हिमाचल वापस आएंगी।

सुहानी के पिता मणिमहेश डलहौजी के एक सफल व्यवसाई एवं पत्रकार है तो वही दीपमाला माता केंद्रीय विद्यालय में बतौर अध्यापिका अपनी सेवाएं दे रही हैं।

इस उपलब्धि के बारे में जब सुहानी से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हुए इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता अपने गुरुजनों और बड़ों को देना चाहती हैं जिनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन से ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाई। तो वहीं डलहौजी में सुहानी की इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है।

# पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक : इंद्र दत्त

**एसके ठाकुर, बड़सर**

युवक मंडल डुडार द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी दशहरे का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दशहरे के इस पावन पर्व पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि रामलीला और दशहरे जैसे पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं, जो हमें धर्म, सच्चाई और मर्यादा का पालन करने की शिक्षा देते हैं।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक व अन्य।

सनातन युवक मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में विधायक लखनपाल का विशेष सम्मान भी किया गया। विजयादशमी के अवसर पर विधायक ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि शारदीय नवरात्रि के समापन के साथ ही त्योहारों का सिलसिला आरंभ हो जाता है। दुर्गा पूजा के बाद मनाया जाने वाला दशहरा असत्य, अहंकार, अत्याचार और बुराई पर सत्य, धर्म और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला के विभिन्न दृश्यों के मंचन से हुई, जिसे दर्शकों ने बड़े चाव से देखा।

विधायक लखनपाल ने अपने संबोधन में कहा कि दशहरा न केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, बल्कि यह हमें समाज के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा भी देता है। रामलीला के माध्यम से हम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर सकते हैं। मुझे खुशी है कि सनातन युवक मण्डल डुडार इस प्रकार के सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से हमारी धरोहर को सहेजने का कार्य कर रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घांघल
विकास खंड धनोटू, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घांघल हाई मास्ट लाइट (इलेक्ट्रिकल) 2Nos के लिए निविदा आमंत्रित करती है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति/एजेंसी जो पहले भी यह कार्य कर चुकी हो, अनुभव प्रमाण पत्र के साथ इस निविदा के प्रकाशित तीन दिन के भीतर कार्यालय में अपनी निविदा को जमा करवा सकते हैं। इस निविदाओं को 23/10/2024 को निर्धारित पंचायत बैठक में खोला जाएगा।

| वस्तु का नाम | संख्या |
|---|---|
| 1. हाई मास्ट लाइट (इलेक्ट्रिकल) | 2Nos |

**शर्तें:-** फर्म के पास अपना जीएसटी नंबर आवश्यक है।
फर्म इसके रखरखाव को तीन वर्ष तक करेगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत घांघल**
**विकास खंड धनोटू, जिला मंडी**

**जिन्हें** आप प्यार करते हैं उन्हें उड़ने के लिए पंख दें, जड़ें वापस आने के लिए दें और रहने के लिए कारण दें। **-दलाई लामा**

## संपादकीय

# बढ़ते रेल हादसे

मैसुरू-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस ट्रेन का चेन्नई के पास दुर्घटनाग्रस्त होना कई सवाल खड़े कर गया है। यह हादसा ट्रेन के मेन लाइन को छोड़कर लूप लाइन में चले जाने के कारण हुआ है जो कि बहुत बड़ी लापरवाही है। बागमती एक्सप्रेस 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रही थी और पहले से खड़ी मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, 9 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। यह हादसा पिछले साल बालासोर में हुई रेल दुर्घटना की याद दिलाता है जिसमें 297 लोगों की मौत हो गई थी। हरी झंडी देने के बाद ट्रैक बदलकर लूप लाइन में जाना एक गंभीर विषय है। बेशक इस हादसे पर जांच बैठ गई है, लेकिन सवाल वही है कि आखिर यह लापरवाही बार-बार क्यों होती रहती है? चेन्नई से निकलने के बाद इस ट्रेन के लिए ग्रीन सिग्नल दे दिए गए थे। ड्राइवर सिग्नल का सही ढंग से पालन कर रहा था, लेकिन ट्रेन को मुख्य लाइन पर ले जाना चाहिए था, इसके बजाय उसने स्विच पर लूप लाइन ले ली। इसके कारण क्या थे यह जांच का विषय है और इसकी जांच गंभीरता से होनी चाहिए। अगर यह टक्करों के कारण होने वाली घातक रेल दुर्घटनाएं नहीं हैं तो हाल के दिनों में भारतीय रेलवे को पटरी से उतरने की घटनाओं का सामना क्यों करना पड़ रहा है? मालगाड़ी और यात्री दोनों ही तरह की रेलगाड़ियां ऐसी दुर्घटनाओं में शामिल हो रही हैं जिससे रेलवे के बुनियादी ढांचे की स्थिति के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं।

ट्रेन के पटरी से उतरने की घटनाएं तब होती हैं जब ट्रेन अपनी पटरी से उतर जाती है, जिससे कई तरह के विनाशकारी परिणाम सामने आते हैं जिसमें जान माल की हानि, गंभीर रूप से घायल होना और परिवहन नेटवर्क में भारी व्यवधान शामिल है। इन घटनाओं से काफी आर्थिक नुकसान भी होता है। भारत में ट्रेन के पटरी से उतरने की घटनाओं में कई कारक योगदान करते हैं। ट्रेन के पटरी से उतरने का मुख्य कारण पटरियों और बुनियादी ढांचे का रखरखाव सही तरीके से न होना है। भारत में आज भी कई रेलवे ट्रैक बहुत पुराने हैं जिससे उनमें घिसावट होती है और पटरी से उतने का जोखिम निश्चित रूप से बढ़ ही जाता है। अन्य योगदान कारकों में अनुचित तथा प्रभावी संकेत प्रणालियों की कमी तथा पुलों और सुरंगों जैसी महत्वपूर्ण संरचना का पर्याप्त रखरखाव भी शामिल है। ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ और ओवरलोडिंग से स्थिति और भी खराब हो जाती है। भारत का रेलवे नेटवर्क दुनिया का सबसे व्यस्ततम नेटवर्क है जिसमें प्रतिदिन लाखों यात्री और टनों के हिसाब से माल की ढलाई होती है। काफी रश वाली ट्रेनें पटरियों और रोलिंग स्टॉक पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं जिसमें दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ ही जाती है।

इसी तरह मालगाड़ियों में क्षमता से अधिक भीड़ होने की वजह से भी पटरियों पर अत्यधिक भार और दबाव के कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इस साल अब तक आठ बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें चार रेलगाड़ियां पटरी से उतर गई हैं। रेलगाड़ियों के पटरी से उतर जाने, सिग्नल फेल हो जाने, टक्कर लगने तथा अन्य दुर्घटनाओं के परिणाम स्वरूप मौतें, चोटें तथा सार्वजनिक संपत्ति को भारी हानि की खबरें हाल ही में खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। रेलवे क्रॉसिंग को हटाने के लिए रेलवे में लाखों-करोड़ों रुपए निवेश कर रही है। हालांकि, यह काम अभी भी प्रगति पर है, लेकिन इसके अलावा भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। रेल हादसों को रोकने के लिए सबसे पहले तो रेलवे नेटवर्क में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल अनिवार्य किया जाना चाहिए। ट्रैक और स्टेशन पर नियमित निरीक्षण और मरम्मत की व्यवस्था की जानी चाहिए। ट्रेन चालक और अन्य रेलवे स्टाफ की ट्रेनिंग पर भी खास ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही यात्रियों को भी सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। तकनीक की दुनिया में रेलवे को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए, सिग्नल सिस्टम को ठीक किया जाना चाहिए। लोको पायलट को सही समय पर सही सूचना उपलब्ध हो जिससे वह समय पर उचित निर्णय लेने में सक्षम हो सके। रेलवे में सुरक्षा के लिए उपयोग होने वाला कवच सिस्टम बेहद जरूरी है। दरअसल, कवच सिस्टम एक स्वदेशी एंटी प्रोटेक्शन सिस्टम होता है। इसे खासतौर पर रेल हादसे रोकने के लिए तैयार किया गया है जिससे जानमाल का नुकसान कम हो जाता है। यह कवच प्रणाली आपातकालीन स्थिति में खुद ही ट्रेन को रोक सकती है यानी ब्रेक लगा सकती है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में रेलवे विभाग इन मानवीय त्रुटियों पर विशेष रूप से ध्यान देकर अपनी छवि में सुधार करेगा और यात्रियों को एक बेहतर और सुरक्षित सफर का अनुभव करवाएगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक

**लाला** हरदयाल प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। लाला हरदयाल जी ने 'गदर पार्टी' की स्थापना की थी। विदेशों में भटकते हुए अनेक कष्ट सहकर लाला हरदयाल जी ने देशभक्तों को भारत की आजादी के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया। लाला हरदयाल जी ने दिल्ली और लाहौर में उच्च शिक्षा प्राप्त की। देशभक्ति की भावना उनके अंदर छात्र जीवन से ही भरी थी। मास्टर अमीर चंद, भाई बाल मुकुंद आदि के साथ उन्होंने दिल्ली में भी युवकों के एक दल का गठन किया था। लाहौर में उनके दल में लाला लाजपत राय जैसे युवक सम्मिलित थे। एमए की परीक्षा में सम्मानपूर्ण स्थान पाने के कारण उन्हें पंजाब सरकार की छात्रवृत्ति मिली और वे अध्ययन के लिए लंदन चले गए। गदर पार्टी की स्थापना 25 जून, 1913 ई. में की गई थी। पार्टी का जन्म अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के 'एस्टोरिया' में अंग्रेजी साम्राज्य को जड़ से उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से हुआ। गदर पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष सोहन सिंह भकना थे। इसके अतिरिक्त केसर सिंह थथगढ़ (उपाध्यक्ष), लाला हरदयाल (महामंत्री), लाला ठाकुरदास धुरी (संयुक्त सचिव) और पंडित कांशीराम मदरोली (कोषाध्यक्ष) थे। 'गदर' नामक पत्र के आधार पर ही पार्टी का नाम भी 'गदर पार्टी' रखा गया था। 'गदर' पत्र ने संसार का ध्यान भारत में अंग्रेजों के द्वारा किए जा रहे अत्याचार की ओर दिलाया। नई पार्टी की कनाडा, चीन, जापान आदि में शाखाएं खोली गईं। लाला हरदयाल इसके महासचिव थे। ■



**लाला हरदयाल**
**जन्म :** 14 अक्तूबर, 1884
**मृत्यु :** 4 मार्च, 1939

## अपनी बात

**रामायण** के अनुसार, राम का जन्म दशरथ और उनकी पहली पत्नी कौशल्या के घर अयोध्या में हुआ था, जो कोसल राज्य की राजधानी थी। उनके भाई-बहनों में लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न शामिल थे। उन्होंने सीता से विवाह किया। एक शाही परिवार में जन्मे, राम के जीवन का वर्णन हिंदू ग्रंथों में अप्रत्याशित परिवर्तनों से चुनौती भरे जीवन के रूप में किया गया है, जैसे कि निर्धन और कठिन परिस्थितियों में निर्वासन, और नैतिक प्रश्नों और नैतिक दुविधाओं की चुनौतियाड्ड। राम से जुड़ी सबसे उल्लेखनीय कहानी राक्षस-राजा रावण द्वारा सीता का अपहरण है, जिसके बाद राम और लक्ष्मण की उन्हें बचाने के लिए यात्रा होती है। राम, सीता और उनके साथियों की पूरी जीवन कथा एक व्यक्ति के कर्तव्यों, अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों पर रूपकात्मक रूप से चर्चा करती है। यह आदर्श पात्रों के माध्यम से धर्म और धार्मिक जीवन को दर्शाता है। राम वैष्णव धर्म के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। वे प्राचीन हिंदू महाकाव्य रामायण के केंद्रीय पात्र हैं, जो दक्षिण एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई संस्कृतियों में ऐतिहासिक रूप से लोकप्रिय ग्रंथ है। उनकी प्राचीन किंवदंतियों ने भाष्य (टिप्पणी) और व्यापक माध्यमिक साहित्य को आकर्षित किया है। **अंशिका, बगली**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**


# मानव को सदा अच्छे कर्म ही करने चाहिए

एक विद्वान ने कहा था कि जो तुम्हें सम्मान दे उसे ही सम्मान देना चाहिए, क्योंकि हर आदमी का अपना-अपना स्वाभिमान होता है। अक्सर देखा गया है कि अगर आप किसी व्यक्ति को ज्यादा आदर सम्मान देते हैं और जरूरत से अधिक अहमियत देते हैं तो वही व्यक्ति आपको इग्नोर करेगा और आपको दबाने की कोशिश करेगा। आपका दुरुपयोग करेगा और अपना स्वार्थ निकल जाने के बाद आपसे दूरी बना लेगा, इसलिए ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखनी चाहिए। ऐसे लोग बहुत ही घातक होते हैं दूसरे आदमी को नीचा ठहराते हैं, ऐसे लोग किसी के नहीं होते। यह लोग काम खत्म पहचान खत्म। खुद को ही बड़ा मानते है। आदमी को स्वाभिमान से जीना चाहिए, भले ही आधी रोटी मिले, लेकिन किसी की जी हुजूरी नहीं करनी चाहिए। पैसे को ही सब कुछ मान बैठे हैं, दिखावा करते हैं। यह लोग अपनी औकात भूल चुके हैं, लेकिन अतीत हमेशा याद रखना चाहिए। कभी भी किसी के आगे नहीं झुकना चाहिए, अपना कर्म करना चाहिए।

ईमानदारी से अपना कर्म निभाते रहिए। संस्कार मत छोड़िए संस्कार ही सबसे बड़ी विरासत होती है, इसलिए अपने संस्कार मत भूलिए। ईश्वर हमेशा अच्छा ही करेंगे। निस्वार्थ भाव से हर जरूरतमंद की सेवा कीजिए कभी भी स्वार्थी मत बनिए स्वार्थ की उम्र ज्यादा नहीं होती जल्दी ही अवसान हो जाता है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाए कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। गरीबों का मजाक उड़ाने वालों एक दिन तुम्हें अपने कर्मों की सजा जरूर मिलेगी। जब वक्त तुम्हें आईना दिखाएगा, इसलिए अभी वक्त है कि संभल जाओं, वरना मिटटी भी नसीब नहीं होगी, अपनी गंदी फितरतों को छोड़ दो। ऐसे गिरगिट प्रजाति के लोगों के चिथड़े हो जाते हैं। ऐसे लोगों को सजा जरूर मिलती है, जो दूसरों को दुख देकर अपना सुख तलाश करते हैं। ऐसे लोग अपने दुख से इतने दुखी नहीं है जितने दूसरों के सुख देखकर दुखी है। आत्मकेंद्रित व फितरती तथा गिरगिटों की तरह रंग बदलने वाले मानव को नीच कर्मों की सजा जरूर मिलती है। आधुनिक युग में कुछ नीच प्रवृति के तथाकथित अमीर लोग दूसरों को नीचा दिखाने का धिनौना कर्म करते हैं, क्योंकि भगवान की चक्की जब चलती है, तो पाप व पापी को पिस कर रख देती है। चरित्रहीनता की सारी हदे लांघने के बाद भी इतराते हैं। समाज में पैसे के बल पर हर आदमी को खरीदना चाहते हैं। दूसरों के खिलाफ षड़यत्र रचते हैं मगर कहते हैं सांच को आंच नहीं आती। बेईमानों व बेईमानी का एक दिन सत्यनाश होता है। सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सत्य की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। ईमानदारी की सदा ही विजय हुई है।

ईमानदारी युगों-युगों तक अमर रहती है। ईमानदारी की कभी हार नहीं होती।

ईमानदारी एक अच्छी नीति है। आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ पड़यंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है। कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए गए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। समाज में ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोड़ों रुपए से भी हासिल नहीं किया जा सकता।



**लेखक : नरेंद्र भारती**
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। ईमानदारी का कोई सानी नहीं है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औधें मुंह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे।

मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओं, जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते, तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ। यह अटल सत्य है। समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। ईश्वर के घर में देर है अंधेर नहीं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# भारतीयों की आस्था है मां गंगा

मां गंगा भारतीयों की आस्था का आधार है। उसमें हम मां का स्वरूप देखते हैं। गंगा हमें स्वर्ग के द्वार तक ले जाने वाली देवी है। इस पवित्र नदी में स्नान करने के लिए लोग देश-विदेश से यहां आते हैं।

धार्मिक और परंपरागत सामाजिक मेलों में प्रत्येक वर्ष गंगा के तट पर करोड़ों लोगों की उमड़ने वाली भीड़ और उसमें प्रदूषण के प्रति जानकारी व जागरूकता का अभाव ही गंगा प्रदूषण के लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी है। वर्तमान में गंगा त्राहि-त्राहि कर रही है। भारत की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण, पवित्र और महिमामयी नदी गंगा उत्तरांचल में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी में विद्यमान सुंदरवन डेल्टा का अभिसिंचन करते हुए, एक विशाल भू- भाग को हरा-भरा बनाती है। स्वर्गगंगा, त्रिपथगा, पाताल गंगा, भागीरथी, जाह्नवी, मंदाकिनी, अलकनंदा आदि विभिन्न नामों से पुकारी जाने वाली यह गंगा नदी जन-जन की भावनात्मक आस्था का आधार है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैदिक तथा पौराणिक साहित्य में गंगा का विषद वर्णन मिलता है। वस्तुतः गंगा नदी गंगोत्री हिमनद से निकलती है। हरिद्वार से लगभग 800 किमी। मैदानी यात्रा करते हुए गढ़मुक्तेश्वर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बिठूर, कानपुर होते हुए, गंगा इलाहाबाद पहुंचती है।

यहां इसका संगम यमुना के साथ होता है। यह संगम स्थल हिंदुओं का एक पवित्र तीर्थ है जिसे तीर्थराज प्रयाग कहते हैं, लेकिन गंगा के तट पर घनी आबादी वाले औद्योगिक नगरों के अपशिष्ट के सीधे गंगा नदी में गिरने से गंगा का प्रदूषण पिछले कई वर्षों से एक समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। अब समय है पवित्र गंगा को बचाने का। पहली बार गंगा को निर्मल और अविरल बनाने पर गंभीर पहल होती दिख रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा की सफाई को राष्ट्रीय महत्त्व का दर्जा देकर जनांदोलन बनाने का भरोसा दिया है। शुरुआती सौ दिनों के भीतर ही न केवल गंगा के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया, बल्कि पवितपावनी को निर्मल बनाने के लिए 2037 करोड़ रुपए की 'नमामि गंगे' योजना का भी ऐलान किया गया। साथ ही गंगा तथा यमुना के घाटों के संरक्षण के लिए भी 100 करोड़ रुपए दिए है। गंगा हमें स्वर्ग के द्वार तक ले जाने वाली देवी है। इस पवित्र नदी में स्नान करने के लिए लोग देश-विदेश से यहां आते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**




*नशे की है बुरी लत, खस्ता यह करे गत।*
*जिसको भी लग जाए, फिर नहीं छूटता।।*
*शुरू में तो जोश आए, बाद में है होश जाए।*
*नशा जब उतरे तो, तन फिर टूटता।।*
*नशे का है बुरा माल, कर देता यह कंगाल।*
*किसी को न छोड़े यह, सब कुछ लूटता।।*
*नौजवान सुनो सभी, इसको न छूना कभी।*
*नशे में है पड़ कर, है नसीब फूटता।।*
*बड़ा बुरा नशा आया, ठाम ठाम यह छाया।*
*गली गली आज देखो, इसका ही जाल है।।*
*करता यह दुर्दशा, बड़ा बुरा यह नशा।*
*भटके जो नौजवान, बड़ा मंदा हाल है।।*
*जो भी नशा करते, न आगे कभी बढ़ते।*
*बड़ा ही खराब यह, चिट्टे का जो माल है।।*
*इसमें जो कूद गए, आधी उम्र डूब गए।*
*डॉक्टर भी हार जाते, वश में न काल है।।*

# हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में

जख्म भी वहीं देते रहे और प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को मलहम लगाने का काम करके राजनीति भी करते रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो वर्षं से लगातार बरप रहे प्राकृतिक आपदा कहर के चलते सुख की सरकार अब अवैध खनन पूरी तरह बंद किए जाने की योजना पर काम कर रही है। पूर्व वर्ष भी सरकार ने राज्य के 128 स्टोन क्रशरों की बिजली सप्लाई काटकर जनता के आक्रोश को कम करने का काम किया था। इस बरसात में निरंतर फट रहे बादलों से सीख लेकर राज्य सरकार अब अवैध खनन पूरी तरह बंद करने जा रही है।

हिमाचल प्रदेश उद्योग मंत्री जिला प्रशासन साथ बैठकें करके अवैध खनन पर लगाम कसने के उन्हें सख्त आदेश दे रहे हैं। प्रदेश सरकार अगर वास्तव में हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन पर पूर्णतया विराम लगाती, तो कुछेक माननीयों का कारोबार भी बंद होगा। कुछेक माननीयों ने राजनीति की आड़ में हिमाचल प्रदेश में अवैध खनन करके स्टोन क्रशर स्थापित करके प्रकृति से जमकर 24 घंटे खिलवाड़ किया है। प्राकृतिक आपदा से मिले जख्मों पर अवैध स्टोन क्रशरों को बंद करके प्रदेश जनता की आवाज को बंद करना चाहती है। कांग्रेस, भाजपा के नेता एक दूसरे पर अवैध खनन किए जाने के आरोप लगाकर प्रदेश की जनता को मूर्ख बनाते रहे हैं। सुख की सरकार पूर्व भाजपा पर 100 करोड़ रुपए अवैध खनन किए जाने में भ्रष्टाचार का आरोप लगा चुकी है। हिमाचल प्रदेश सरकारों में विपक्षी के नेताओं का काम सिर्फ अवैध खनन पर राजनीति किए जाने का ही रहा है। सच बात यह कि हिमाचल प्रदेश में चल रहे स्टोन क्रशरों के मालिक कुछेक माननीय और उनके सगे, संबंधियों द्वारा चलाए जा रहे जिसका प्रकृति पर विपरीत असर पड़ रहा है। प्रकृति अब निरंतर रूद्र रूप दिखा रही तो प्रदेश सरकार को अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाने की याद आई है। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण राज्य की पहचान रखता है। पहाड़, जंगल, नदी, नाले खड्डु इसकी शान हुआ करते थे।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
नूरपुर (कांगड़ा)

आज हिमाचल प्रदेश का अस्तित्व खतरे में पड़ा, तो उसके पीछे सबसे बड़ा कारण प्रकृति से खिलवाड़ कहा जा सकता है। माननीयों के रहमोंकर्म जरिए चलाए जा रहे अवैध स्टोन क्रशरों पर प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यवाही करने में सक्षम नहीं है। प्रकृति से खिलवाड़ करने वाले अधिकरियों द्वारा कार्यवाही किए जाने की एवज में उन्हें ट्रांसफर का नाम मिलता है। हिमाचल प्रदेश में अवैध स्टोन क्रशर लगाना माननीयों का प्रमुख धंधा बन चुका है। खड्डु, नालों में पड़े पत्थरों 24 घंटे उठाने का क्रम चला हुआ है। बरसात मौसम चलते भी अक्सर ट्रेक्टर चालक अपनी जिंदगी की परवाह किए बगैर खड्डु, नालों से बजरी, रेत और पत्थर उठाकर प्रकृति का दोहन कर रहे हैं। स्टोन क्रशर मालिकों ने अवैध खनन करके प्रदेश जनता के लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। खड्डु, नालों में जेसीबी मशीनों से कई फुट गहरे खड्डे निकालकर उसमें से बजरी, रेत, पत्थर निकाले जाने का दौर चल रहा है।

उक्त सामग्री पड़ोसी देशों में जाकर बेचीं जा रही है। हिमाचल प्रदेश की जनता को वही सामग्री सोने के भाव मिल रही है। बरसात मौसम में मामूली बारिश पड़ने कारण खड्डु, नालों में पानी ही प्रवाह तेज गति से बनता जो तबाही मचा रहा है। इस जल प्रलय में जनता के जान, माल नुकसान सहित करोड़ों रुपए की सरकारी संपत्ति भी तहस नहस हो रही है। जल त्रासदी में बाटर सप्लाइयों का नामों निशान तक मिट चुका है। अवैध खनन चलते खड्डु, नालों समीप लगती किसानों की जमीनें निरंतर पानी में बहती जा रही हैं। जमीन का जल स्तर नीचे चले जाने कारण प्राकृतिक जल स्रोतों का अस्तित्व खतरे में है। सरकारों द्वारा जितनी वाटर सप्लाई, नलकूप लगाकर जनता को सुपूर्द किए पानी की समस्याएं भी ठीक वैसी बनी हैं। हिमाचल प्रदेश में आज हालात ऐसे बददतर बन चुके कि लोगों को कई दिनों बाद पानी की सप्लाई मिल रही है।

कारण साफ है कि वाटर सप्लाई, नलकूपों के नीचे पानी का जल स्तर बहुत नीचे चला गया और वाटर टैंकों में जनता के लिए छोड़ा जाने वाला जल पर्याप्त नहीं हो रहा है। खड्डु, नालों में गर्मियों मौसम में पशुओं को पानी पिलाने के लिए मिल जाता था। बदलते मौसम के कारण पानी की समस्याएं अब बढ़ती जा रही हैं। खनन विभाग अनुसार जेसीबी मशीनों का उपयोग खड्डु, नालों में किए जाने पर पूर्णतया प्रतिबंध है। पूर्व सरकार जेसीबी मशीन की खरीद किए जाने पर युवाओं को सब्सिडी देकर प्रकृति से खिलवाड़ किए जाने के लिए प्रेरित करती रही है। जेसीबी मशीनों का पंजा रिहायशी आवादी में चलाकर धनवान लोग नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाते रहे हैं। कुछेक इंट भट्ठा मालिक जेसीबी मशीनों का धड़ल्ले से इस्तेमाल करके जमीनों का जमकर दोहन कर रहे हैं। राज्य सरकारों ने ऐसे उद्योगपतियों को जमीनों में कितने फुट गहरे खड्डे जेसीबी मशीनों से निकालने के लिए अधिकृत किया कोई नहीं जानता है। जेसीबी मशीनों के पंजे खड्डु, रिहायशी इलाकों सहित सड़क निर्माण में खूब चल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण में जुटी कंपनियों ने हरे पेड़ों की बलि दिए जाने में कोई कमी शेष नहीं छोड़ी है। जेसीबी मशीनें पेड़ों को जड़ों से उखाड़कर प्रकृति को रूद्र रूप दिखाने के लिए मजबूर कर रही हैं। सड़कों किनारे भूस्खलन, डंगों और पुलों का पानी में बहना अब आम बात बन चुकी है। गर्मियों के मौसम में इस बार तापमान 50 डिग्री पार जाना चिंता का विषय है। जनता में मानसिक तनाव के मामले बढ़ रहे और वह आत्म हत्याएं तक करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। प्रकृति से खिलवाड़ का भुगतान हिमाचल प्रदेश को इस कदर चुकाना पड़ेगा राज्य सरकार ने सोचा नहीं था।

पूर्व वर्ष आपदा में मिले जख्म भरे नहीं और इस बार फिर वही सिलसिला शुरू हो चुका है। सुख की सरकार ने समय रहते कोई इस बाबत सख्त कदम उठाया होता, तो आज इतना जान, माल का नुकसान शायद नहीं होता। खेद का विषय ईडी की टीमें अवैध स्टोन क्रशर मालिकों का रिकार्ड खंगाल चुकी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश के देवी-देवताओं के प्रति लोगों की अटूट आस्था और विश्वास

जैसे कहा भी जाता है कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश को यूं ही देवभूमि नहीं कहा जाता, बल्कि हिमाचल प्रदेश का इतिहास गवाह है कि देवभूमि के विभिन्न क्षेत्रों में देवी-देवताओं का वास माना जाता है, जिन देवी-देवताओं के प्रति प्रदेशवासियों की अनूठी आस्था और विश्वास देखने को मिलता है तथा देवी-देवताओं की कृपा से हरेक क्षेत्रों में अमन शांति और अटूट आस्था बनी हुई है, जिसमें हम हिमाचल प्रदेश के किसी भी जिले एवं क्षेत्र का इतिहास उठाकर देखें, तो देवी-देवताओं के प्रति अथाह श्रद्धा और विश्वास माना जाता है, इसी अटूट आस्था और विश्वास का एक हाल ही का उदाहरण देना चाहेंगे, जो जिला सिरमौर की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार में स्थिति देखने को मिला, जिस चूड़धार में स्थिति शिरगुल महाराज के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास सिरमौर ही नहीं, बल्कि जिला शिमला, सोलन, और यहां तक कि उत्तराखंड के अनेक क्षेत्रों में देखने एवं सुनने को मिलती हैं। जिस शिरगुल महाराज को देवो के देव महादेव के रूप में साक्षात् माना जाता है, जिस चूड़धार की ऊंचाई समुद्र तल से लगभग 12000 किलोमीटर मानीं जाती हैं।

चूड़धार में स्थिति शिरगुल महाराज के मंदिर में लगभग पचास वर्षों बाद शिरगुल महाराज के आशीर्वाद और चूड़ेश्वर सेवा समिति एवं अन्य क्षेत्रवासियों के सहयोग से शांत महायज्ञ का आयोजन किया गया, जो कदाचित इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा, अर्थात इन तमाम क्षेत्रों में शिरगुल महाराज के प्रति लोगों की बहुत अधिक आस्था देखने को मिलती हैं, शांत महायज्ञ में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में शिरगुल महाराज के चरणों में अपनी हाजिरी सुनिश्चित करवाईं और अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हुए, इस शांत महायज्ञ को और अधिक सार्थक और सफल बनाने में भी अपनी अहम भूमिका निभाई, जबकि चूड़धार में पहुंचने के लिए सराह से लगभग सात-आठ घंटे का समय लगता है, जो कि सीधी चढ़ाई में चढ़ना पड़ता है, तो वहीं अधिकांश श्रद्धालु नंगे पैर ही चूड़धार के लिए यात्रा शुरू करते हैं, जानकारी अनुसार इस शांत महायज्ञ में लगभग बीस से तीस हजार श्रद्धालुओं ने शिरगुल महाराज के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई, इस शांत महायज्ञ में विभिन्न क्षेत्रों से देवी-देवताओं का आगमन हुआ, जिस ऐतिहासिक पलों को लगातार मीडिया बंधुओं ने देश दुनिया के सामने दिखाने में अपनी अहम भूमिका भी निभाई, अर्थात मीडिया बंधुओं ने अपने अपने न्यूज चैनलों से सीधा लाइव प्रसारण किया, जिसे देश दुनिया ने देखा और हिमाचल प्रदेश के देवी-देवताओं के प्रति अपनी अटूट आस्था और विश्वास का कहीं न कहीं लोहा मनवाया।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस शांत महायज्ञ से पूर्व शिरगुल महाराज के मंदिर को वर्तमान में भव्य रूप में नव निर्माण एवं सुंदर बनाया गया है, जिसके उपरांत विधिवत रूप से पूजा पाठ और नियम अनुसार शांत महायज्ञ का आयोजन किया गया, शांत महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने रात-भर भजन कीर्तन एवं शिरगुल महाराज की महिमा का गुणगान किया, तो वहीं दूसरी ओर देवी-देवताओं का आगमन होने से मानों चूड़धार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा हो, जहां पर अनेक नामों से विख्यात देवी देवताओं को लाया गया, जिसमें मुख्यत: सराह में स्थिति विजट महाराज, जिस देवता की महिमा एवं शक्ति देश-विदेश में विख्यात मानीं जातीं हैं इत्यादि। शांत महायज्ञ की पूरी जानकारी एवं कार्यक्रमों को श्रद्धालुओं ने सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से बहुत ज्यादा शेयर एवं अपनी आस्था व्यक्त भी की, बुद्धिजीवियों एवं धार्मिक विद्वानों द्वारा शांत महायज्ञ का उद्देश्य ही महाराज के प्रति अटूट आस्था और क्षेत्र समाज में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहें के उद्देश्य से किया गया, जिस शिरगुल महाराज के प्रति लोगों की अटूट आस्था मानी जाती है और जो देवता बहुत अधिक लोकप्रिय देवता माने जाते हैं।

शिरगुल महाराज के मंदिर को फूलों से सजाकर और अधिक आकर्षक बनाया गया था, तो वहीं मंदिर की गुमक पर पंडित एवं प्रतिष्ठित श्रद्धालु ने जाकर देवता का जिसको स्थानीय पहाड़ी भाषा में (कुरूड) कहा जाता है को स्थापित किया तो वहीं शिरगुल देवता के मंदिर में इस विशेष पर्व पर दिव्य आरती का भी भव्य आयोजन किया गया था, जिस आरती का लाइव प्रसारण भी किया गया, बड़े बुजुर्गों के अनुसार शिरगुल महाराज और चंद्रेश्वर महाराज की उत्पत्ति राजगढ़ के शेया से मानी जाती है, जहां से शिरगुल महाराज चूड़धार में आकर बस गए और चंद्रेश्वर महाराज चानदपुधार में जाकर विराजमान हो गए, चूड़धार क्षेत्र के निकटस्थ स्थित काले बाल में अधिकांश श्रद्धालुओं के ठहरने एवं रात्रि जागरण की व्यवस्था की गई थी, जहां पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन और शिरगुल महाराज की महिमा गाकर एवं सुनकर इस ऐतिहासिक पलों को और भी भव्य बनाया, जो अपने आप में एक बड़ी आस्था और विश्वास को कहीं न कहीं सिद्ध भी करता है, शिरगुल महाराज जिला सिरमौर सोलन और शिमला जिला में एक प्रतिष्ठित और सर्वमान्य देवता माने जाते हैं, जिनकी महिमा एवं विभिन्न प्रकार की शक्तियों का इतिहास गवाह है। चूड़धार के लिए वर्तमान में सराहा से सड़क का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जो सड़क मार्ग अभी आधे रास्ते तक ही बन पाई है। परंतु श्रद्धालुओं की ऐसी आस्था कि शिरगुल महाराज के मंदिर में जाने के लिए श्रद्धालु नंगे पैर जाकर शिरगुल महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

शिरगुल देवता के मंदिर में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं यहां तक की बुजुर्ग भी इतनी ऊंचाई पर स्थित शिरगुल महाराज के दर्शनों के लिए नंगे पांव यात्रा शुरू करते हैं। चूड़धार के लिए विभिन्न गांवों क्षेत्रों से शिरगुल महाराज के तमाम भंडारी खेलने वाले देवता, देवा, ठुंडु इत्यादि लोगों ने शिरगुल महाराज के चरणों में अपनी आस्था व्यक्त की। चूड़धार के निकटस्थ काले बाग में विभिन्न देवी-देवता विभिन्न शरीरों से प्रकट होकर देवता खेलते नजर आए, जो वास्तव में एक शक्ति और आस्था का रूप माना जाता। जो हमेशा अपने नियम धर्म और बचन के साथ चलते हैं, जिनकी वाणी एवं शरीर में स्वयं शिरगुल महाराज देवता के रूप में कुछ समय के लिए विराजमान होते हैं और श्रद्धालुओं के दु:ख दर्द और मनोकामनाओं को पूरा भी करते हैं ऐसी आस्था और विश्वास माना जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस कैंप में प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी के प्रांगण में रविवार को एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रिटायर्ड अध्यापक ओर समाजसेवी राकेश कुमार जोशी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ओंकार चंद और प्रवक्ता वंदना, मीना मनु, स्नेह तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रथम संध्या पर स्वयं सेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### किसान नेताओं ने ईसपुर गांव में किया विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय किसान संघ जिला ऊना का गठन प्रदेश अध्यक्ष सोमदेव शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को ईसपुर में सम्पन्न हुआ। बैठक में भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री हरी राम, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलबाग सिंह बंगाणा खंड के अध्यक्ष योगराज, सचिव भी उपस्थित रहे। इसमें अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष चंचल, रमेश चंद, मंत्री विशाल पाठक,संयुक्त मंत्री सुरिन्दर कुमार शर्मा, विजय शर्मा कोषाध्यक्ष



अश्विनी कुमार मोदगिल कार्यालय मंत्री जोगिंद्र देव आर्य, जैविक प्रमुख तरसेम लाल, कृष्णा , गो सेवा प्रमुख बलवंत सिंह, सदस्य सुदेश, भूपेंद्र ठाकुर, रिशी भारद्वाज, अशोक कुमार शर्मा, मन्दीप शर्मा, पवन कुमार शर्मा को चुना गया। बैठक में संघ के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिससे किसानों के हितों को और बेहतर तरीके से संरक्षित किया जा सके।

### बढ़ेड़ा स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़ेड़ा हरोली में रविवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरु हुआ। इस शिविर का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर ने किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम का आरंभ द्वीप प्रज्वलित के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम पर प्रधानाचार्य शोभा कुमारी, प्रोग्राम



ऑफिसर, राजेंद्र कुमार, रुचिका शर्मा, लेक्चर आशा देवी, कमलेश कुमारी, संजीव कुमार, विक्रम सिंह तथा एसएमसी प्रधान आदि शामिल रहे। प्रधानाचार्य द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा एनएसएस की विभिन्न जानकारियां तथा गतिविधियों से अवगत करवाया। इसके पश्चात एनएसएस के वालंटियर ने स्वागत गीत नृत्य आदि प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि सुरेंद्र ठाकुर ने वॉलिंटियर का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम के तहत सात दिनों तक होने वाली गतिविधियों के बारे बताया।

# ठाकुर स्टोन क्रशर कार्यालय में अज्ञात युवकों ने कर्मचारी से की मारपीट

## क्रशर परिसर में खड़ी गाड़ियां तोड़ीं, गल्ले से कैश भी ले गए

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



उपमंडल गगरेट के गुगलैहड़ गांव में स्थित ठाकुर स्टोन क्रशर पर रात के अंधेरे में आए कुछ युवकों ने स्टोन क्रशर के कार्यालय में घुसकर वहां के कर्मचारी से न सिर्फ मारपीट की बल्कि गल्ले में रखे कैश को भी उड़ाने का प्रयास किया। यही नहीं बल्कि उक्त युवकों ने स्टोन क्रशर पर ऐसा उत्पात मचाया कि क्रशर परिसर में खड़ी जेसीबी व टिप्पर के शीशे तक तोड़ डाले। कर्मचारी द्वारा शोर मचाने पर उक्त युवक उसे जान से मार डालने का धमकियां देकर फरार हो गए। कर्मचारी की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में ठाकुर स्टोन क्रशर के मुंशी उमेश कुमार ने बताया कि तेरह अक्तूबर रात्रि करीब साढ़े बारह बजे वह स्टोन क्रशर के कार्यालय में बैठा था कि अचानक वहां प्रतीक, प्रकाश व नोनी सहित कुल पांच लड़के आए। जिनमें से तीन युवक कार्यालय में घुस गए और उसके साथ गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी।

यही नहीं बल्कि इन्होंने कार्यालय में गल्ले में पड़े कैश को भी उठाने का प्रयास किया। उमेश के अनुसार उसे डंडे व हाथ-मुक्कों से पीटा गया। जिससे उसके मुंह व सिर पर चोटें आई हैं। इन सभी ने मिलकर क्रशर परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और वहां खड़ी जेसीबी व टिप्पर के भी शीशे तोड़ डाले। जब उमेश ने जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाना शुरू किया तो ये लोग उसे जान से मार डालने की धमकी देकर फरार हो गए। उधर, इस घटना के बाद जिला क्रशर एसोसिएशन में गहरा रोष पाया जा रहा है। जिला क्रशर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि क्रशर इंडस्ट्री प्रदेश सरकार को सालाना करोड़ों रुपए का राजस्व एकत्रित करके देती है।

अगर इस प्रकार गुंडा तत्व क्रशर परिसर में घुसकर गुंडागर्दी का नंगा नाच करने लगे तो क्रशर इंडस्ट्री पर ताले लटकाने के सिवा कोई चारा नहीं रहेगा। इससे विकास कार्य भी प्रभावित होंगे। क्रशर एसोसिएशन ने ऐसे गुंडा तत्वों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने कहा कि इलाके के शांतिप्रिय माहौल को खराब करने की इजाजत किसकी को नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उमेश की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी है।

# एनएसएस शिविर में कैडिटों ने निकाली प्रभातफेरी



**अनंत ज्ञान, लठियानी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन स्वयं सेवियों ने सुबह स्कूल से हनुमान मंदिर तक प्रभात फेरी निकाल कर प्रभु राम के उद्घोष एवं भजन-कीर्तन करते हुए स्थानीय लोगों को जागृत किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल एवं सह कार्यक्रम अधिकारी संयोगिता भी भी साथ थे। प्रभातफेरी के समय स्थानीय लोग नरेश कुमार, शशि राणा, नेहा विशिष्ट, सविता देवी, नरेंद्र कुमार इत्यादि सभी भजन कीर्तन करते हुए भरपूर आनंद लिया इन सभी स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों की बहुत प्रशंसा की।

कुटलैहड़ क्षेत्र में काफी मात्रा में बन एस होते हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दूसरे दिन बांस को किस ढंग से प्रयोग करना है इसके बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बांस का प्रयोग करने वाले कारीगर गांव परोइयां से पवन कुमार को बुलाकर स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण दिया। बांस का सामान बनाकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। सभी बच्चों ने बड़े ही ध्यानपूर्वक पवन कुमार से बांस के प्रयोग के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। बांस के प्रयोग से छोटी टोकरी बड़ी टोकरी, किनू, खाना रखने के लिए टोकरी और घास व गोबर उठाने के लिए टोकरी एवं अन्य सजावट के समान के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारी नंदलाल, राधिका धीमान, संयोगिता शर्मा, साक्षी गर्ग, अजय, अमित कुमार उपस्थित रहे।

# दशहरे में पहुंचे पूर्व विधायक भुट्टो ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, लठियानी**



उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में दशहरे के उपलक्ष्य पर मुख्यातिथि के रूप में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने शिरकत की। बही जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा एवं राज्य भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महासचिव सूरम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, कमेटी द्वारा भुट्टो, कृष्णपाल शर्मा एवं सूरम सिंह को सम्मानित किया।

भुट्टो ने कहा कि हटली क्लब में हमने छोटी आयु में श्री रामायण मंचन देखा है और बीते 66 सालों से हटली में शुद्ध रामायण मंचन हो रहा है, जो हमारी धार्मिक संस्कृति को जिंदा रखने का काम कर रहे है। भुट्टो ने 5100 और कृष्ण पाल शर्मा ने 2100 रुपए दान के रूप में प्रदान किए। भुट्टो ने कमेटी सदस्यों से कहा कि भविष्य में किसी प्रकार की कोई भी जरूरत हो तो हमें सूचित करें। हटली क्लब के साथ हम हर समय खड़े रहेंगे। मंच संचालक विपन साजन बताया कि दशहरे के उपलक्ष्य पर दस बजे से तीन बजे तक बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तीन बजे श्री रामायण से संबंधित दृश्य जिसमें रावण, मेघनाद और कुंभकरण का वध करने के बाद उनके पुतलों का दहन किया गया। रात के समय में सीता माता की अग्नि परीक्षा और प्रभु श्री राम जी को राजतिलक किया गया। भुट्टो द्वारा श्री रामायण से संबंधित प्रश्नोत्तरी में बच्चों और कलाकारों को इनाम दिलवाए गए। और उसके बाद हवन यज्ञ किया गया। साजन ने बताया कि कल्ब के मुख्य संरक्षक एवं शिव राम जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रूमेल कुमार द्वारा हटली कलामंच के प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर प्रधान मदन सोनी, संजय सोनी, सुरेश शर्मा, कमल देव शर्मा, राज कुमार धीमान, डॉ. केशवानंद शर्मा, संदीप मोनू, अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता, किशन देव शर्मा, किशन दत्त आदि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियों को दी सामान्य ज्ञान की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसोली में लगे सात दिवसीय कैंप में स्वयंसेवियों को सामान्य ज्ञान की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना कब और किसने की, इसके उद्देश्य तथा बच्चों को इससे होने वाले लाभ और कार्य प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।




एनएसएस के शिविर में पहुंचे सतीश शर्मा को सम्मानित करते अध्यापक।

जागरूक करते हुए सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में बच्चे आत्मनिर्भर बने तथा घर से बाहर रहने खाली समय में आपसी चर्चा करके ज्ञान में वृद्धि कैसे हो सकती है, बताया गया। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थी, अध्यापक और समुदाय के इर्द-गिर्द ही घूमता है।

बच्चे कैसे ग्रामीण क्षेत्र में जाकर वरिष्ठ लोगों के साथ बातचीत कैसे की जाती है, ज्ञान में वृद्धि करेंगे और कई चीजों के बारे में पर्यावरण प्रदूषण प्राकृतिक आपदाएं सूखा पड़ना, जैविक खेती तथा ग्लोबल वार्मिंग के बारे में भी कम पढ़े-लिखे ग्रामीणों को जागरूक करें। पढ़े-लिखे लोगों से जिस-जिस विभाग में भी उन्होंने कार्य किया है, उस संबंध में बच्चों को बताया कि कैसे उनसे ज्ञान ग्रहण करना है। इस अवसर पर योजना ऑफिसर एव उपप्रधानाचार्य संजीव गौतम तथा इंचार्ज परमजीत कौर भी उपस्थित रहीं।

# अशोक वाटिका और अंगद संवाद ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



गणमान्य अतिथियों को सम्मानित करते कमेटी सदस्य।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं रामलीला कमेटी गगरेट द्वारा आयोजित रामलीला के नौवें दिन का मंचन धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी अथर्व चड्ढा, रोमिता चड्ढा, दुष्यंत चड्ढा, पूर्व विधायक और भाजपा नेता चैतन्य शर्मा, सिद्धांत जसवाल, और प्रतिष्ठित व्यवसाई सोनू शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह में कमेटी के सदस्यों ने मुख्यातिथियों का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उनके आगमन से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। इसके साथ ही, जिन बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, उन्हें भी मुख्यातिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह और योगदान को भी सराहा गया। नौवें दिन की रामलीला में सबसे पहले हनुमानजी की अशोक वाटिका की लीला का मंचन किया गया। हनुमानजी की उपस्थिति और माता सीता के साथ उनके संवाद ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद अक्षय कुमार का वध दिखाया गया, जिसमें हनुमानजी का अद्भुत पराक्रम और शौर्य उभर कर सामने आया।

कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। नौवें दिन की लीलाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने अगले दिन की लीलाओं के प्रति उत्सुकता व्यक्त की। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद किया।

# माता-पिता बच्चों को रामायण से संबंधित दें ज्ञान: विनोद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के रायपुर मैदान में चल रही रामलीला कमेटी के सदस्य पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया इस रामलीला में स्थानीय कलाकारों द्वारा ही अपनी तैयारी के साथ अभिनय किया जाते हैं। उन्होंने बताया कि 1975 से लगातार शुद्ध रामायण का मंचन करके इस वर्ष 50वें वर्ष में भी रामलीला का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शुद्ध रामायण से जनता को प्रभु श्री राम जी की मर्यादा को दर्शा रहा है और समाज को बेहतर बनाने पर मर्यादाओं को सीखने के लिए प्रेरित कर रहा हैं। श्री रामायण मंचन आनंद लेने के लिए बल्कि शिक्षा का एक भंडार है। श्री रामायण मंचन के भाई को भाई प्रति प्यार को दर्शाता है। हमें किस प्रकार समाज में हर व्यक्ति से मर्यादा में रहकर बात करनी चाहिए।

इस अवसर पर पत्रकार विनोद शर्मा ने श्री रामलीला क्लब को सुझाव दिया कि रामलीला के इतिहास के बारे में एक पुस्तिका के माध्यम से समाज को जानकारी दी जाए। शर्मा ने कहा कि हर अभिभावक घर पर अपने बच्चों को रामायण से संबंधित ज्ञान दें। विनोद शर्मा ने रामलीला कमेटी से आह्वान किया की आप बच्चों से रामायण के बारे रामलीला के दौरान ही दिन के समय में भी प्रतियोगिता करवाई जाए। स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत ही बढ़िया अभिनय कर स्थानीय लोगों को शुद्ध रामायण के बारे में अवगत करवा रहे हैं। उन्होंने रायपुर मैदान रामलीला क्लब को लगातार शुद्ध रामायण का मंचन के 50वें वर्ष भी शुद्ध रामायण करवाने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के प्रधान उज्जवल परमार, उपप्रधान पम्मी परमार, ईश्वर शर्मा, पम्मा राणा संयोजक राकेश शर्मा, मानसिंह, अमन, दीपू, दर्शन, राजू, नरेश शर्मा, लवली व स्थानीय लोग काफी संख्या में मौजूद थे। उज्ज्वल परमार एवं कमेटी के सदस्यों ने बताया कि राम का अभिनय कार्तिक परमार, लक्ष्मण लवली शर्मा, वंश ढिल्लों सीता का , रावण का दीपक परमार, मानसिंह बंगा कुंभकरण, पशु राम का अभिनय काला, राजीव धीमान हनुमान का अभिनय कर रहे हैं और भी कलाकार बहुत ही अच्छे ढंग अभिनय का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# विवेक शर्मा ने बुधान स्कूल में सात दिवसीय शिविर का किया शुभारंभ

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का शुभारंभ विधायक विवेक शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनएसएस एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को अपने व्यक्तित्व जीवन को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करता है। एनएसएस का आदर्श वाक्य है, मैं नहीं लेकिन तूं।




राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा और अन्य।

राष्ट्रीय सेवा के के माध्यम से देश की सेवा करने का विकल्प चुनते हैं। विद्यार्थियों का राष्ट्रीय सेवा योजना में समाज में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। विद्यार्थियों के माता-पिता का भी कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आजकल इंटरनेट हमारे जीवन में अभिन्न अंग बन गया है। इससे हमारे जीवन में कई लाभ भी हैं और नुकसान भी बहुत ज्यादा है, इसलिए माता-पिता को चाहिए कि अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर अच्छे संस्कार दें। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को 5100 और कबड्डी के मैट लिए दो लाख स्वीकृत किए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि इस शिविर में 25 राष्ट्रीय स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के सह कार्यक्रम अधिकारी अंबिका ने बताया कि स्कूल के बच्चे इस दौरान स्वच्छता नशा मुक्ति व अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल ठाकु र ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार, मनोज शर्मा, प्रवीन शर्मा, सुषमा आदि उपस्थित थे।




**उद्घाटन** वर्ष 2019 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहते हुए रखी थी आधारशिला

# सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने किया न्यायिक परिसर अंब का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, अंब**

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार को अंब में 17.16 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बहुमंजिला न्यायिक परिसर का लोकार्पण किया। इस अत्याधुनिक परिसर में 6 कोर्ट रूम, 2 बार रूम, पुस्तकालय और महिलाओं व पुरुषों के लिए प्रसाधन सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर में आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए भी विशेष प्रबंध हैं।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, ऊना मंडल की प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ और अन्य न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने साल 2019 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहते हुए इस न्यायिक परिसर की आधारशिला रखी थी। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायिक परिसर अंब के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे हिमाचल प्रदेश में न्यायिक प्रणाली के विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने अधिक से अधिक न्यायिक परिसरों के निर्माण पर बल देते हुए कोर्ट में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सभी कोर्टों की कार्यप्रणाली में डिजिटल तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय में ई-तकनीक के उपयोग से ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा के माध्यम से भौगोलिक सीमाएं अब कोई बाधा नहीं रही हैं, जिससे न्याय की पहुंच सभी के लिए सुगम हो गई है। इसके साथ ही, देश के विभिन्न जिला और उपमंडल बार के वकीलों को भी सुप्रीम कोर्ट के कार्यों का अनुभव प्राप्त हो रहा है।



न्यायमूर्ति सूर्यकांत अंब के नवनिर्मित न्यायिक परिसर का लोकार्पण करते हुए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अंब बार एसोसिएशन को भी ई-तकनीक का अधिक से अधिक सदुपयोग करने और एक ई-लाइब्रेरी विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के न्यायिक समुदाय की कार्य संस्कृति की सराहना करते हुए इसे देश के सबसे समर्पित समुदायों में से एक बताया। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की न्यायाधीश एवं ऊना मंडल की प्रशासनिक न्यायाधीश, न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ ने मुख्यातिथि सहित सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए ऊना जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुख्यातिथि न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को सम्मानित किया। वहीं, जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऊना नरेश कुमार ठाकुर ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए ऊना मंडल की प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ और कार्यक्रम में उपस्थित हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल अनूप रतन तथा जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त जतिन लाल ने मुख्यातिथि और सभी मेहमानों को माता श्री चिंतपूर्णी जी के मंदिर की प्रतिकृति और माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल, न्यायमूर्ति संदीप शर्मा, न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य, न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा, न्यायामूर्ति राकेश कैंथला आदि उपस्थित रहे।

# कुल्लू अंतरराष्ट्रीय दशहरे में 7 दिन होगा ढालपुर में देव मिलन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विश्व के सबसे बड़े देवमहासमागम व अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे उत्सव का आगाज रविवार को रघुनाथ जी की भव्य रथ यात्रा के साथ हुआ। इस बार भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा शाम को चार बजकर 45 मिनट पर शुरू हुई। लिहाजा, भगवान रघुनाथ जी ने सहस्त्र सेना के साथ लंका पर चढ़ाई कर ली है और सात दिन तक युद्ध चलने के बाद रावण का खात्मा लंका बेकर में किया जाएगा। इसी के साथ ही अनूठी परंपरा के लिए प्रसिद्ध कुल्लू दशहरा के इतिहास में एक और अध्याय जुड़ गया है।

इसके अलावा ऐतिहासिक कुल्लू के ढालपुर मैदान में विश्व के सबसे बड़े देव महाकुंभ में स्वर्ग के सभी देवी-देवता उतर आएं हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच रघुनाथ जी की रथ यात्रा में सैकड़ों देवताओं की मौजूदगी में लाखों लोगों ने रथ को खींचा। इसके साथ ही पूरा कुल्लू रघुनाथ जी के जयघोषों से गूंज उठा। रथ यात्रा में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने भी भाग लिया और रथयात्रा से पूर्व रघुनाथ जी के दर्शन किए। विश्वभर में अनूठी इस देव संस्कृति में दुनिया से भी हजारों विदेशी उमड़ पड़े हैं।

सोने-चांदी से जड़ित देवी-देवताओं के रथों को देखकर ऐसा लग रहा है कि मानों स्वर्गलोक से देवता धरतीलोक पर उतर आए हो। रावण के खात्मे के लिए सैकड़ों देवी-देवताओं ने बिसात बिछा ली है और रणनीति तय कर सातवें दिन रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ का खात्मा किया जाएगा। इसके अलावा परंपरागत तरीके से जिले के सैकड़ों देवी-देवताओं ने रथ यात्रा में भाग लिया तथा इससे पहले सभी देवी-देवताओं ने रघुनाथ की नगरी सुलतानपुर में शीश नवाजा। उधर, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लोकनृत्य उत्सव दशहरा का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने सैकड़ों देवी-देवताओं के दर्शन किए, तथा भव्य रथ यात्रा का भी लुत्फ उठाया। इसके पश्चात सांयकाल अंतरराष्ट्रीय लाल चंद्र प्रार्थी कला केंद्र में सात दिनों तक चलने वाले लोक उत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस अवसर पर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के पहले दिन निकली भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा में भाग लेते हजारों लोग व सैकड़ों देवी-देवता।


रथयात्रा के दौरान देवता के साथ नाचते देवलू।


दशहरा उत्सव के पहले दिन रथयात्रा से पूर्व राज परिवार एक साथ।


दशहरा उत्सव के पहले दिन रथयात्रा में भाग लेने पहुंचे डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व उनके साथ सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग।


दशहरा उत्सव में पहुंचे देवी-देवताओं के साथ देवलू।


अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के पहले दिन भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा से पहले परंपराओं का निर्वहन करते हुए।

## हिमाचल की देव संस्कृति के लिए नशा काफी घातक

**कुल्लू।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति के लिए नशा घातक सिद्ध हो सकता है। इसके लिए पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। ऐसे में शिमला के राज भवन में 6 नवंबर को पंचायतीराज विभाग तथा पंचायतीराज मंत्री के साथ मिलकर इस पर चर्चा की जाएगी, ताकि पंचायत स्तर पर नशे के खिलाफ आवाज उठाई सके जा सके और इस नशे को हिमाचल से खत्म किया जा सके। यह बात उन्होंने कुल्लू के ढालपुर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि पुलिस के स्तर पर नशे को खत्म करना काफी मुश्किल है क्योंकि यह नशा ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब अपनी जड़ों को जमा चुका है। आज युवतियां भी नशे का शिकार हो रही है। ऐसे में हिमाचल की संस्कृति के लिए नशा आने वाले समय में घातक सिद्ध होगा। राज्यपाल ने बताया कि इसके लिए पंचायतस्तर पर जागरूकता लानी होगी और ग्रामीण लोगों को भी इसके लिए लोगों को जागरूक करना होगा, ताकि हिमाचल को नशा मुक्त किया जा सके। वहीं राज्य प्रताप शिव प्रताप शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुल्लू का दशहरा देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी प्रसिद्ध है और यहां की देव संस्कृति को जानने के लिए भी विदेश से लोग यहां आते हैं, ऐसे में हिमाचल की देव संस्कृति अपने आप में अनूठी है और अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में यह सब संस्कृति के दर्शन लोगों को होते हैं। भगवान रघुनाथ के सम्मान में इस दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता है और सैकड़ों देवी-देवता इस दशहरा उत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं।

## चार जगह और चले हैं रघुनाथ के रथ

**अंतरराष्ट्रीय** कुल्लू दशहरा के अलावा मणिकर्ण, ठाउगा, वशिष्ठ और हरिपुर में भी दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। यहां पर भी सात दिनों तक महोत्सव चलता है। मणिकर्ण में बाकायदा रथ भी बनाया जाता है, जिसमें भगवान रघुनाथ को रखा जाता है। यहां पर हालांकि देवता बड़ी संख्या में नहीं होते हैं, लेकिन परंपराओं का पालन पूरी तरह से किया जाता है

## देवता अस्थायी शिविरों में, देवालय सूने

**कुल्लू।** देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए कुल्लू के सैकड़ों देवी-देवता अपने-अपने देवालय छोड़कर इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए अठारह करडू की सौह ढालपुर मैदान स्थित अपने अस्थायी शिविरों में पहुंचे हैं। देवताओं के दशहरा प्रवास के चलते जहां जिले के देवालय सूने पड़ गए हैं। वहीं, आने वाले लगभग दो सप्ताह के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के देवालयों में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंजे भी खामोश हो गई हैं। इसके अलावा जिलेभर के सैकड़ों देवी-देवताओं के दशहरा उत्सव में भाग लेने से घाटी में किसी भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं होगा। अपने आराध्य देव के दशहरा के लिए निकलने से ग्रामीणों लोगों में मायूसी है। जिले के ग्रामीण इलाकों के लोगों अमर ठाकुर, रोशन शर्मा, उमेश ठाकुर, सोहन लाल, सीता देवी सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए सैंज, आनी, बंजार व मनाली से देवी-देवता आए हैं। अब लगभग दो सप्ताह तक वह अपने आराध्य के न तो दर्शन कर पाएंगे और न ही पूजा-अर्चना। देवता के दशहरे में भाग लेने के लिए पूरा वातावरण सूना-सूना लग रहा है। 13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले देवी-देवताओं और मानस के महामिलन का साक्षी अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव रविवार से शुरू हो गया है और जिलेभर के देवी-देवता अपने लाव-लश्कर के साथ ढालपुर मैदान में पहुंच गए हैं। वहीं, इस दौरान देवालयों में देवताओं के प्रतीक चिन्हों की शंख ध्वनि से पूजा-अर्चना होगी। रविवार को दशहरा उत्सव के पहले दिन ढालपुर स्थित देवताओं के अस्थायी शिविरों जिला के साथ-साथ प्रदेश व विदेशी भक्तों का खूब तांता लगा रहा। दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए जहां अधिकतर देवी-देवताओं ने ढालपुर मैदान में अपनी हाजिरी दी। हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए जिलेभर के दुर्गम क्षेत्रों के देवी-देवता लगभग एक सप्ताह पहले की कूच कर देते हैं और एक सप्ताह तक कुल्लू के ढालपुर मैदान में बने अपने अस्थायी शिविरों में भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

## हिडिंबा माता के राजमहल में पहुंचते ही तय हुई दशहरा रथ की रणनीति

**कुल्लू** राज परिवार की राज्य दात्तरी हिडिंबा देवी के राज महल में पहुंचते ही दशहरा रथ की रणनीति तय की गई। हिडिंबा के राजमहल पहुंचने के बाद रघुनाथ जी को पालकी में बिठाकर रथ मैदान तक पहुंचाया गया, जहां सोने-चांदी के आभूषणों तथा रंग-बिरंगे परिधानों से सजे रघुनाथ जी के रथ में भगवान रघुनाथ, लक्ष्मण, सीता माता तथा हनुमान की प्रतिमाओं को विराजमान किया गया। इसके बाद परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना के बाद सभी देवी-देवताओं ने रघुनाथ जी के रथ के आगे हाजरी भरी तथा पुरातन वाद्ययंत्रों की ध्वनि से देवभूमि गूंज उठी। विशेष पूजा अर्चना के बाद रथ यात्रा का आरंभ हुआ।

## लोगों ने अपने-अपने मोबाइल में कैद किए यादगार लम्हें

**इस** भव्य रथ यात्रा को देखने के लिए जहां प्रदेश भर के हजारों लोग आए थे। वहीं, विश्वभर के लोगों ने इस रथ यात्रा में भाग लिया, जबकि देशभर के मीडिया के लोगों के अलावा विदेशी मीडिया ने भी इस अनूठी परंपरा को अपने कैमरे में कैद करने के लिए दस्तक दी। प्रथम दिन यह रथ यात्रा रघुनाथ जी के अस्थायी कैंप तक पहुंची। इसके पश्चात रघुनाथ जी को विधिवत तरीके से अस्थायी कैंप कैंप में शुशोभित किया गया। सभी देवी-देवताओं ने भी रथ यात्रा में भाग लेने के बाद अपने अस्थायी कैंपों को प्रस्थान किया। लिहाजा, ढालपुर मैदान में सैकड़ों देवी-देवता विराजमान हो गए हैं तथा कुल्लू शहर स्वर्ग सा प्रतीत होने लगा है। रघुनाथ जी के अस्थायी कैंप में भी हजारों लोग दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। यहां पर रघुनाथ जी की सात दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना होती रहेगी। इसके अलावा हर दिन देवी-देवता रघुनाथ जी के पास हाजरी भरते रहेंगे। इस बीच विभिन्न परंपराओं का आगाज होगा तथा रघुनाथ जी के कैंप में जहां प्रतिदिन चंद्राउली का आयोजन होगा। वहीं, राजा की जलेब भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अतिरिक्त छठे दिन जहां मुहल्ले का आयोजन होगा और सातवें दिन लंका दहन होगा।

## आसमान में उड़ते पैराग्लाइडर ने उड़ाए पुलिस के होश

**हालांकि** पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी, लेकिन रथ यात्रा से कुछ समय पहले से खराहल घाटी की पहाड़ी पर पैराग्लाइडर उड़ता हुआ नजर आया, जिसने पुलिस प्रशासन के होश उड़ा दिए। कुछ समय तक उड़ने के बाद हालांकि पैराग्लाइडर ने घाटी में ही इमरजेंसी लैंडिंग की। पुलिस के अनुसार दशहरा उत्सव के मद्देनजर कुल्लू में तो हालांकि पैराग्लाइडिंग के लिए प्रतिबंध था। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान के अनुसार पैराग्लाइडर कहां से आया और क्या रास्ता भटक गया था। इन सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

# 27 ने सीखीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम की बारीकियां




**अनंत ज्ञान, सैंज**

शिक्षा विभाग की ओर से व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन विषय पर नगवाईं में तीन दिवसीय जॉब प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बरैहिन स्कूल (फाटी रोट) के 27 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन पर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरैहिन के नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के 27 स्टूडेंट्स को प्रशिक्षित किया गया।

पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विषय के अध्यापक अंकुश राणा ने बताया कि इस जॉब प्रशिक्षण शिविर में जहां स्कूलों बच्चों ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम में बारीकियां सीखीं। वहीं, पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन पाठ्यक्रम व कौशल विकास पर खूब ज्ञान बांटा। उन्होंने बताया कि यह कोर्स स्कूली बच्चों को कम समय में निपुण बना देता है। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में सफल कैरियर के लिए स्कूली बच्चों को इस तरह का कौशल तैयार करता है और फिर यही पाठ्यक्रम उन बच्चों के लिए एक बढ़िया विकल्प है, जो किसी विशिष्ट उद्योग या पर्यटन पेशे से संबंधित व्यावहारिक कौशल और ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं। अंकुश राणा ने बताया कि पर्यटन से संबंधित कोर्स को पूरा करने के बाद युवा प्रतिष्ठित होटल, रिजॉर्ट्स, एयरपोर्ट तथा ट्रैवल एजेंसी में रोजगार पा सकते हैं। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर में पधारे छात्र छात्राओं को प्रोफेशनल कोर्स को व्यवहारिक जीवन में जरूर अपनाने का आग्रह किया। वोकेशनल एजुकेशन के इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में होटल व्यवसाय से जुड़े कारोबारी अनिल ठाकुर ने शिविर में आए बच्चों को सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर स्कूल के को-ऑर्डिनेटर हुकुम सिंह, मैडम संध्या तथा राधा कुमारी भी उपस्थित रही।

# स्वयंसेवकों ने कदमताल और शस्त्र पूजन किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



देवभूमि कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की पावन वेला पर आरएसएस का भगवा ध्वज लहराया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सीटी पर रविवार को आरएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने कुल्लू की सड़कों पर पथ संचलन किया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने संघ गीत भी गुनगुनाया। इस दौरान कुल्लू में आरएसएस के जिला संघ चालक राजीव करीर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए संघ की पृष्ठभूमि बारे जानकारी दी। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने कदमताल की और शस्त्र पूजन भी किया। स्वयंसेवक सुबह अखाड़ा बाजार स्थित सब्जी मंडी में एकत्रित हुए और अखाड़ा बाजार से रामशिला स्थित हनुमान मंदिर होते हुए सरवरी से वापस अखाड़ा बाजार तक पथ संचलन किया। वहीं, मनाली में मालरोड पर और भुंतर बाजार में भी पथ संचलन किया। विजयदशमी के इस पावन मौके पर पर सभी स्वयंसेवक नए गणवेश में दिखे। पहले जहां सभी स्वयंसेवी निक्कर पहनकर पथ संचलन करते थे। वहीं, अब एक दो सालों से निक्कर की जगह स्वयंसेवकों ने खाकी पैंट के साथ पथ संचलन किया।

# मनाली पहुंचे तीन हजार पर्यटक वाहन

### रविवार को रोहतांग जाने वाले वाहनों का आंकड़ा भी हुआ 419 के पार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में सप्ताहांत में खूब रौनक देखने को मिली है। तीन दिन में 3000 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। इस सप्ताह पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मनाली मालरोड के साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों में रौनक देखने को मिल रही है।

कुछ दिनों से अपेक्षा के अनुरूप पर्यटक मनाली आ रहे हैं। नवरात्र के बाद पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। रोहतांग के लिए रोजाना 400 से अधिक वाहन जा रहे हैं। रविवार को रोहतांग जाने वाले वाहनों का आंकड़ा भी 419 के पार हो गया। आज डीजल के 194, जबकि पेट्रौल के 226 परमिंट बुक हुए। दशहरा मनाने के लिए देश भर से पर्यटक पर्यटन नगरी मनाली पहुंच रहे हैं। होटलों में भी आक्यूपेंसी 60 के पार पहुंच गई है। सभी छोटे-बड़े होटलों में रौनक छाने लगी है। पर्यटन कारोबारी रोशन ठाकुर व इंद्र ने बताया कि रविवार सुबह 50 से अधिक लग्जरी बसों में पर्यटक मनाली पहुंचे। टेंपो-ट्रेवलर भी काफी संख्या में मनाली आ रही हैं। दशहरा शुरू होते ही पर्यटन कारोबार ने गति पकड़ ली है। संख्या में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि दशहरा पर्व के चलते बाहरी राज्यों से पर्यटक मनाली में दस्तक देने लगे हैं। दशहरा सीजन ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में मनाली में पर्यटकों का सैलाब उमड़ेगा। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के उप महाप्रबंधक बीएस ओकटा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की आमद बढ़ी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग में भी बढ़ोतरी हो रही है।

# ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक व आधुनिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर पान सिंह ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

विशेषातिथि के रूप में हुरला पंचायत की प्रधान सीता महंत रहीं। मुख्यातिथि ने दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज व प्रशासक कैलाश गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व वर्तमान में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर पान सिंह ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि हुरला पंचायत की प्रधान सीता महंत ने कार्यक्रम की खूब सराहना की और पढ़ाई तथा विभिन्न गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया। चर्चित आलोचक व कवि पान सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल होने के बावजूद भी बच्चों का स्तर शहर के बड़े स्कूलों से कम नहीं है। उन्होंने इसका श्रेय स्कूल मैनेजमेंट, अध्यापकों व अभिभावकों को दिया। बच्चों को तैयार करने में इंद्रा, रजनी, हिमानी, गीतांजलि, प्रेमा, रीनू शर्मा, सुनीता, ज्योति, सोमिला, ममतारानी, चंपा आदि अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों ने खूब परिश्रम किया। कार्यक्रम में मंच संचालन अध्यापक हिमानी व गीतांजलि ने किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक व आधुनिक कार्यक्रमों के अलावा मार्शल आर्ट तथा रंगमंच की प्रस्तुतियां भी दी गई।

# मुन्नी व भागा नाले में पुल बनने से सुगम हुआ लेह-मार्ग का सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



बीआरओ पाकिस्तान व चीन सीमा तक पहुंच लगातार आसान कर रहा है। कहीं टनल तो कहीं भव्य पुल सफर को सुगम बना रहे हैं।

अटल टनल से जहां मनाली से लेह की दूरी 46 किमी कम हुई है। वहीं, दारचा जैसे 360 मीटर लंबे व चंद्रा व भागा नदी में बने पुलों ने सफर को आराम दायक बना दिया है। बारालाचा से सरचू के बीच मुन्नी व भागा नाले में चल रहे पुल निर्माण से लगभग दो साल राहगीरों को दिक्कत हुई, लेकिन बीआरओ ने अब मुन्नी नाले में 40 मीटर तथा भागा नाले में 30 मीटर पुल का निर्माण कर लिया है। इससे मनाली-लेह मार्ग का सफर पहले से और सुगम हो गया है। तीन अक्तूबर-2020 से पहले लेह की दूरी 476 किमी थी और 16 से 18 घंटे लगते थे, लेकिन टनल सहित सड़क व पुलों का निर्माण हो जाने से अब दूरी 426 किमी ही रह गई है और सफर भी मात्र 10 घंटों का रह गया है। बीआरओ कमांडर कर्नल गौरव ने बताया कि मुन्नी नाले में 40 मीटर तथा भागा नाले में 30 मीटर पुल का निर्माण कर लिया है। इन पुलों के बन जाने से मनाली-लेह मार्ग का सफर पहले से और सुगम हो गया है।

**दौरा** विधायक अनुराधा राणा ने क्यूलिंग, लिदांग और काजा में 92.62 लाख रुपए के किए उद्घाटन व लोगों की समस्याएं सुनीं

# जनजातीय जिलों के गांवों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को स्पीति के गांव क्यूलिंग, लिदांग और काजा में 92.62 लाख रुपए के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन किए।


आंगनबाड़ी केंद्र क्यूलिंग भवन के उद्घाटन के बाद जाइका के तहत ऊन कातने की मशीनें महिलाओं को प्रदान करती हुई विधायक।

विधायक ने विकास खंड एवं पंचायत काजा के गांव क्यूलिंग में 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित आंगनबाडी केंद्र, काजा में 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय बिक्री केंद्र (जाईका) और 42 लाख 62 हजार रुपए से निर्मित राजस्व सदन भवन तथा लिदांग में 28 लाख रुपए की लागत से निर्मित पर्यटक सहूलियत केंद्र (कैफेटेरिया) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के अन्य जिलों के गांवों की भांति जनजातीय जिलों के गांवों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्र के बनने से गर्भवती व धात्री माताओं तथा बच्चों को प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। काजा में बहुउद्देशीय बिक्री केंद्र (जाइका) के खुलने से न केवल स्थानीय बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि यहां के कारीगरों की ओर से तैयार किए गए हस्त निर्मित उत्पाद भी उपलब्ध होंगे।

इस सुविधा केंद्र में टूरिस्ट ईको यूनिट-1 और टूरिस्ट ईको यूनिट-2 दो कक्ष बने हुए हैं, जिसमें चार लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने काजा के क्यूलिंग में वन विभाग की ओर से रिवर-बी स्वयं सहायता समूह की सभी 10 महिलाओं को 60 हजार रुपए की लागत की ऊन कताई मशीने तथा लिदांग गांव में एवरग्रीन स्वयं सहायता समूह की सभी 11 महिलाओं को 66 हजरा रुपए की लागत की सिलाई मशीनें व इसी समूह को 8 हजार रुपए की लागत की एक इंटरलॉकिंग मशीन भी वितरित की। विधायक ने दौरे के दौरान क्रांग, क्यूलिंग, लिदांग, शैगो और काजा में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को निपटारे के लिए निर्देश दिए।



## न्यूज ब्रीफ

### माता जैईश्वरी के नाम पर लगने वाला मेला संपन्न

**राजगढ़।** उपतहसील पझोता के परघेल क्षेत्र के साथ लगते धरेच के केलिया घाट में जैईश्वरी माता के नाम पर लगने वाला दशहरा मेला संपन्न हो गया। इस मेले का आरंभ जैईश्वरी माता के प्राचीन मंदिर धरेच से माता की शोभायात्रा के साथ हुआ। यह शौभायात्रा पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल-नगाड़ों व शहनाई के साथ निकाली गई, जो कि माता के केलिया घाट स्थित मंदिर में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। मंदिर समिति एवं देवी के बजीर शिवराम शर्मा ने बताया कि धरेच में माता नगरकोटी का प्राचीन मंदिर है, जो कि जैईश्वरी के नाम से प्रसिद्ध है। परंपरा के अनुसार हर वर्ष शरद नवरात्र पर जैईश्वरी माता धरेच का घाट स्थित में प्राचीन मंदिर मौड़ में आगमन होता है, जहां पर माता चौदश तिथि तक भक्तों को दर्शन देने के लिए विराजमान रहती हैं और शरद पूर्णिमा को वापस अपने मंदिर धरेच में प्रवेश करती हैं। इस वर्ष सबसे बड़ा दशहरा मेला 13 को मनाया जाता है, जिसमें दूर दराज से असंख्य श्रद्धालु माता के दर्शन कर पुण्य कमाते हैं। सबसे अहम बात यह है कि इस मेले में देवी दर्शन आकषर्ण का केंद्र होते हैं। इस मेले में विशेषकर लोग अपने छोटे बच्चों के मुंडन करवाने आते हैं। शिवराम शर्मा के अनुसार जैईश्वरी नगरकोटी माता बहुत प्रत्यक्ष देवी है और अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है। विशेषकर निसंतान दंपत्तियों की सूनी गोद देवी निश्चित रूप से भर देती है। इस दौरान सबसे बड़ा मेला दशहरा के दूसरे दिन एकादशी को लगता है, जिसमें माता के दर्शनों के लिए जन सैलाब उमड़ता है। इस मंदिर में चावल के दाने प्रसाद रूप में दिए जाते हैं, जिसे लोग अपने घरों में सहेज कर रखते हैं, ताकि किसी नाकारात्मक शक्ति का घर में प्रवेश न हो। यहां काबिले जिक्र है कि रविवार को हजारों ह्यभक्तों ने माता के मंदिर में माथा टेका और माता का आर्शीवाद लिया ।

### आने वाले दबावपूर्ण मुद्दों पर ध्यान किया आकर्षित

**सोलन।** आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के युग में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक महत्वपूर्ण सीखने का आदान-प्रदान और नीति वकालत कार्यशाला का हाल ही में आयोजन किया गया, जिसमें भारत में मानसिक स्वास्थ्य के वैकल्पिक दृष्टिकोणों की खोज के लिए प्रमुख व्यक्तियों को एक साथ लाया गया। पूर्व केंद्रीय सचिव बलविंदर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में यूनिसेफ एमोएच एफ डब्लू, नीति आयोग, जेएनयू और ब्यूरोक्रेट्स कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि शामिल थे। तेजिंदर सिंह संधू, आईएएस सेवानिवृत्त पूर्व सोलन के डॉ. दमन आहूजा ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में किशोरों के मुद्दों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि दी। सोलन के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव विशेषज्ञ डॉ. दमन आहूजा ने इस महत्वपूर्ण सभा में सोहम इंडिया का प्रतिनिधित्व किया। यूनिसेफ, नाको, दिल्ली विश्वविद्यालय और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के साथ अपने व्यापक अनुभव से डॉ. आहूजा ने आज के किशोरों के सामने आने वाले दबावपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, एचआईवी/एड्स, पोषण, लिंग भेदभाव, हिंसा, इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग, मूल्य प्रणालियों और युवाओं में बढ़ते गैर-संचारी रोगों के बोझ जैसी चिंताओं पर प्रकाश डाला। डॉ. आहूजा ने हिमाचल प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने की अपनी योजना की घोषणा की, जिसमें आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने में किशोरों के लिए व्यापक समर्थन और शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया गया। नाको, दिल्ली विश्वविद्यालय और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के साथ अपने व्यापक अनुभव से डॉ. आहूजा ने आज के किशोरों के सामने आने वाले दबावपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, एचआईवी/एड्स, पोषण, लिंग भेदभाव, हिंसा, इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग, मूल्य प्रणालियों और युवाओं में बढ़ते गैर-संचारी रोगों के बोझ जैसी चिंताओं पर प्रकाश डाला। डॉ. आहूजा ने हिमाचल प्रदेश के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में इन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने की अपनी योजना की घोषणा की, जिसमें आधुनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने में किशोरों के लिए व्यापक समर्थन और शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया गया। नाइजीरिया प्रमुख ने पैनल चर्चा का संचालन किया।

### शिविर में 125 लोगों ने करवाई आंखों की जांच




**एसके शर्मा, जाहू।** गलवान अमर शहीद सिपाही सेना मेडल अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट और एसएम आई अस्पताल कांगड़ा के सौजन्य से बडैहर स्कूल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बडैहर पंचायत के प्रधान वीरेंद्र पाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर और शाहिद अंकुश ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित कर इस निशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया। इस नेत्र जांच शिविर में 125 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। इस अवसर पर आई अस्पताल कांगड़ा की टीम ने लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की और सुझाव दिए। जानकारी देते हुए शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा रानी ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, ताकि घरद्वार पर लोगों को चैकअप की सुविधा मिल सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को भी किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो वह ट्रस्ट के फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर बडैहर पंचायत के उपप्रधान, एसएमसी बडैहर के प्रधान, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार, ट्रस्ट सचिव प्रकाश शर्मा, फाइनेंस सेक्रेटरी प्रदीप शर्मा, मनीष कुमार, राकेश शर्मा, अदिति, रीना और निशा कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



धलूं पंचायत में उड़ान फाउंडेशन के बैनर तले आर्यन युवा क्लब द्वारा दशहरा उत्सव मनाया गया, जिसमें रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतले जलाए गए व उसके बाद मुख्यातिथि की ओर से क्लब के सभी सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# सोलन अस्पताल में विटामिन-डी के टेस्ट बंद, महंगे दामों में करवाने पड़ रहे टेस्ट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

तीन जिलों के केंद्र बिंदु क्षेत्रीय हॉस्पिटल सोलन में विटामिन-डी के टेस्ट बंद होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि टेस्ट करवाने के लिए बजट ही नहीं है। नतीजतन अस्पताल मैनेजमेंट ने अब इस टेस्ट को बंद कर दिया है। इसका सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है।

मरीजों को विटामिन-डी टेस्ट करवाने के लिए अब या तो बाहर महंगे दामों पर टेस्ट करवाना पड़ रहा है या फिर उन्हें बिना इस टेस्ट के ही काम चलाना पड़ रहा है। इस टेस्ट के बंद होने से मरीज भी हताश होने लगे हैं। शुरुआत में तो इस टेस्ट के बारे में मरीजों को कोई भी जानकारी नहीं थी, लेकिन अब जब कोई भी डॉक्टर मरीज को विटामिन-डी का टेस्ट करवाने के लिए कहता है और वह लैब में पहुंचता हैं, तो उसे यहां टेस्ट न होने का हवाला दे दिया जाता है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। सरकारी लैब से मिली जानकारी के अनुसार पहले प्रतिदिन करीब 50 से 60 विटामिन- डी के टेस्ट हुआ करते थे, लेकिन अब जो भी मरीज विटामिन-डी का टेस्ट करवाने के लिए आ रहा है, उसे मना कर दिया जाता है। भले ही प्रदेश सरकार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर देने का दावा करती हो, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इसका अनुमान ऐसे लगाया जा सकता है कि फिलहाल अस्पताल में विटामिन-डी का टेस्ट ही नहीं हो पा रहा है। हालांकि सरकार ने पहले यह टेस्ट हॉस्पिटल में करवाने के लिए हामी भरी थी, लेकिन अब एनएचएम से समय पर फंड न मिलने के चलते इस टेस्ट को मजबूरन हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने बंद कर दिया है। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे में यहां विटामिन-डी का टेस्ट न होने से मरीज परेशान होने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)




**एनएचएम से समय पर फंड न मिलने के चलते इस टेस्ट को करना पड़ा बंद**

### थायराइड के टेस्ट पर भी आशंका

**सोलन** हॉस्पिटल मैनेजमेंट के अनुसार विटामिन-डी का टेस्ट होने के बाद अब थायराइड के टेस्ट के लटकने की आशंका है। इस टेस्ट को करवाने के लिए भी एनएचएम से फंडिंग नहीं मिल पा रही है। हालांकि सोलन हॉस्पिटल में फिलहाल यह टेस्ट अभी हो रहा है, लेकिन यदि समय पर इसके लिए एनएचएम से पैसा नहीं आया, तो आने वाले दिनों में सरकारी लैब में यह टेस्ट की सुविधा भी मिलनी बंद हो जाएगी।

> अस्पताल में फिलहाल विटामिन-डी के टेस्ट नहीं हो रहे हैं। फंडिंग न मिलने के चलते यह टेस्ट बंद हुआ है। इसके लिए फंड की मांग की गई है।
> **डॉ. संदीप जैन, एमएस सोलन अस्पताल।**

### सोलन में एक मंत्री और दो सीपीएस होने के बाद भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सोलन जिले में कांग्रेस सरकार जनता की बुनियादी जरूरतों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और जल आपूर्ति में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। जिले में एक मंत्री और दो-दो सीपीएस होने के बाद भी हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। आलम यह है कि विश्व में फार्मा हब के रूप में विकसित सोलन जिले में स्कूलों में शिक्षकों और अस्पतालों में इलाज की दरकार है। सरकार की गलत नीतियों से उद्योगपति पलायन को मजबूर हैं।



ऐसे में रोजगार और हिमाचल का विकास बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सोलन की पेयजल पूर्ति के लिए सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें, तो यहां 30 से अधिक डॉक्टरों के पद रिक्त पड़े हैं और अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां खत्म हो चुकी हैं। जनता स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रही है। महंगी निजी स्वास्थ्य सेवाएं पर लोगों का निर्भर रहना मजबूरी है। दूसरी ओर सरकार की मिलीभगत से स्क्रैप माफिया और खनन माफिया बेखौफ होकर काम कर रहे हैं, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। जीवन रक्षक दवाओं के बार-बार सैंपल फेल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। उद्योगपति सरकारी खौफ के कारण पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस सरकार सत्ता में आते ही जहां विद्यार्थियों की संख्या कम थी, उन स्कूलों को बंद कर यह कहा कि हम शिक्षा की गुणवत्ता पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

हालात यह हैं कि सोलन में 144 सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैं, वहां विभिन्न विषयों पर 282 लेक्चरर के पद खाली पड़े हैं। वहीं शिक्षा की बात करें, तो सोलन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पिछले कई महीनों से केमिस्ट्री का लेक्चर को पद खाली पड़ा है, जिसके कारण मेडिकल और नॉन-मेडिकल के छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है और सुक्खू सरकार गहरी नींद में सोई है।

## कांग्रेस की झूठी गारंटी अब किसी भी प्रदेश में नहीं चलेगी : प्रताप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटी अब किसी भी प्रदेश में चलने वाली नहीं है क्योंकि झूठी गारंटी की हवा हरियाणा की जनता ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हराकर निकाल दी है।



रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सबसे पहले झूठी गारंटी हिमाचल विधानसभा चुनाव में दी थी झूठी गारंटी देकर कांग्रेस के नेताओं ने प्रदेश की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, तो हम प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देंगे। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी के नाम पर ठगा और प्रदेश की महिलाओं को प्रति महा 1500 रुपए देने के नाम पर ठगा। इतना ही नहीं प्रदेश की जनता को 300 यूनिट मुफ्त बिजली एवं 100 रुपए लीटर भैंस का दूध और 80 रुपए लीटर गाय का दूध देने के नाम पर ठगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश की जनता के साथ और भी बहुत सारे बादे किए थे।

रावत ने बताया कि जब से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है, तब से प्रदेश में विकास के पहिए थम गए। हालात यहां तक हो गए हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार के पास कर्मचारियों की सैलरी देने के लिए भी पैसे नहीं हैं।

### फर्जी फर्म बनाकर 5.90 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत फर्जी खबर बनाकर एक दुकान मालिक से 5.90 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिव कुमार पुत्र सालीग राम निवासी गांव रेड़ू तहसील नालागढ़ जिला सोलन ने बताया कि न्यू नालागढ़ फेस-1 में एसपी एसबी इंटरप्राइज के नाम से दुकान चलाता है किसी ने झूठी फर्म बनाकर 5,90,870 रुपए की धोखाधड़ी कर दी और अब पैसे वापस करने से साफ मना कर रहा है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश करते हुए आरोपी रोहित राना पुत्र लेखराज राना निवासी गांव भवनौर तहसील मुकेरियां जिला होशियारपुर पंजाब को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जा रहा है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## त्योहार एवं उत्सवों के मूल में जन-जन का हित निहित : राम कुमार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने कहा कि हमारे प्रदेश में मनाए जाने वाले त्योहार एवं उत्सवों के मूल में जन-जन का हित निहित है और इनके माध्यम से हम आपसी भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

राम कुमार चौधरी गत सायं दून विधानसभा क्षेत्र के बद्दी में दशहरा उत्सव के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को विजयदशमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम द्वारा आसुरी शक्तियों के प्रतीक रावण का वध करने के कारण इस दिवस को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। विजयदशमी का अर्थ है विजय का दसवां दिन। इस दिन जगह-जगह रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन कर बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाया जाता है। विजयदशमी असत्य, अंहकार, अत्याचार और बुराई पर सत्य, धर्म और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि यह त्योहार उच्च मानवीय आदर्शों में अपनी आस्था को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होंने कभी भी जीवन में मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। माता-पिता और गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए अपने सभी कर्तव्य निभाए। दून का संतुलित विकास उनकी प्राथमिकता है। राम कुमार चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही नागरिक अस्पताल बद्दी में रोगियों को 100 बिस्तर की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बद्दी के लोगों को स्थायी आधुनिक बस अड्डे की सुविधा मिलेगी। मुख्य संसदीय सचिव ने गत दिवस बद्दी की सन सिटी कॉलोनी स्थित प्रथम राम मंदिर में राम परिवार की मूर्ति भी स्थापित की। यह मूर्ति पांच लाख रुपए की लागत से निर्मित की गई है।



## युवा समृद्ध विरासत को सहेज कर रखने में सकारात्मक भूमिका निभाएं

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि मेलों एवं त्योहारों की परंपरा हमें संस्कृति और इतिहास की गहन जानकारी प्रदान कर भविष्य को बेहतर बनाने में सहायता करती है।

संजय अवस्थी गत रात्रि सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बातल में दो दिवसीय दशहरा मेला की प्रथम सांस्कृतिक संध्या को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि हमारी समृद्ध संस्कृति और हस्तशिल्प समय के साथ यथावत हैं और इनके संरक्षण में बेहतर भविष्य निहित है। संस्कृतिक और परंपराएं तथा हस्तशिल्प में समय के साथ बदलाव होते हैं। हमें यह सुनिश्चित बनाना होगा कि संस्कृति का मूल स्वरूप बना रहे। संस्कृति, परंपरा तथा हस्तशिल्प को संजोकर न केवल पर्यटन क्षेत्र को नए आयाम दिए जा सकते हैं, बल्कि आर्थिक बेहतरी भी प्राप्त की जा सकती है। प्रदेश सरकार सांस्कृतिक संरक्षण के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और आर्थिकी की मजबूती पर बल दे रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपनी समृद्ध विरासत को सहेज कर रखने में सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी को विजयदशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम भारतीय चेतना के कारक हैं और उनके द्वारा स्थापित मार्ग का अनुसरण करना हम सभी का कर्तव्य है। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर बातल में मंच निर्माण कार्य के लिए 1.50 लाख रुपए, युवक मंडल बातल के भवन निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की उन्होंने इस अवसर पर कबड्डी और वॉलीबाल के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।



मेले में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते सीपीएस।

## टूयरू में प्राकृतिक पानी के स्रोत की साफ-सफाई की



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन के स्वयंसेवियों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान प्रभात फेरी निकाली।

फेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर गोहर, टूयरु और आयुर्वेदिक चिकित्सालय होते हुए वापस स्कूल पहुंची। इस मौके पर गांव टूयरु में प्राकृतिक पानी के स्रोत और आयुर्वेदिक चिकित्सालय के आसपास सफाई की गई। दोपहर के भजन के बाद बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ व एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

## दुर्गापूजा का मूर्ति विसर्जन के साथ समापन



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पंचायत के यूथ फार्मर क्लब और रामलीला क्लब स्यार की ओर से नवरात्र के अवसर पर नौ दिनों से चल रही दुर्गापूजा का मूर्ति विसर्जन के साथ समापन हो गया।

क्लब के प्रधान अतुल चंदेल ने बताया कि मां दुर्गा की मूर्तियों को भव्य यात्रा के साथ गोबिंद सागर झील तक ले जाया गया। जहां पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गोबिंद सागर झील के बीच ले जाकर उनका विसर्जन कर दिया गया। प्रधान अतुल चंदेल ने बताया कि क्लब पिछले 20 वर्षों से स्यार में दुर्गा पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा के साथ करता आ रहा है। क्लब के सदस्यों का पूजा में बढ़-चढ़कर सहयोग रहा। इस मौके पर क्लब प्रधान अतुल चंदेल, उपप्रधान विकास कौशल, कोषाध्यक्ष नीरज चंदेल, स्यार कल्याण समिति प्रधान रूप चंद चंदेल, महासचिव राम रत्न चंदेल, पूर्व उपप्रधान लेखराज चंदेल, जय चंद चंदेल आदि 150 श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दो साल बाद बद्दी-घरेड़ मार्ग पर नवांनगर के लिए संपर्क मार्ग तैयार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी से घरेड़ मार्ग पर पंचायत सौड़ी के तहत गांव नवांनगर के लिए संपर्क मार्ग पूरी तरह से तैयार हो चुका है।

इस मार्ग के तैयार होने से सैकड़ों लोगों को इसका लाभ मिला है। इस मार्ग पर प्रसिद्ध मनसा देवी का कुलजा मंदिर है। बाबा रामसरूप ने बताया कि बीडीसी मेंबर पुष्पिंदर कौर के सहयोग से बने इस संपर्क मार्ग के बनने से क्षेत्र के लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। इस सड़क को बनाने का कार्य 2022 में शुरू हुआ था, जो अब पूरा हो चुका है। पंचायत प्रधान पवन कुमार, उपप्रधान रामपाल, बाबा रामसरूप, रामदित्ता ठाकुर, पदम चाचा, सुरेंद्र ठाकुर, रामकरण, विक्रम ठाकुर, हाकम सिंह ठाकुर आदि ने इस सड़क का कार्य करवाने के लिए बीडीसी मेंबर पुष्पिंदर कौर का आभार जताया। पुष्पिंदर कौर ने बताया कि इस मार्ग पर करीब तीन लाख रुपए खर्च कर इसे अंजाम दिया गया है और यहां के लिए अन्य विकास कार्यों के लिए करीब पांच लाख की राशि स्वीकृत करवाई है।



बद्दी-घरेड़ मार्ग।

**सम्मान** शंखनाद सामाजिक संगठन संस्था का 9वां स्थापना दिवस और राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह नाहन में हुआ संपन्न, पहाड़ी एलबम जयकारा देवा विजटा की रिलीज

# 14 विशिष्टजनों और रोटरी क्लब को मिला शंखनाद सिरमौर गौरव सम्मान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सिरमौर और हिमाचल प्रदेश में शिक्षा, सामाजिक सेवा, मीडिया, रंगमंच, साहित्य लेखन कला और संस्कृति के उत्थान के लिए कार्य कर रही शंखनाद सामाजिक संगठन संस्था का 9वां स्थापना दिवस और राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह नाहन में संपन्न हुआ।

इसमें विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वाले 14 विशिष्टजनों को शंखनाद विशिष्ट सम्मान सिरमौर गौरव-2024 से विभूषित किया गया। इनके साथ ही रोटरी क्लब नाहन को जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रहने के लिए स्व. डॉ. केसी शर्मा को समाजसेवा पुरस्कार से नवाजा गया। शंखनाद संस्था के राज्य अध्यक्ष ललित शर्मा और निदेशक डॉ. श्रीकांत अकेला के अनुसार भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह और स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यातिथि के रूप में बीआरशर्मा अतिरिक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सिरमौर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने की।




शंखनाद सामाजिक संगठन संस्था ने सम्मानित की विभिन्न विभूतियां।

सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआर भारद्वाज प्रसिद्ध गीतकार एवं वरिष्ठ अधिकारी शिमला, सेवानिवृत्त कारागार अधिक्षक और राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता बी आर कक्कड़, राजीव ठाकुर, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सिरमौर, प्रसिद्ध समाजसेवी साहित्यकार लेखक अनुदीप भारद्वाज ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार चिर आनंद के काव्य संग्रह देश के होने से हम हैं उसका लोकार्पण और अनिल शर्मा दया भारद्वाज की पहाड़ी एलबम जयकारा देवा विजटा भी रिलीज की गई। समारोह में अपने संबोधन में सभी पुरस्कार प्राप्त विशिष्टजनों को बधाई देते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि हमेशा श्रम के प्रति आदर की भावना जागृत होनी चालिए यही सफलता और समृधि का मूल मंत्र है।

### यह 14 महानुभाव किए सम्मानित

**शंखनाद** मीडिया विशिष्ट सम्मान सिरमौर गौरव-2024 से 14 महानुभाव सम्मानित किए गए। इस मौके पर प्रशासनिक दक्षता में बीआर शर्मा, अतिरिक्त शिक्षा निदेशक प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश, बहादुर सिंह शर्मा... कृषि एवं बागवानी, सुरेंद्र कुमार सैनी समाजसेवा, डॉ. मनमोहन चिकित्सा सेवा, जोगिंदर सिंह ठाकुर कार्य दक्षता, पवन ममगाई शिक्षा संस्थान, सचिन चौहान शिक्षा सेवा, डॉ. सौरव शर्मा कृषि अनुसंधान पंडित रामदत्त शर्मा ज्योतिष अनुसंधान, आशु वर्मा पत्रकारिता सेवा, संजय कंवर समाजसेवा एवं लेखन, राजन कुमार शर्मा आपदा प्रबंधन सेवा, चेतना सिंह पर्यावरण एवं शिक्षा, प्रीति चौहान इलेट्रॉनिक मीडिया, सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्था रोटरी क्लब नाहन शामिल हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अहान और समर्थ को फेनेस्टा ओपन में जूनियर वर्ग के खिताब

**नई दिल्ली।** ओडिशा की अहान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों के अंडर-16 और अंडर-14 वर्ग में एकल खिताब जीते, जबकि गुजरात के समर्थ साहिता ने लड़कों के अंडर-16 वर्ग में एकल खिताब अपने नाम किया। अहान ने अंडर-16 वर्ग में तीन घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या जाधव को 7-5, 2-6, 6-1 से हराया। इसके बाद उन्होंने अंडर-14 वर्ग में महाराष्ट्र की पार्थसारथी मुंधे को 6-4, 6-3 से हराकर दोहरा खिताब जीता। दूसरी तरफ समर्थ ने लड़कों के अंडर-16 फाइनल में केरल के करण थापा को 6-3, 6-4 से पराजित किया।

### गोल्फ : अदिति अशोक शंघाई टूर्नामेंट में संयुक्त 55वें स्थान पर

**शंघाई।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर के साथ रविवार को यहां एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने टूर्नामेंट के चार दौर में 71, 72, 69 और 75 के स्कोर से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। चीन की रुओनिंग यिन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से खिताब जीता। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा। एलपीजीए पर यह यिन के करियर की चौथी जीता है। यिन तीसरे दौर के बाद जापान की माओ सेइगो से एक शॉट पीछे थी लेकिन चौथे और अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन की बदौलत खिताब जीतने में सफल रही। सेइगो ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया और वह दक्षिण कोरिया की सेई यंग किम (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। ये दोनों 19 अंडर 269 के स्कोर के साथ यिन से छह शॉट पीछे रहीं।



### बॉलीवुड एक्ट्रेस से कम नहीं हरलीन देओल

**नई दिल्ली।** भारत की युवा बल्लेबाज हरलीन देओल को उनके करियर के शुरू होते ही महिला खेल जगत की सबसे सुंदर खिलाड़ियों में गिना जाने लगा। हरलीन ने 2019 में भारत के लिए अपना डेब्यू किया था। हरलीन देओल घरेलू क्रिकेट में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम से खेलती हैं। हरलीन देओल स्टाइलिश महिला क्रिकेटर हैं और सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। हरलीन देओल अपनी फिटनेस का पूरा ध्यान रखती हैं।



### टेक्सास में युवा क्रिकेटरों को गुर सिखाएंगे सचिन तेंदुलकर

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है। तेंदुलकर ने कहा, ''क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है।'' उन्होंने कहा,''मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।'' राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी के महत्व के बारे में कहा,''यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा है। सचिन जैसे व्यक्ति का इन युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना बहुत मायने रखता है।''



महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप | इंग्लिश टीम ने10 ओवर शेष रहते स्कॉटलैंड को 10 विकेट से दी करारी शिकस्त

# इंग्लैंड की एकतरफा जीत

**एजेंसी, शारजाह**

इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को यहां महिला टी-20 विश्व कप में स्कॉटलैंड को 10 विकेट से रौंद दिया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की संभावनाओं को मजबूत किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी। इसके जवाब में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचियर और डैनी वाट हॉज ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों ने महज 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर कर टीम का नेट रन रेट भी बढ़ा दिया।

बाउचियर ने पारी की शुरुआत में कई बाउंड्री लगाई और शुरुआत में ही उन्हें जीवनदान भी मिला। वह 34 गेंद पर 62 रन बनाकर नाबाद रहीं जबकि वाट हॉज 26 गेंद में 51 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन (चार ओवर में 13 रन देकर दो विकेट) दिन की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। स्कॉटलैंड के लिए सारा ब्रायस (31 गेंद में 27 रन) और कैथरीन ब्रायस (28 गेंद में 33 रन) ने भी अच्छा योगदान दिया, लेकिन टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली इन दोनों का प्रदर्शन टीम के काफी नहीं रहा। मैच शुरू होने से पहले इंग्लैंड की टीम तालिका में तीसरे स्थान पर थी।



स्कॉटलैंड की खिलाड़ी को आउट करने के बाद खुशी मनाती इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम।

## रेणुका सिंह ने ऑस्ट्रेलिया को दिए शुरुआती झटके

**एजेंसी, शारजाह**

भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप-ए मैच में ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटके दिए। रेणुका सिंह ठाकुर ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट चटकाए। रेणुका ने पारी के तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर बेथ मूनी (2) और पांचवीं गेंद पर जॉर्जिया वेयरहेम (0) को अपना शिकार बनाया। समाचार लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने 11 ओवर तक 2 विकेट खोकर 71 रन बना लिए थे। भारतीय टीम ने अंतिम एकादश में एक बदलाव करते हुए एस सजना की जगह पूजा वस्त्राकर को शामिल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दो बदलाव करते हुए ग्रेस हैरिस और डार्सी ब्राउन को अंतिम एकादश में जगह दी।



## भारत ने एशियाई **टेबल टेनिस** चैंपियनशिप में जीते तीन पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान)**

भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है।

पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई।

भारतीय जोड़ी को इस तरह से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह पहला अवसर है जबकि भारत ने महिला युगल में पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को हराकर पदक पक्का किया था। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले टीम स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गईं थी, लेकिन अंतिम चार में पहुंचकर उसने अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया था।

यह प्रतियोगिता 1972 में शुरू हुई थी, जिसके बाद यह पहला मौका था जबकि भारत ने महिला टीम स्पर्धा में पदक जीता। पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई, लेकिन अंतिम-4 में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही।



अयहिका और सुतीर्था मुखर्जी

## मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है: सैमसन

**एजेंसी, हैदराबाद**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर की क्रिकेट में दबाव और असफलताओं के साथ जीना सीख लिया है तथा उन्होंने टीम प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें विषम परिस्थितियों से बाहर निकलने और खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दिया।



सैमसन ने अपनी योग्यता के साथ पूरा न्याय करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा, लेकिन इससे पहले का उनका सफर अच्छा नहीं रहा था। वह श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थ, जबकि बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती दो मैच में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। सैमसन ने कहा,''श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता नहीं खोलने के बाद मुझे अगली सीरीज में मौका मिलने को लेकर थोड़ा संदेह था, लेकिन उन्होंने (कोचिंग स्टाफ और कप्तान) मुझ पर भरोसा बनाई रखा। वे कहते रहे कि वे समर्थन करना जारी रखेंगे।''

इस 29 वर्ष के खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि भारत की तरफ से खेलते हुए आप दबाव से मुक्त नहीं हो सकते।

उन्होंने कहा,''मुझे लगता है कि एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मानसिक रूप से आप बहुत कुछ झेलते हैं, खासकर इस प्रारूप (टी20) में, लेकिन मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है। मुझे लगता है कि इसका काफी श्रेय ड्रेसिंग रूम, नेतृत्व समूह, कप्तान और कोच को जाना चाहिए जिन्होंने मेरा समर्थन करना जारी रखा।''

## वाशिंगटन ने पंड्या और रियान को पीछे छोड़कर 'इम्पैक्ट फील्डर' पुरस्कार जीता

**एजेंसी, हैदराबाद**

भारत के युवा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी-20 सीरीज में शानदार क्षेत्ररक्षण करने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का 'इम्पैक्ट फील्डर' पुरस्कार हासिल किया। वाशिंगटन ने इस पुरस्कार की दौड़ में हार्दिक पांड्या और रियान पराग को पीछे छोड़ा। भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने वॉशिंगटन के क्षेत्ररक्षण में उत्कृष्ट सुधार की सराहना की और कहा कि वह क्षेत्ररक्षण करते समय एक अलग तरह के खिलाड़ी नजर आए।



भारत ने संजू सैमसन के बेहतरीन शतक की मदद से बांग्लादेश को शनिवार को यहां खेले गए तीसरे मैच में 133 रन से हराकर टी-20 सीरीज 3-0 से जीती।

दिलीप के दावेदार नंबर एक पांड्या थे। क्षेत्ररक्षण कोच ने मैदान पर उनकी ऊर्जा की तुलना 'टॉप गियर में फॉर्मूला वन कार' से की। पराग किसी मुश्किल कैच को भी बेहद आसान बनाने के कारण दूसरे नंबर के दावेदार थे, लेकिन वाशिंगटन ने सीमा रेखा पर सटीक क्षेत्ररक्षण के दम पर इन दोनों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने सीरीज में तीन कैच लपके और केवल पांच रन प्रति ओवर की शानदार इकॉनमी रेट के साथ गेंदबाजी की।

वाशिंगटन ने जितेश शर्मा से पदक हासिल करने के बाद कहा,''यह सचमुच हैरानी भरा लगता है। मैं जब भी मैदान पर होता हूं तो अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का प्रयास करता हूं। स्थिति कैसी भी हो प्रत्येक खिलाड़ी मैदान पर अपना योगदान दे सकता है।''

## भारत करेगा जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने भारत को अगले साल होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया। महासंघ के अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने कहा कि अगर भारत निकट भविष्य में और अधिक बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी करने का इच्छुक है तो खेल की वैश्विक संचालन संस्था उसका समर्थन करेगी।

आईएसएसएफ प्रमुख ने कहा, ''भारत न केवल अपने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ बल्कि खेल के बुनियादी ढांचे और पहुंच का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से भी निशानेबाजी की दुनिया में एक महत्वपूर्ण शक्ति बना हुआ है।''

## त्रिवेणी किंग्स ने जीसीएल खिताब बरकरार रखा

**एजेंसी, लंदन**

त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने पीबीजी अलास्कन नाइट्स को हराकर टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल)खिताब बरकरार रखा।

त्रिवेणी ने ईरानी मूल के फ्रेंच ग्रैंडमास्टर अलीरजा फिरोजा की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनीश गिरी की कप्तानी वाले नाइट्स को सफेद मोहरों से खेलते हुए 9-7 से हराया। वहीं काले मोहरों से 13-7 से जीत दर्ज की। पूर्व महिला विश्व चैंपियन अलेक्जेंड्रा कोस्तेनियुक ने निर्णायक मैच में शानदार खेल दिखाते हुए तान झोंग्यी को हराया। फिरोजा ने गिरी को मात दी, जबकि तैमूर रादजाबोव और शखरियार मामेदियारोव की बाजी ड्रॉ रही। त्रिवेणी के जावोखिर सिंदारोव और भारत के निहाल सरीन ने भी ड्रॉ खेला जबकि वालेंटिना गुनिना और एलिना के का मुकाबला भी ड्रॉ रहा।



## सिनर ने जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स खिताब जीता

**एजेंसी, शंघाई**

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाए जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया। जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे।

जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाए हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं।

वहीं महिलाओं के वुहान ओपन फाइनल में दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेका का सामना सातवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब हासिल करने का प्रयास कर रही हैं जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रही कोको गॉफ को 1-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त देकर जबकि पेरिस ओलंपिक की चैम्पियन किनवेन ने 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



यानिक सिनर

फुटबॉल | स्पेन नेमार्टिन जुबिमेन्डी के गोल से डेनमार्क को 1-0 से दी मात

# रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल

**एजेंसी, बार्सिलोना**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था।

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं, उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है, जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया, लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप-ए में तीन मैचों में 9 अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है।

UEFA NATIONS LEAGUE

उसने जगरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन जुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन स्पेन के ग्रुप-ए में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं। डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।



## भारत ने मैत्री मैच में वियतनाम से खेला ड्रा

**नाम दिन्ह (वियतनाम)।** भारत ने वियतनाम के खिलाफ रोमांच से भरे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच में वियतनाम को 1-1 से बराबरी पर रोका जिससे टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज का पहली जीत का इंतजार बढ़ गया। वियतनाम ने हनोई से लगभग 100 किमी दूर थिएन ट्रूंग स्टेडियम में 38वें मिनट में गुयेन होआंग डुक के गोल से बढ़त बनाई। भारत की तरफ से फारुख चौधरी ने 53वें मिनट में बराबरी का गोल किया। मार्केज के मुख्य कोच बनने के बाद भारत ने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें से दो मैच उसने ड्रॉ कराए जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। भारत ने पिछले महीने हैदराबाद में इंटरकांटिनेंटल कप में मॉरीशस के खिलाफ ड्रॉ खेला, लेकिन वह सीरिया से 0-3 से हार गया था। वियतनाम फीफा रैंकिंग में 116वें स्थान पर है और इस तरह से भारत (126वें) से 10 स्थान ऊपर है।